हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 12.07.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 348 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

कैबिनेट : डीए में छह फीसदी की बढ़ोत्तरी

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से सात अगस्त तक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से शुरू होगा। यह सत्र सात अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल पांच कार्यदिवस होंगे। शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इसकी स्वीकॉति दी गई। कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 6 फीसदी की वृद्धि की गई। महंगाई भत्ता को 246 फीसदी से बढ़ाकर 252 फीसदी कर दिया गया। इसके तहत राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।

वहीं राज्य सरकार के पेंशनधारियों व पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में दिनांक एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई। राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (पंचम वेतनमान) में जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।

सभी थानों के लिए दो और चार पहिया वाहनों की खरीद की स्वीकृति

कैबिनेट की बैठक में सभी थानों के लिए 1697 दो पहिया वाहन और 1255 चारपहिया वाहनों की खरीद की स्वीकृति दी गई। दो पहिया वाहनों में टीवीएस अपाची और चार पहिया वाहनों में बलेरो की खरीद की जाएगी। चार पहिया वाहनों की खरीद में 126.38 करोड़ और दो पहिया वाहनों की खरीद में 20 करोड़ 41 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रति बलेरो की खरीद नौ लाख 59 हजार और प्रति टीवीएस अपाची की खरीद एक लाख 14 हजार 573 रुपए में की जाएगी।

एकीकृत पेंशन स्कीम के संचालन की स्वीकृति

मंत्रिपरिषद की बैठक में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन स्कीन के संचालन की स्वीकृति दी गई। इसके तहत जिन्होंने औल्ड पेंशन स्कीम को नहीं चुना हैं, वे इस पेंशन को चुन सकते हैं। इसमें राज्य सरकार का अंशदान 18.5 फीसदी रहेगा। झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों का प्रत्यर्पण एवं स्वीकृति दी गई इसमें 318 प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। 130 पद लेवल सात के और 17 पद लेवल आठ के होंगे।

शराब बिक्री के लिए दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा

झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली, 2022₹ के तहत राजस्वहित में अल्पकालीन वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके तहदत नई खुदरा उत्पाद नीति के तहत खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन प्रारम्भ होने तक श्रम, विभाग द्वारा निर्धारित दर के आलोक में दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा प्राप्त कर झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन होगा।

अनटाइड फंड की मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति

जिला योजना अनाबद्ध राशि के भुगतान की मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति दी गई। पहले योजना के निर्माण कार्य में मरम्मत और जीणोद्धार की राशि का प्रावधान नहीं था। अब जिलों को मिलने वाली राशि में 30 फीसदी राशि पुरानी योजना के मरम्मत व जीर्णोद्धार में खर्च होगा।कैबिनेट की बैठक में संस्था निबंधन नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गई। इसके तहत 2014 से संस्थाओं का ऑनलाइन निबंधन किया जा रहा है। इसे नियमावली में समाहित करने की स्वीकृति दी गई। संपूर्ण भारत के लिए 3000 रुपए, झारखंड के लिए 2000 रुपए संस्था के सर्त में परिवर्तन के लिए 1000 रुपए और केंद्र और राज्य सरकार की संस्था को निबंधन के लिए 50 रुपए शुल्क देना होगा। किसी भी डिस्प्यूट मामले की सुनवाई आइजी रजिस्ट्रेशन करेंगे।

कैबिनेट के अन्य फैसले

- कुमारिया से संग्रामपुर सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।
- सिल्ली के रंगा माटी सड़क परियोजना के लिए 32 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।
- 2021 से अनुपस्थित रहने के कारण डॉक्टर अभिनित सिद्धार्थ और 2018 से अनुपस्थित रहने के कारण डॉक्टर नेहा सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।
- जमशेदपुर के सिविल सर्जन रहे डॉक्टर अरविंद कुमार लाल की सेवा से बर्खास्तगी का फैसला वापस ले लिया गया है। हाईकोर्ट ने डॉक्टर लाल के पक्ष में फैसला दिया था।
- यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने का मार्ग प्रशांत हो गया। केंद्र सरकार के फैसले के आलोक में झारखंड सरकार ने भी अपने यहां इस विकल्प को चुनने का फैसला किया।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के सृजित 465 पदों में से 318 पद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के लिए कर्नांकित किया गया।
- पीएम कृषि सिंचाई योजना के तहत चार संस्थाओं के साथ एमओयू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे को अर्पित की श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ समाजवादी नेता स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत नेता के आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस अपूरणीय क्षति पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ददई दुबे जी का जीवन जनसेवा और सिद्धांतों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान झारखंड के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा।मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल एवं धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

चंद्रशेखर दुबे झारखंड (तत्कालीन बिहार) की राजनीति में एक प्रमुख समाजवादी चेहरा रहे हैं। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े रहे और राज्य सरकार में मंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। जनता के मुद्दों को मुखरता से उठाने के लिए वे सदैव जाने जाते रहे। सामाजिक न्याय और गरीबों के हक के लिए उनका संघर्ष प्रेरणास्पद रहा है।

इस अवसर पर कई मंत्रीगण, विधायक, राजनीतिक नेता, पार्टी कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत नेता के योगदान को याद करते हुए उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।

देवघर : सावन के पहले दिन ही बाबा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

देवघर : पवित्र सावन का महीना शुक्रवार 11 जुलाई से शुरू हो गया। इसके साथ ही देवघर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में कांवरियों के जल चढ़ाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सुल्तानगंज स्थित उत्तर वाहिनी गंगा का जल लेकर कांवरिये 105 किलोमीटर की कठिन यात्रा कर बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। मंदिर प्रांगण से लेकर पूरे रूट लाइन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन ही बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। अहले सुबह से ही मेला की सारी गतिविधियों की मॉनिटरिंग खुद जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी अजित पीटर डुंगडुंग कर रहे हैं। सावह के पहले दिन ही बाबा नगरी भगवा मय हो गई। बाबा मंदिर में आस्था का जनसैलाब शुक्रवार से उमड़ना शुरू हो गया है। सभी श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सुलभ जलार्पण कर रहे हैं। शुक्रवार से बाबा मंदिर में भक्तों से दूर होकर बाबा बैद्यनाथ अरघा के माध्यम से जल को स्वीकार कर रहे हैं। सरकार के मिल रही सुविधाओं का श्रद्धालु सराहना कर रहे हैं।

एक नजर

राजस्वकर्मी बीस हजार घूस लेते गिरफ्तार

गिरिडीह : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने शुक्रवार को गिरिडीह के गांवा अंचल के घूसखोर राजस्वकर्मी आलोक कुमार को 20 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी के नेतृत्व मे धनबाद एसीबी कि टीम ने इस दौरान घूसखोर कर्मी आलोक कुमार को उसके आवास से उस समय दबोचा जब वह शिकायतकर्ता राजू यादव से जमीन म्यूटेशन के नाम पर 20 हजार रुपये ले रहा था। राजस्वकर्मी ने राजू यादव से 50 हजार रुपये की मांग की थी और मांगे गए घूस की पहली किस्त 20 हजार देना तय हुआ। शिकायतकर्ता राजू यादव भी कर्मी के बुलाए स्थान पर 20 हजार देने पहुंचा। इस दौरान पहले से तैयार एसीबी टीम ने 20 हजार नकद लेते हुए दबोच लिया।

गंडक में डूबे पांच बच्चे, 2 सगे भाइयों की मौत

बगहा : बिहार के बगहा में गंडक नदी में शुक्रवार दोपहर में नहाने गये पांच बच्चे डूब गये। इससे वहां अफरातफरी मच गई। घाट पर खड़े लोगों ने शोर मचाया तो स्थानीय लोगों व गोताखोरों के सहयोग से तीन बच्चों को नदी से निकाल लिया गया। लेकिन दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। दोनों के शव गोताखोरों ने मशक्कत कर निकाल लिये। इसमें से तीन बच्चों को लोगों ने आननफानन में अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने रतनमाला के वार्ड-32 के मो. असरफ का पुत्र मो. अरशद व (12) व मो. अफसर (11) को मृत घोषित कर दिया। वहीं असरगर अली के पुत्र बहसान अली (8)का इलाज चल रहा है। डॉ. एसपी अग्रवाल ने बताया कि तीन बच्चों को अस्पताल लाया गया था। उसमें दो की मृत्यु हो चुकी थी।

बलूचिस्तान में 9 बस यात्रियों की अपहरण के बाद हत्या, पहचान पत्र देखकर मारी गोली

एजेंसी

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार शाम कुछ हथियारबंद लोगों ने बस में सवार 9 यात्रियों को अगवा कर उनकी हत्या कर दी । बोलिचस्तान के सरकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को सुबह इस घटना की आधिकारिक पुष्टि की है। जिसमें बताया गया कुछ हथियारबंद लोगों ने अलग-अलग बसों को रोककर उसमें से यात्रियों को उतार। हालांकि किसी भी समूह ने अबतक इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

बलूचिस्तान प्रांत के सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार, मारे गए 9 यात्रियों को गुरुवार शाम अलग-अलग बसों ने उतारकर उनका अपहरण किया गया था। जिसके बाद हमलावर उन्हें पास की पहाड़ी पर ले गए जहां, गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। वहीं, एक अन्य सरकारी अधिकारी नावेद आलम का इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बयान आया है। उनसे मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की शव गुरुवार रात को ही बरामद कर लिया गया था। यात्रियों का शव रात के समय पहाड़ी पर मिला, सभी मृतकों के शरीर में गोलियो के निशान मिले हैं।

पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर की मौत, 9 महीने बाद मिला शव

करांची : पाकिस्तानी अभिनेत्री हुमैरा असगर 8 जुलाई, 2025 को अपने कराची स्थित फ्लैट में मृत पाई गईं। युवा अभिनेत्री का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला था। उनके मकान मालिक द्वारा किराया न चुकाने की शिकायत दर्ज कराने के बाद ही उनके शव का पता चला। जांच के बाद, पुलिस अधिकारियों को कुछ चौंकाने वाले विवरण मिले। अभिनेत्री अकेली रहती थी और उसकी मंजिल पर कोई अन्य रहने वाला नहीं था। हुमैरा असगर का घर पूरी तरह से बंद था, और सिर्फ बालकनी का दरवाजा खुला रह गया था, जिससे उनके शव की सड़ांध की गंध छिपी रही होगी, जैसा कि अरब न्यूज की एक रिपोर्ट में बताया गया है।

नारायणपुर में 37 लाख रुपये से ज्यादा के 22 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

छत्तीसगढ़ : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन और मुठभेड़ में मारे जाने के डर से 22 और नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले सभी 22 नक्सली अबूझमाड़ इलाके में एक्टिव थे। इनमें 14 पुरुष और 8 महिला नक्सली शामिल हैं। इन नक्सलियों पर 37 लाख रुपये का इनाम था। मॉनसून के दौरान भी फोर्स का ऐक्शन जारी है। फोर्स के साथ मुठभेड़ में मारे जाने के डर से नक्सलियों में भारी दहशत है।मिली जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी जब अबूझमाड़ के 22 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के सामने हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर कर दिया। इन सभी पर 37 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वालों में कुतुल ऊश्उट सुखलाल भी शामिल है। सरेंडर के अवसर पर नारायणपुर एसपी रॉबिंसन गुड़िया के साथ सीआरपीएफ के अफसर मौजूद रहे। दो दिन पहले दंतेवाड़ा जिले में एसपी के सामने 9 इनामी सहित 12 नक्सलियों ने सरेंडर किया था, जिसमें एक माओवादी दंपती भी शामिल था।

मॉनसून में भी चल रहा ऑपरेशन बता दें कि पिछले महीने 22 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर आए थे। उन्होंने कहा कहा था कि नक्सलियों को इस बार बरसात में भी सोने नहीं देंगे। बारिश के दिनों में भी उनके खिलाफ एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी रहेगा। केंद्रीय गृहमंत्री के इस संदेश के बाद छत्तीसगढ़ में पहली बार मॉनसून के दौरान भी एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। बता दें कि, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से मार्च-2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय की है।

दबाव में बैकफुट पर नक्सली संगठन

बस्तर संभाग में सीआरपीएफ, स्पेशल टॉस्क फोर्स, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स, बस्तर फाइटर, कोबरा बटालियन, डीआरजी और पुलिस बल का जॉइंट ऑपरेशन चल रहा है। बस्तर संभाग के जिलों नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और कांकेर में लगातार नक्सल ऑपरेशन चल रहे हैं। बीहड़ जंगलों में फोर्स के कैंप खुलने से माओवादी संगठन बैकफुट पर हैं। हाल की मुठभेडों में केंद्रीय स्तर के कई नक्सली नेता मारे गए हैं, जिन पर करोड़ों रुपये के इनाम थे।

'लोन वरार्टू' में अब तक 1000 सरेंडर

इधर, दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के सरेंडर के लिए 'लोन वरार्टू' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 1000 हजार नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। लोन वरार्टू अभियान जून 2020 में शुरू हुआ था। सरेंडर करने वालों में 249 इनामी नक्सली सहित 1005 माओवादियों सरेंडर कर चुके हैं।

अमित शाह ने यमुना के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने का दिया निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यमुना की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिकारियों को यमुना के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता 2028 तक 1500 एमजीडी तक बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने सभी एसटीपी से निकलने वाले पानी की थर्ड पार्टी क्वालिटी टेस्टिंग अनिवार्य करने का निर्देश दिया, ताकि जल की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

अमित शाह ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय में यमुना नदी के पुनरुद्धार को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा संबंधित मंत्रालयों और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक्शन मोड में काम करना चाहिए। दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए निरंतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। दिल्ली के अलावा, अन्य राज्यों से भी कचरे के माध्यम से रसायन यमुना नदी में आ रहे हैं इसलिए इन सभी राज्यों को यमुना नदी की सफाई के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

अमित शाह ने नजफगढ़ और शाहदरा के मुख्य नालों में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड में सुधार के लिए एक्शन मोड पर काम करने पर जोर दिया। अमित शाह ने दिल्ली के दो मुख्य नालों, नजफगढ़ और शाहदरा नालों का ड्रोन सर्वेक्षण कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नदियों की सफाई के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अलावा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन का बजट बढ़ाने की भी आवश्यकता है।

विषैले सांप के डंसने से विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार सहित तीन की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : पलामू जिले में विषैले सांप के डंसने से दो नाबालिग बच्चों समेत तीन की मौत हो गयी। दोनों नाबालिग बच्चे डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार बताये गए हैं। सांप डंसने की दोनों घटनाएं चैनपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार रात हुई।

नरसिंहपुर पथरा गांव में करैत सांप के डंसने से प्रेम प्रसाद चौरसिया के दो पुत्र देव प्रसाद चौरसिया (10) तथा अर्जुन कुमार चौरसिया (8) की मौत हो गयी। पिता का इलाज चल रहा है। तीनों को सोये अवस्था में सांप ने डंसा। बेहोशी की हालत में तीनों को इलाज के लिए पहले एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सतबरवा के तुम्बागाड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी।

दूसरी घटना बसडीहा गांव में हुई। यहां पति भिखारी भुइयां और उसकी पत्नी शकुंतला देवी को सांप ने डंस लिया। पत्नी की मौत हो गयी, जबकि पति का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, चैनपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग एमएमसीएच पहुंचे और घटना पर दुख व्यक्त किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दी गयी।

एक नजर

जनसंख्या नियंत्रित करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो. डॉ. कमला प्रसाद

हजारीबाग : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसका थीम बैलेंसिंग पोपुलेशन एंड रिसोर्सेज : ग्लोबल चैलेंज था। बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से सेवानिवृत्त पूर्व छात्र संकायाध्यक्ष सह पीजी भूगोल विभागाध्यक्ष रह चुके प्रोफेसर डॉ कमला प्रसाद ने कहा कि जनसंख्या को नियंत्रित करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षित लोग बढ़ती जनसंख्या से होनेवाली परेशानियों को बखूबी समझते हैं। सरकार जनसंख्या नियंत्रण के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उसे जीवन में अपनाने की जरूरत है। चूंकि बढ़ती जनसंख्या संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। बढ़ती आबादी खाद्यान्न, रोजगार, जलवायु समेत हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। पूरी दुनिया की आबादी पांच मिलियन पार कर रही है। ऐसे में 11 जुलाई 1989 को यूएनओ ने लोगों को तेजी से बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न होनेवाली समस्याओं के प्रति सचेत करने के लिए विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने वैश्विक समस्या जनसंख्या के नियंत्रण में युवाओं, महिलाओं आदि की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही बताया कि भारत विश्व की सर्वाधिक आबादी 1.46 अरब वाला राष्ट्र बन गया है। चीन 1.40 अरब आबादी के साथ दूसरे स्थान पर चला गया है।

विस्थापितों को मालिकाना हक दिलाने की कवायद शुरू

बरही : प्रखंड अंतर्गत श्रीनगर गांव में वर्षों से रह रहे विस्थापित परिवारों को मालिकाना हक दिलाने की दिशा में पहल शुरू की गई है। गुरुवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में हजारीबाग के डीएफओ मौन प्रकाश और डीवीसी (दामोदर वैली कॉर्पोरेशन) की विशेष टीम ने गांव का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने बताया कि विस्थापित परिवार मूल रूप से हड़ाही ग्राम के रहने वाले थे, जो लगभग 70 साल पहले वहां से विस्थापित होकर श्रीनगर गांव में आकर बसे थे। इतने वर्षों से ये लोग यहां रहकर अपनी आजीविका चला रहे हैं, लेकिन अब तक इन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल सका है। डीवीसी की टीम कोलकाता से आकर पूरे गांव का सर्वेक्षण कर रही है, ताकि विस्थापितों को उनके अधिकार मिल सकें। निरीक्षण के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विस्थापितों को मालिकाना हक दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

एलसी में अंडरस्टैंडिंग लीगल रिसर्च पर कार्यक्रम हुआ आयोजन

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में शुक्रवार को 'अंडरस्टैंडिंग लीगल रिसर्च' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य डॉ रश्मि प्रधान ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हृदयतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर की सुश्री खुशी कल्याणी गौतम ने विस्तार से विधि के अध्ययन के अंतर्गत शोध की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के अंतर्गत आकर्षक स्लाइड से अपने प्रस्तुति को बहुत रोचक बनाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में विधि के बदलते आयाम के साथ-साथ इस क्षेत्र में निरंतर और व्यापक शोध हो रहे हैं। सुश्री खुशी ने इस मौके पर शोध के लिए विषयों के चयन के महत्व को भी रेखांकित किया। उद्देश्यों की स्पष्टता की बात कही।

शेफाली गुप्ता की पहल से जुड़ा आस्था और विकास का सेतु

श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग को मिली मंजूरी, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : जब एक महिला कदम बढ़ाती है, तो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक पूरा समाज आगे बढ़ता है। हजारीबाग से देवघर के बीच नई ट्रेन सेवा की शुरूआत, केवल एक रेल का शुभारंभ नहीं है – यह उस सोच की शुरूआत है जिसमें हजारीबाग के हर नागरिक के सपनों को पंख मिलेंगे। श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाने की भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के मांग को मंजूरी मिली। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शेफाली गुप्ता की पहल से श्रावणी स्पेशल ट्रेन की शुरूआत हुआ है। हजारीबाग से देवघर तक सीधा रेल संपर्क बहाल किया गया है। जिस धरती ने संघर्ष और साधना से नेतृत्व को जन्म दिया, वहीं से अब एक नया युग आरंभ हो रहा है – एक ऐसा युग जहाँ हर गांव, हर युवा और हर महिला को अवसर मिलेगा आगे बढ़ने का। उनका यह कदम साबित करता है ,की केवल वो समाजसेविका नहीं है बल्कि एक जननायिका के रूप में उभर रही हैं – जो समझती हैं जमीन की आवाज, और जानती हैं कि बदलाव की असली गूंज पटरियों पर नहीं, लोगों के दिलों में होनी चाहिए। इस उद्घाटन में हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि जब संकल्प और सहयोग साथ चलते हैं, तब विकास की गति दोगुनी हो जाती है। शेफाली का यह कदम केवल यात्रा की शुरूआत नहीं, बल्कि राजनीति में एक नयी सोच की दस्तक है – एक ऐसी सोच जो वादों से नहीं, कार्यों से नेतृत्व करती है। हजारीबाग आज गर्व महसूस करता है और आने वाला कल गवाही देगा कि इस हरि झंडी के साथ एक सुनहरे भविष्य की शुरूआत हो चुकी है।

जनता दरबार का हुआ आयोजन, डीसी ने मौके पर ही दिए कई मामलों में कार्रवाई के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने की। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से आए 25 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं। समस्याओं में मुख्यतः पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा,अबुआ आवास, म्यूटेशन,मुआवजा, राशन कार्ड एवं व्यक्तिगत उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से भेंट की तथा उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में उन्होंने तत्काल टेलीफोन के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। हरिहर

प्रजापति, ग्राम बोंगा, इचाक गैरकानूनी तरीके से हड़पी गई जमीन को पुनः प्राप्त कर चहारदीवारी कराने का अनुरोध। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, बरही को अपर समाहर्ता के साथ समन्वय कर भूमि की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। तैयब अंसारी, मौजा चरही, चुरचू पैतृक जमीन पर दुकान चलाने में दबंगों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विशेश्वर ठाकुर, सांढ, बड़कागांव अबुआ आवास योजना का गलत लाभ उठाने की शिकायत, जिसमें दूसरे के कच्चे मकान की फोटो दिखाकर लाभ लेने की बात कही गई। उपायुक्त ने इस प्रकरण की गंभीर जांच का आदेश उप विकास आयुक्त को दिया तथा शिकायत पुष्ट होने पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। गांधारी महतो, ग्राम बड़वार, दारू प्रखंड पीएम आवास के सामने रास्ता बंद किए जाने से वर्षा जल घर में घुसने व आवाजाही में बाधा की शिकायत। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को तत्काल जांच कर समाधान करने तथा अपर समाहर्ता से विमर्श कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया अपनी भूमि के मुआवजे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को आवेदन का समुचित परीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। शिखा राणा, बालिका खिलाड़ी शूटिंग खेल के लिए रायफल उपलब्ध कराने का अनुरोध। शिखा के राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल विजेता होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने खेल निदेशक से टेलीफोन पर वार्ता कर त्वरित सहयोग का अनुरोध किया तथा बालिका को निदेशक से भेंट हेतु चिट्ठी के साथ रांची जाकर मिलने की सलाह दी।

ददई दुबे के निधन से मजदूरों ने अपना एक मसिहा खो दिया : निसार

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान ने पूर्व सांसद व इंटक के वरिष्ठ नेता ददई दुबे के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है । खान ने अपने शोक संदेश में कहा कि दुबे जी के निधन से मजदूरों ने अपना एक मसिहा खो दिया है । उन्होंने कहा कि दुबे जी मृदुभाषी, मिलनसार, कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी थे । इनके निधन से कांग्रेस की बड़ी क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नहीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठीन घड़ी इनके परिजनो को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करने कि प्रार्थना की है।

विधायक ने थाना प्रभारी से की मुलाकात चोरी पर लगाम लगाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : बीते कुछ महीनों में बरही और चौपारण क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है, और यह चिंता का विषय है कि पुलिस प्रशासन इन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में विफल रहा है। जानकारी मिली है कि इन चोरियों के पीछे मुख्य रूप से नशाखोरी में संलिप्त लोग हैं। यह बेहद जरूरी है कि पुलिस उन गिरोहों का पर्दाफाश करे जो हमारे युवाओं को नशे के दलदल में धकेल रहे हैं। नशा परोसने वाले इन अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए। बीते रात्रि, बरही विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान जी के आवास पर हुई दिनदहाड़े चोरी की घटना ने स्थिति की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। यह दिखाता है कि अपराधी बेखौफ

होकर प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी निशाना बना रहे हैं। विधायक मनोज कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और बरही थाना प्रभारी से मिलकर इन घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाने और संलिप्त लोगों को पकड़ने की बात कही। पुलिस प्रशासन, इस मामले को गंभीरता से संज्ञान लें और जल्द से जल्द आपराधिक घटनाओं में शामिल सभी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। हमारे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

रौशनलाल चौधरी की पहल से टूटी पुलिया का हुआ निर्माण, ग्रामीणों को मिली राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महुदी टोला सतबहिया डैम नाला पर शिवाडीह हेंदेगिर की मुख्य सड़क पर बना पुलिया भारी बारिश के कारण पूरी तरह से टूट गया था। जिसकी खबर प्रातः आवाज अखबार में पुख्ता से छपा था। टूटी पुलिया मामले को लेकर बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर बात रखी थी एवं पत्र भी लिखा था। और अंततः विधायक का पहला रंग लाया और पुलिया बनकर तैयार हो गया और अब सरपट गाड़ियां दौड़ने लगी है। गौरतलब है कि पिछले मूसलाधार बारिश से सतबहिया पुल पूरी तरह टूट कर बह गया था। जिसके

कारण कई पंचायत के लोगों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया था। जिसमें विशेष रूप से पलांडु, कुंदरू, चेलंदाग सहित दर्जनों गांव के लोगों का संपर्क सीधे प्रखंड मुख्यालय से टूट गया था।वहीं विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने एंव लोगों को आने जाने काफी परेशानी हो रही थी।स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे थे। विधायक के पहल पर आवागमन चालू होने पर आम जनता एवं स्कूली बच्चों में काफी खुशी देखी जा रही है। और सभी के द्वारा जनता विधायक रौशनलाल चौधरी का आभार जताया तथा इस कार्य में मेहनत करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया है। इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में मुख्य रूप से पूर्व वार्ड सदस्य सुरेंद्र महतो, समाज सेवा नारायण महतो का अहम सहयोग रहा।

निजीकरण के खिलाफ राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन मूलनिवासी कर्मचारी महासंघ ने जताई गहरी चिंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : देश भर में निजीकरण के खिलाफ एस सी एस टी ओर ओबीसी और धर्म परिवर्तित अल्पसंख्यक समाज के कर्मचारी संघ के बैनर तले माननीय राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार को हजारीबाग उपायुक्त महोदय के द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत किया ज्ञापन सपना का उद्देश्य यह है कि मूलनिवासी समाज अपनी पीड़ा, चिंता और स्पष्ट विरोध दर्ज कराती है कि देश में 100 में 90% शोषित है शोषितों ने ललकारा है धन धरती राजपाट में 90 भाग हमारा है इसको बचना सभी मूलनिवासी परिवार की नैतिक जिम्मेवारी है 85 % रहने के बावजूद भी यह मनुवादी सरकार सरकारी क्षेत्र को निजीकरण के क्षेत्र

में बदल रही है और एससी एसटी ओबीसी के युवाओं को निजीकरण करके नौकरी से वंचित कर रही है निजीकरण होने से बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छटनी शुरू हो गई है नई नौकरियां होनी चाहिए और सुरक्षा भी मिलनी चाहिए लेकिन निजीकरण होने से निजीकरण कंपनियों ने श्रमिकों को 8 घंटे के बदले 12 घंटे काम ले रही है इसकी भी संघ करती है और सरकारी न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दे रही है एवं संविदा और ठेका प्रथा के कारण कर्मचारियों के सारे हक अधिकार जो संविधान ने दिया वह उससे वंचित हो रहे हैं। कई वर्षों से जनता के पैसे से बने सरकारी संस्थाओं को कौड़ियों के दम पर बेचा जा रहा है उदाहरण के तौर पर हजारीबाग का जिला परिषद या केवल आर्थिक नीति नहीं एक राष्ट्रीय अपराध है सरकारी अस्पताल और स्कूलों के निजीकरण से गरीब और वंचित तबका वर्ग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे है जो वर्ग पहले ही पहले से ही हाशिए पर था इसके लिए निजी क्षेत्र कोई विशेष सुरक्षा या प्रतिनिधित्व नहीं देता। नौकरशाही का निजीकरण जनसेवा का जगह मुनाफा प्रेरित निर्णयों का जन्म देता है जिसके कारण निजीकरण की नीतियां मनुवादी सरकार जो अपना रही है उसे स्पष्ट होता है कि भविष्य में देश के संसाधनों पूजा पतियों का पूर्ण नियंत्रण स्थापित की योजना मोदी सरकार और अमित शाह हमेशा कर रहे हैं इसलिए मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ ज्ञापन के माध्यम से इसका घोर विरोध करती है। ज्ञापन सपने वाले जिला अध्यक्ष मूल निवासी अशोक कुमार दास, मूलनिवासी कल्याण महासंघ के महासचिव प्रदेश महासचिव ज्योति कुमार दास, मूल निवासी प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट निशांत कुशवाहा, रजनी वर्मा, अलका कुमारी, मूलनिवासी प्रदेश संगठन सचिव डॉक्टर भागवत राम अंबेडकर, मूल निवासी गणेश यादव, जिला प्रभारी बामसेफ दीपक दास, मूलनिवासी सचिव जिला अध्यक्ष बामसेफ धनेश्वर रजक, अमित कुमार भारती, प्रवीण प्रियदर्शी, प्रणव प्रियदर्शी, निखिल कुमार, सुनील रजक, बी रजक, अजीत कुमार दास, अजीत कुमार भारती, शशि कुमार कुशवाहा इत्यादि लोग शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

चतरा : विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने चतरा उपायुक्त कीर्ति से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत की जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जो विश्व की कुल जनसंख्या का लगभग 17.8 प्रतिशत है। इतनी विशाल जनसंख्या के कारण देश में संसाधनों पर अत्यधिक दबाव है और विकास की गति ऊंट के मुंह में जीरे के समान प्रतीत होती है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने ज्ञापन में यह भी कहा कि देश में जनसांख्यिकीय असंतुलन बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक समरसता पर खतरा मंडरा रहा है। एक वर्ग जहां एक या दो संतान की नीति अपना रहा है, वहीं कुछ समुदाय अंधाधुंध जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति पर चल रहे हैं, जो दीर्घकाल में भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता के लिए विघटनकारी साबित हो सकती है। जिला महासचिव सुभाष सिंह ने कहा कि, जनसंख्या नियंत्रण कानून सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व और मानवता की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में बसंत पांडे, रामेश्वर विश्वकर्मा, विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा, अमरेन्द्र सिंह, अनिल पाठक, अमित पांडे, कौशल मिश्रा, वीरेंद्र पांडे, विकास पांडे, बिनोद भोक्ता और बलबीर पासवान भी शामिल थे।

सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

चौपारण : नवभारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक गन्धर्व गौरव एवं प्राचार्या रीना पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन राकेश रंजन ने किया। कार्यक्रम में शीर्ष 10 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र, जबकि शीर्ष 20 विद्यार्थियों को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधक व प्राचार्या ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के पारिवारिक माहौल और शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों अमृता मैसी, पवन कुमार, मुकेश कुमार पाठक, आशीष पाण्डेय, शैलेन्द्र गुरु, अमित कुमार, मिथुन पाण्डेय, पूर्णिमा कुमारी एवं शंकर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रबंधक गंधर्व गौरव और प्राचार्या रीना पांडे द्वारा परस्पर प्रशंसा और बधाई के साथ हुआ, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में टीम वर्क और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक गंधर्व गौरव और प्राचार्या रीना पांडे ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जानकी यादव को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर अरुण साहू ने किया स्वागत

चौपारण : झारखंड सरकार द्वारा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी यादव को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अरुण साहू ने कहा कि जानकी यादव का राजनीतिक अनुभव, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और वर्षों की जनसेवा की यात्रा उन्हें इस पद के लिए पूर्णतः उपयुक्त बनाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि यादव जी के नेतृत्व में आयोग झारखंड के पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान की दिशा में सार्थक कार्य करेगा। साहू ने यह भी कहा कि यह नियुक्ति न केवल हजारीबाग जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि प्रदेश के उन सभी तबकों के लिए आशा की किरण है, जो वर्षों से न्याय और प्रतिनिधित्व की प्रतीक्षा में हैं। उन्होंने यादव को एक जननायक बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग आयोग और अधिक प्रभावी, संवेदनशील और जनोन्मुखी भूमिका निभाएगा।

इटखोरी और करनी गांव से 71 कांवरियों का जत्था रवाना, भद्रकाली मंदिर में लिया आशीर्वाद

इटखोरी : सावन माह के पवित्र अवसर पर इटखोरी और करनी गांव से कुल 71 कांवरियों का एक विशाल जत्था बाबाधाम देवघर के लिए शुक्रवार को रवाना हुआ। यात्रा की शुरुआत से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने इटखोरी स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक माता भद्रकाली

मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और रबोल बम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। जत्थे के सुबोध शर्मा ने बताया कि वे पूर्ण नियम और आस्था के साथ देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में सुबोध शर्मा, निरंजन पांडेय, बबलू बीईओ, बबलू, सूरज सर, सोनू स्टूडियो, टिंकू, राजेंद्र दांगी, रंजीत रंजन और रामजनम सहित कई अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। जत्थे के सदस्यों ने बताया कि वे शनिवार को सुल्तानगंज पहुंचकर गंगाजल उठाएंगे और वहां से लगभग 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू करेंगे। स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों ने सभी कांवरियों को भावभीनी शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा की सफलता व सुरक्षा के लिए मंगलकामनाएं प्रकट कीं।

सावन के पहले दिन पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सावन के पहले दिन राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में शुक्रवार तड़के सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। पहाड़ी मंदिर में जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ पर जल अर्पित कर सुख, समृद्धि की कामना की।

पहाड़ी मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। फूल-मालाओं से सजे मुख्य द्वार से लेकर मंदिर शिखर तक आस्था और सौंदर्य का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भीड़ को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराने के लिए प्रशासन ने इस बार तकनीक का सहारा लिया है। मंदिर के मुख्य द्वार के पास एलईडी स्क्रीन लगाई गई है ताकि लंबी कतारों में न लग पाने वाले श्रद्धालु भी पहाड़ी बाबा के दर्शन दूर से ही कर सकें।

सावन के पहले दिन तैयारियों का जायजा लेने रांची सदर के एसडीओ उत्कर्ष कुमार स्वयं पहाड़ी मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर और आस-पास के रास्तों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। एसडीओ ने बताया कि पहली सोमवारी तक शेष बची सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा। ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। पहाड़ी मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में कहीं अव्यवस्था न हो, इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और लगातार निगरानी की जा रही है। सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर के भीतर और बाहर पुलिस बल और विशेष रूप से महिला जवानों की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, स्वयंसेवी संस्थाएं और स्काउट-गाइड की टीम भी भक्तों की सेवा में जुटी हैं।

दूसरी ओर चुटिया सुरेश्वर धाम, रातू रोड शिव मंदिर, अपर बाजार शिवालय, कांके रोड स्थित शिवधाम, हरमू मंदिर, कोकर शिव मंदिर, धुर्वा बरियातू, बूटी मोड़ सहित अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ देखी गई। कई जगहों पर भक्तों ने पूरे परिवार के साथ पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सावन माह में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कई मंदिरों में लाउडस्पीकर से भक्ति गाने बजाए जा रहे थे, जिससे पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के ध्वनि से गुंजायमान हो गया था।

एक नजर

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पौधारोपण

रांची : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शुक्रवार को रांची साहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में दर्जनों पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि छात्रों और शिक्षकों के बीच पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी था। विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें नि:शुल्क प्राणवायु, जल, खनिज और अन्न प्रदान किया है, इसलिए हर मानव का कर्तव्य है कि वह प्रकृति के प्रति प्रेम और संरक्षण का भाव रखे। उन्होंने छात्रों से वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। छात्रों ने वृक्षों के महत्व, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और जैव विविधता को बचाने जैसे विषयों पर भी ज्ञान अर्जित किया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित धरती सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। विद्यालय परिसर को हराभरा करने के लिए विभिन्न प्रकार के छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज लाल, गोविंदराम कटरूका स्कूल की प्राचार्या डॉ. शिप्रा, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल की प्राचार्या शालिनी विजय और रांची साहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के उप सचिव सहित कई शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इंटर के छात्रों की समस्या के समाधान में राज्य सरकार पूरी तरह विफल : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

रांची : भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने राज्य सरकार पर इंटर के छात्रों की समस्याओं के समाधान में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले से जानती थी कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत डिग्री कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई को अलग करना है, फिर भी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में इंटर की पढ़ाई की वैकल्पिक व्यवस्था खड़ी नहीं की। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि मैट्रिक का परीक्षाफल प्रकाशित हुए डेढ़ महीना बीत चुका है, इसके बावजूद इंटर में नामांकन की समुचित व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। इंटर प्रथम वर्ष में नामांकन लेने वाले विद्यार्थी कॉलेज और विद्यालयों का चक्कर काट रहे हैं। वहीं, डिग्री कॉलेजों में इंटर द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं पढ़ाई बंद होने की स्थिति में असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण विद्यार्थी पढ़ाई की मांग को लेकर सड़क पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। राज्य में इंटर की पढ़ाई की स्थिति पूरी तरह अराजक हो चुकी है। डॉ. गोस्वामी ने सरकार से मांग की है कि वह अविलंब सभी मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए इंटर प्रथम वर्ष में नामांकन की व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक वर्ष तक उसी कॉलेज में पढ़ाई की व्यवस्था करे।

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (मैकेनिकल), चक्रधरपुर दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना संख्या: एमईसीएचसीकेपी-25-26-10; कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला कोचिंग डिपो के नामित ट्रेनों की मशीनीकृत कोच सफाई, पानी भरना, पैड लॉकिंग/अनलॉकिंग और डिपो परिसर की मशीनीकृत सफाई, 03 वर्षों की अवधि के लिए; **निविदा मूल्यः ₹ 4,60,53,445.05; बोली सुरक्षाः** ₹ 3,80,300.00; **निविदा दस्तावेज की लागतः** ₹ 10,000.00; **निविदा खोलने का स्थानः** वरिष्ठ डीएमई/सीकेपी, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 30.07.2025 को 15:00 बजे। निविदा वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल के तहत पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। **(PR-381)**

इंस्पेक्टर से डीएसपी बने छह अधिकारियों को आईजी ने लगाया बैच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड पुलिस के इंस्पेक्टर रैंक से प्रमोशन पाकर डीएसपी बने रांची जिला के नवप्रोन्नत छह अधिकारियों को बैच लगाया गया। डीआईजी सह रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा के दफ्तर में पीपिंग सेरेमनी के तहत सभी अधिकारियों को एक-एक कर डीएसपी रैंक का बैच लगाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गयी।

लोअर बाजार के थानेदार इंस्पेक्टर दयानंद, बरियातु थानेदार मनोज कुमार, अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक सिंह, इंस्पेक्टर विजय सिंह, महेश्वर प्रसाद रंजन और तलेश्वर प्रसाद कुशवाहा को रांची के आईजी मनोज कौशिक ने बैच लगाकर सम्मानित किया। इन अधिकारियों के कंधे पर लगे इंस्पेक्टर रैंक के बैच को हटाकर डीएसपी रैंक का बैच लगाया गया। उल्लेखनीय है कि झारखंड की कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बीते 25 जून कुल 64 पुलिस अधिकारियों को डीएसपी रैंक में प्रमोट किया था। उनमें से 23 अधिकारियों को बीते सात जुलाई को डीजीपी ने बैच लगाया था। वहीं, छह अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में चुनाव की तिथि घोषित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में हुई। जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी दो वर्षीय सत्र 2025-27 के लिए सम्मेलन के अध्यक्ष पद के चुनाव की तिथि तय की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चुनाव 27 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित आम सभा के दौरान कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए अशोक कुमार नारसरिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। यह जानकारी मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को प्रतिभा

सम्मान का आयोजन किया जाएगा। मौके पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने धनबाद में आयोजित नवम प्रांतीय अधिवेशन की सफलता पर सभी जिलों को धन्यवाद दी। उन्होंने संगठन की एकजुटता और सहभागिता की सराहना की। अग्रवाल ने समाज को संगठित, सशक्त और सेवा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। बैठक में सम्मेलन के कोषाध्यक्ष द्वारा विगत अवधि का आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने आगामी 12 जुलाई को होनेवाले प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम शनिवार को अपराह्न 3 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किया जाएगा।

झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन ने खेल सचिव से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : हाल ही में नासिक में आयोजित राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटी झारखंड फेंसिंग टीम के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने शुक्रवार को झारखंड के खेल सचिव मनोज कुमार से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चित आनंद, महासचिव जय कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, राजन, कोचगण और पदक विजेता खिलाड़ी उपस्थित थे। खेल सचिव ने टीम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार फेंसिंग खेल को प्रोत्साहित करने के

लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, सुविधाएं और आवश्यक संसाधनों की दिशा में सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान नासिक से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी - शिक्षा उरांव, सृष्टि कुमारी, अर्पण टोप्पो, सरस गाड़ी और ईशान तिर्की मौजूद थे। साथ ही कोच रामाशीष सिंह और रोहन ने भी अपने अनुभव साझा किए। एसोसिएशन ने राज्य में फेंसिंग खेल के विस्तार के लिए आवश्यक पहलुओं पर भी चर्चा की और आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा से खेल सचिव को अवगत कराया।

कॉलेज प्रशासन 11-12वीं में नामांकन फार्म फीस जल्द वापस करे : अजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग कॉलेज में नामांकन पर लिए गए फॉर्म फीस वापस करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार की प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि जब राज्य के विभिन्न कॉलेजों में 11वीं एवं 12वीं कक्षा में नामांकन प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। तो उन कॉलेजों को तत्काल प्रभाव से छात्रों की ओर से जमा की गई फॉर्म फीस वापस करनी चाहिए। राय ने कहा कि अनेक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए फार्म भरे थे। फीस भी जमा की थी। लेकिन जब नामांकन ही नहीं हो रहा है, तो यह छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ अन्यायपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि फॉर्म

फीस की वापसी से न केवल आर्थिक नुकसान की भरपाई होगी, बल्कि यह एक संवेदनशील और न्यायसंगत कदम भी होगा। अजय राय ने कहा कि फॉर्म फीस वापस कराना न केवल आर्थिक न्याय है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता और पारदर्शिता का प्रतीक भी होगा। उन्होंने राज्य के शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस मामले में तत्काल दिशा-निर्देश जारी करें और कॉलेजों को फॉर्म फीस लौटाने के लिए बाध्य करें, ताकि छात्रों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

महिलाएं एफपीओ गठित कर उठा सकती हैं मैचिंग इंसेंटिव का लाभ : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, लेकिन उन्हें मजबूत योजना और निरंतर सहयोग की दरकार है। मंत्री शुक्रवार को चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर आजीविका महिला संयुक्त संकुल प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की आमसभा को संबोधित कर रही थीं।

मंत्री ने रघुनाथपुर क्लस्टर की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां की महिलाएं अनुकरणीय कार्य कर रही हैं, लेकिन अभी भी काफी संभावनाएं बाकी हैं। उन्होंने जोर दिया कि जेएसएलपीएस के अधिकारियों को और बेहतर योजना बनानी होगी ताकि विकास की धारा ग्रामीण क्षेत्रों से होकर बहे। मंत्री तिर्की ने महिला समूहों को कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग और जेएसएलपीएस की ओर से संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सरकार की मदद से महिलाएं एफपीओ गठित कर मैचिंग इंसेंटिव का लाभ उठा सकती हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि गुमला की महिलाओं ने मड़ुआ उत्पादन को विदेश तक पहुंचाया है, जो महिला उद्यमिता की बड़ी सफलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार महिला समूहों को प्रसंस्करण यूनिट, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव जैसे सभी जरूरी क्षेत्रों में सहयोग करने को तैयार है, बशर्ते महिलाएं स्वयं आगे बढ़ें और रोजगार का चुनाव करें। सभा के दौरान बीते वर्ष की योजनाओं का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महिला समूहों के बीच ट्रैक्टर, बीज और बत्तख के चूजे वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, यास्मीन खातून, मालती देवी, शिव उरांव, शाहिदा खातून, प्रमिला उरांव, जया कुमारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल से मिले नगड़ी ग्राम के रैयत, रिम्स-2 के लिए भूमि अधिग्रहण का किया विरोध

रांची : कांके अंचल के नगड़ी ग्राम के रैयतों का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को राज भवन पहुंचा और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने मौजा नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 की स्थापना के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण का कड़ा विरोध किया। रैयतों का कहना है कि यह भूमि उपजाऊ कृषि भूमि है, जिससे अनेक ग्रामीणों की आजीविका जुड़ी हुई है। उन्होंने राज्यपाल महोदय से आग्रह किया कि किसानों को अपने खेतों में खेती करने की अनुमति दी जाए और इस अधिग्रहण पर तत्काल रोक लगाई जाए। शिष्टमंडल ने मांग की कि सरकार वैकल्पिक गैर-कृषि भूमि की पहचान करे ताकि विकास कार्य और किसानों के हित दोनों संतुलित रूप से सुरक्षित रह सके।

झारखंड के छह जिलों में कल होगी भारी बारिश, येलो अलर्ट जारी



रांची : राज्य के छह जिलों में 13 जुलाई को भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है उनमें दक्षिणी-पश्चिमी जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, कोडरमा और लोहरदगा शामिल है। वहीं, राज्य के चार-पांच जिलों को छोड़कर शेष सभी 19 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हो रही है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पूर्वी शिव भूमि के घाटशिला में 158.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। वहीं इस दौरान रांची में 79.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। उल्लेखनीय है कि झारखंड में एक जून से 10 जुलाई तक 285.6 के मुकाबले 482.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य से 69 मिमी अधिक बारिश है। वहीं , रांची और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को तड़के सुबह से ही बारिश होती रही। बारिश दिनभर रुक-रुक कर हुई। रांची में अधिकतम तापमान 25.6, जमशेदपुर में 29.5, डालटेनगंज में 27.8, बोकारो में 28.1 और चाईबासा में तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

निर्मलधाम मनातू में गुरु पूजा का आयोजन कल

रांची : सहज योग केंद्र रांची के तत्वावधान में 13 जुलाई क निर्मलधाम मनातू में गुरु पूजा का आयोजन किया जाएगा। यह दिव्य आयोजन माताजी निर्मला देवी के आध्यात्मिक आदर्शों और मार्गदर्शन के तहत सहज योग साधकों की ओर से श्रद्धा, प्रेम और भक्ति के साथ किया जाएगा। यह जानकारी राजेश सोमानी ने शुक्रवार को दी।

आरपीएफ ने 25 किलो गांजा बरामद किया, दो गिरफ्तार

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 25 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं। हटिया रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-तीन पर फुटओवर ब्रिज के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को तीन पीठू बैग और एक ट्रॉली बैग के साथ बैठे देखा। उनके बैग की तलाशी लेने पर कुल 25 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उनकी पहचान बिहार के औरंगाबाद निवासी उमेश कुमार और चंद्रदत्त कुमार बिहार के रूप में हुई। एसआई ने बताया कि बरामद गांजा की सूचना एएससी आरपीएफ रांची को दी गई है। डीडी किट से परीक्षण करने पर यह गांजा पाया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह गांजा संबलपुर से लेकर अनुग्रह नारायण रोड पर राकेश कुमार को सौंपना था। उक्त बरामद गांजा एवं अन्य सामग्री को कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए जब्त कर लिया गया और दोनों आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में जीआरपी हटिया में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए आंकी गई है।

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका हाई कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। टेंडर घोटाले के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में वह पिछले 14 महीनों से जेल में बंद हैं। हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है और उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट के इस आदेश से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ईडी और बचाव पक्ष की ओर से 26 जून को बहस पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी। रांची ढटछअ कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद पूर्व मंत्री ने हाईकोर्ट में जमानत की गुहार लगाई थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया।

ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया अभियान के तहत पौधारोपण एवं दान शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

झुमरीतिलैया : ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया अभियान के तहत शुक्रवार को सुभाष चौक के पास एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज, डीडीसी रवि जैन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, कई समाजिक संगठन के लोग एवं नगर परिषद के नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। इसी क्रम में झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं 11 ओर 12 में पुस्तक दान एवं वस्त्र दान के लिए एक चलंत कैंप

का भी आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों तक उपयोगी सामग्री पहुंचाना और समाज में सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। कैंप में उपरोक्त सभी अधिकारियों के साथ-साथ शहर के कई सामाजिक संगठनों के सदस्य भी उपस्थित रहे और सक्रिय रूप से सहभागिता की।वही कोडरमा उपायुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए सभी लोग अपने घर के आसपास एवं अपने प्रतिष्ठान के समीप एक पौधा अवश्य लगाए। साथ ही उन्होंने शहर के सभी सामाजिक संगठनों के लोगों से भी अपील किया है कि नगर परिषद के द्वारा असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत ही अच्छी पहल की जा रही है। जिसमें शहरवासी एवं सामाजिक संगठन के लोग अधिक से अधिक संख्या में वस्त्र एवं पुस्तक दान अवश्य करें।मौके पर नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार,नगर प्रबन्धक रणधीर वर्मा, सिलटीसी निर्मल कुमार, अश्विनी कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर शम्भू कुमार रजक, संतोष कुमार, अजित कुमार, अभिषेक मेहता, पर्यवेक्षक दुलारचंद यादव, मुकेश राणा, बलराम कुशवाहा, रौशन कुमार समेत कई सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।

एक नजर

बीएसएल इडी वर्क्स से मिला प्रतिनिधि मंडल

बोकारो : शुक्रवार को कुमार अमित के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल अधिशासी निदेशक (संकार्य) चितरंजन महापात्रा से से मिल कर बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण के मार्ग में आ रही बाधाओं की जानकारी ली। इ.डी वर्क्स ने बताया कि प्रस्तावित विस्तारीकरण वर्तमान प्लांट के चहारदीवारी के अंदर हीं होगा। वर्तमान में इस प्लांट की परिधि 10 मिलियन टन क्षमता की है। ज्ञात हो कि विस्तारीकरण के बाद भी इस प्लांट की उत्पादन क्षमता 7.5 मिलियन टन तक की ही होगा। प्रतिनिधिमंडल ने इ.डी वर्क्स को प्लांट विस्तारीकरण अभियान के लिए चल रहे महा हस्ताक्षर अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधन को यह आश्वस्त किया कि बोकारो की आम जनता यहाँ के विकास के प्रति प्रतिबद्ध एवं सहयोगी है। प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार महतो, निवारण प्रसाद महतो, अरविंद सिंह एवं लालबाबू कुमार शामिल थे।

डुमरी विधायक पर मारपीट व लूटपाट का आरोप

बोकारो : डुमरी विधायक जयराम महतो और उनके बॉडीगार्ड पर बेरमो के बैदकरो निवासी व सीसीएल कर्मी कैलाश महतो ने मारपीट और लूटपाट का आरोप लगाते हुए नावाडीह थाने में मामला दर्ज कराया है। कैलाश महतो, बेरमो प्रखंड प्रमुख और भाजपा मोर्चा जिला अध्यक्ष गिरिजा देवी के देवर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बुधवार रात गुंजरडीह मोड़ के पास उनकी गाड़ी खराब हो गई थी, जिस कारण वे सड़क पर रुके थे। इसी दौरान विधायक जयराम महतो वहां से गुजर रहे थे। गाड़ी हटाने को लेकर पहले बॉडीगार्ड ने गाली-गलौज की, फिर विधायक ने खुद गाड़ी से उतरकर उन्हें थप्पड़ मारा और समर्थकों के साथ मिलकर मारपीट की। साथ ही लूटपाट का भी आरोप लगाया गया है। वहीं, विधायक के बॉडीगार्ड ने भी नावाडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बॉडीगार्ड का आरोप है कि कैलाश महतो और उनके साथियों ने नशे की हालत में वर्दी फाड़ दी, मारपीट की और हथियार छीनने की कोशिश की। इस पूरे मामले पर विधायक जयराम महतो के सचिव ने आरोपों को निराधार बताते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इको क्लब के छात्रों ने किया पौधारोपण

कोडरमा : आश्रम रोड स्थित कौण्डिन्या पब्लिक स्कूल में इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य था—पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली को बनाए रखने का संदेश देना। छात्रों ने स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर यह संदेश दिया कि ₹हर एक पौधा एक जीवन है₹, और अगर प्रत्येक नागरिक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक छोटा-सा कदम उठाए, तो इसका व्यापक और सकारात्मक असर समाज पर पड़ेगा।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय सिन्हा, एडमिनिस्ट्रेटर शिवानी मिश्रा, उप-प्राचार्या सुमन सिंह, सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।मेंटोर की भूमिका में विद्यालय की शिक्षिका मीनू कुमारी एवं शिक्षक अभिमन्यु ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उन्हें पौधारोपण के महत्व और देखभाल से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवानी मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही, जिनके समन्वय से यह अभियान सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

बाल अधिकार सुनिश्चित करने को लेकर बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : कसमार प्रखंड के टांगटोना पंचायत में पंचायत जनप्रतिनिधि वार्ड, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सेविका सहिया, समूह की महिला, अभिभावक (पेरेंट्स) के साथ पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोरियों एवं महिला के साथ होने वाले घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, बाल विवाह एवं सरकारी योजना से जोड़ने को लेकर चर्चा किया गया। सभी हितधारक एक दूसरे से समन्वयक बना कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजना जोड़ने पर चर्चा किया गया। टांगटोना पंचायत की मुखिया सुमित्रा देवी ने कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं को अपने हक अधिकार के लिए आगे आना होगा। सभी को कदम से कदम मिला कर सभी प्रकार के हिंसा के खिलाफ एकजुट होना होंगा। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए किशोरावस्था सबसे महत्वपूर्व समय होता है जहां पर अपने कैरियर एवं जीवन को बेहतर बना सकते हैं। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सहयोगिनी संस्था कसमार प्रखंड के 30 गांवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के संवर्धन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने को लेकर काम कर रही है। इन गांवों में किशोरियों एवं महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाए जैसे सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्या दान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं कौशल विकास से जोड़ कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है।

विहिप अभ्यास वर्ग की तैयारी को लेकर जयनगर में की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

जयनगर : प्रखंड के एक्सलेंट पब्लिक स्कूल पावरहाउस डंडाडीह में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कि बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा एवं संचालन सतीश पांडेय ने किया। मुख्य रूप से विहिप जिला मंत्री पंकज दुबे ने दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 12 - 13 जुलाई को एक्सलेंट पब्लिक स्कूल पावरहाउस जयनगर में किया जाएगा। दो दिवसीय विहिप अभ्यास वर्ग को लेकर कार्यक्रम का समीक्षा किया गया। कार्यक्रम को लेकर जिला मंत्री ने प्रखंड के पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का आग्रह किया। जिसमें जिला एवं मुख्य रूप से जयनगर प्रखंड एवं पंचायत के कार्यकर्ता प्रशिक्षण में उपस्थित

रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सात सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण के निमित्त प्रांत, विभाग एवं पूर्णकालिक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अंतिम सत्र में संगठन से सम्बंधित बोधिक होगा। मौके पर विहिप जिला कार्यसमिति सदस्य महेश पांडेय, सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख बिनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, सत्संग प्रमुख दिगंबर पांडेय, जिला कार्यवाह मुकेश राणा,खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, डंडाडीह पंचायत अध्यक्ष डॉ शंकर दयाल पांडेय, सकलदेव राम, कैलाश लाल बर्णवाल, महेंद्र यादव, सुनील सिंह, अर्जुन चौधरी, रंजीत सिंह, राजु प्रसाद, हिरामन मिस्त्री, सुरेन्द्र शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनीष कुमार पांडेय, पप्पू पांडेय, अनिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट' (जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन) के कार्यकर्ताओं ने संगठन के जिलाध्यक्ष विक्रम कुमार महतो के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर धरना दिया तथा जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित गृहयुद्ध के खतरे को रोकने के लिए जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने में उपस्थित कार्यकताओं ने बताया कि अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर 'जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के चच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है। कार्यकर्ताओं ने आगे बताया कि विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से 'जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की माँग को लेकर 'राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट' (जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन) द्वारा विगत लगभग 12 वर्षों से हजारों छोटी-बड़ी सभाएं, धरना-प्रदर्शन, सांसद-संवाद कार्यक्रम, राष्ट्रपति जी सहित महत्वपूर्ण लोगों से भेंट आदि के रूप में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री करमचाँद गोप ने किया अन्य मौजूद रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक जगनानी, राष्ट्रीय सचिव संजय मोदक, संगठन मंत्री गौरी शंकर सिंह, महामंत्री अंकज कुमार बनवार, जिला कार्य समिति सदस्य रमेश लोहिया, प्रदीप कुमार सिंह,शिबू बाउरी, अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह, अचला देवी अनु देवी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फेरो स्क्रेप निगम ने दिया मान्यता पत्र : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : फेरो स्क्रेप निगम बोकारो युनिट मे बिगत 2017 से किसी युनियन का मान्यता नही रहने के कारण बोकारो युनिट मे काम कर रहे बिभागीय कर्मचारी एवं ठेकाकमीर्यों के समस्याओं साथ साथ निगम के प्रोडक्शन प्रोडक्टीविटी को लेकर निगम के उच्चस्तरीय ज्वांईट फोरम कमिटी (जे एफ सी) जहाँ निति निर्धारण किया जाता है वहां बोकारो युनिट से मजदूर प्रतिनिधि के रूप मे युनियन का प्रतिनिधित्व पर रोक लगा था । जय झारखंड मजदूर समाज लगातार धरना ,प्रदर्शन, हड़ताल का नोटिस देता रहा था ।सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद मे अनेको बार बार्ता हुआ जो सफल नही हो पाया था ,लेकिन जय झारखंड मजदूर समाज ने पुनः 25-26, जून को दो दिवसीय हड़ताल नोटिस देकर हड़ताल का पूर्ण तैयारी उपरान्त 24 जून को त्रिपक्षीय बार्ता सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद मे हुआ जिसमे निगम मुख्यालय भिलाई से महाप्रबंधक (कार्मिक, प्रशासन एवं विधि) उपस्थित हुए और 27 जूलाई से पूर्व युनियन चूनाव बिबाद को समाप्त करने का समझोता हुआ था । मजदूरों और निगम के हित मे किया गया समझौता का अक्षरश पालन करतै हुए निगम के बोकारो युनिट प्रमुख साहेब सिंह और कार्मिक प्रशासन प्रमुख अतुल कुमार सिंह ने युनियन के महामंत्री बि के चौधरी को प्लांट स्थित निगम कार्यालय मे मुख्यालय से आये जय झारखंड मजदूर समाज को रिकोनाईजेशन का पत्र दिया।

जिले के सभी जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त ऋतुराज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : जिला प्रशासन कोडरमा और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन सीएच हाई स्कूल झुमरी तिलैया मैदान में किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम में उपायुक्त ऋतुराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह शामिल हुए। उपायुक्त ऋतुराज, जिला परिषद् अध्यक्ष श्री रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के प्रबंधक प्रो.रोहिणी वी. चऔगुले के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के प्रबंधक प्रो.रोहिणी वी. चऔगुले ने संस्था के कार्यों का विस्तार से बताया और कहा कि यह संस्था 1991 से रेल के माध्यम से देश के कोने-कोने में जाकर निः शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिला प्रशासन कोडरमा और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद व वंचित वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न प्रकार की चिकित्सकीय सुविधाएं जैसे सामान्य रोगों की जांच, आँखों की जांच, महिला स्वास्थ्य परामर्श, दवाओं का वितरण और प्राथमिक उपचार आदि निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें आंखों का जांच व सर्जरी, कान की जांच व सर्जरी, कटे होंठ की सर्जरी समेत अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके लिए चिकित्सक, नर्सरी व स्टाफ की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं दी जा सके।जिला परिषद अध्यक्ष श्री रामधन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य की दिशा में जिला प्रशासन कोडरमा की अच्छी पहल है और इस तरह के स्वास्थ्य शिविर से आमजनों को काफी लाभ होगा।उपायुक्त ऋतुराज, जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में लगे टोकन/रजिस्ट्रेशन काउंटर, वेटिंग एरिया और ओपीडी का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त चिकित्सा, दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।शिविर के पहले दिन आंख की जांच और मोतियाबिंद की सर्जरी, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण, बीपी/शुगर समेत अन्य स्वास्थ्य से संबंधित लोगों का चेकअप किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार दवा का वितरण किया गया। शिविर के पहले दिन जिले के विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में लोग निः शुल्क सेवा का लाभ उठाने आये और अपना हेल्थ चेकअप कराया। साथ ही आंख से समस्या वाले मरीजों को चश्मा भी दिया गया। अंत में इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के सहयोग और स्थानीय जनता की भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।उपस्थितिः इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी) अंचल अधिकारी कोडरमा, प्रशासक झुमरी तिलैया नगर परिषद्, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

ऑपरेशन में लापरवाही से महिला की मौत, परिजनों ने मेडिकेंट में किया हंगामा

बोकारो : बोकारो के मेडिकेंट अस्पताल में एक महिला की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतका की पहचान सबीना किस्को (38 वर्ष) के रूप में हुई है। उसके पति प्रभात सोरेन ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। प्रभात सोरेन के अनुसार, 7 जुलाई को सबीना के पेट में पथरी की सर्जरी की गई थी। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से आंत में कट लग गया, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। इलाज के दौरान 11 जुलाई की सुबह 7:00 बजे सबीना की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने बात करने से साफ इनकार कर दिया और कोई भी स्थिति स्पष्ट नहीं की। पीड़ित परिवार के अनुसार, ऑपरेशन के लिए 70,000 रुपये दो बार में भुगतान किया गया था। मृतका का एक 8 वर्षीय बेटा है, जो बालिडीह के होली क्रॉस स्कूल में पढ़ता है। मामले की जानकारी मिलने पर पत्रकार मौके पर पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन से पक्ष जानना चाहा, लेकिन प्रबंधन ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। घटना से परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। अब पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है और प्रशासन से उचित कार्रवाई की अपेक्षा रखता है।

रानी पोखर स्थित अंडर पास पुल में पानी भर जाने से स्कूली छात्र हो रहे परेशान

बोकारो : रानी पोखर सेक्टर 9 स्थित एकमात्र सीबीएसई स्कूल डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल अवस्थित है' लेकिन इस स्कूल के पास जाने को लेकर रेलवे लाइन होने के कारण रेलवे विभाग की ओर से अंडर पास वे पुल का निर्माण किया गया है' लेकिन जब से यह पुल बना है ग्रामीण समेत इस स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है' अभी तक एक बार भी अंडरपास की सफाई तक नहीं की गई है' इस बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो गई है 'क्योंकि अन्य दिनों तक अंडरपास स्कूल के पास सिर्फ मिट्टी जमा होती थी लेकिन नाला नहीं बने होने के कारण अंडरपास स्कूल के पास झरना बहते हुए पानी जमा होने से तालाब का रूप ले लिया है ' जिसके कारण स्कूली छात्रों को मजबूरन रेल लाइन से ही पार कर आने जाने का काम करना पड़ रहा है' जो की रेलवे बोर्ड की ओर से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काफी गलत है' जबकि इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य समेत रानी पोखर के मुखिया ने भी कई बार क्षेत्रीय रेल प्रबंधक बोकारो समेत मंडल रेल प्रबंधक को भी पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है' लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है ' इस रानी पोखर सेक्टर 9 चास स्टेशन के बगल में स्थित अंडरपास को ध्यान में रखते हुए इसकी सफाई कर पानी बहने के लिए नाला बनाने की मांग की है। जिससे कि इस अंडरपास होकर ग्रामीण समेत स्कूली छात्र सुरक्षित अपने घर व स्कूल जा सके।

सुजीत मेहता को डोमचांच नगर क्षेत्र का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया



कोडरमा : कोडरमा के सांसद सह महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी ने डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि के रूप में भाजपा कार्यकर्ता सुजीत कुमार को नियुक्त किया। सांसद प्रतिनिधि बनने पर सुजीत कुमार ने इसके लिए सांसद महोदय का धन्यवाद देते हुए कहा मुझे बहुत खुशी है की सांसद महोदय ने मुझे इस लायक समझा मैं उनके दिए गए हर एक कार्य को जनता तक पहुजाएंगा,जनता के सुख दुख में भागीदार बनूंगा। जनता के बीच पहुंचकर उसका निवारण करुंगा। सांसद प्रतिनिधि बनने की खुशी में नगर पंचायत के लोगों में काफी खुशी देखा गया उन्हें बधाई देने में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी,भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभाकर लाल रावत, युवा शक्ति अध्यक्ष मिथलेश यादव, बसंत मेहता, उमेश वर्मा,प्रेमांशु कुमार, सुदेश, अमरदीप, मिथलेश पेंटर, रविप्रकाश, विक्की, राकेश, उदय, महेंद्र, रंजन गोस्वामी, प्रवीण, मुन्ना वर्मा, डॉ विनोद, नकुल राणा, संतोष, भीमसिंह, संजीव, कृष्णा राम, पंकज, महेश, शाहिद, गौतम पांडेय, अजय, सुधीर दीपक, संदीप, दीपू, नवीन, परवेज ,मुकेश, पिंटू पेंटर, सुनील मेहता, प्रिंस सिंह, पिंटू यादव के साथ साथ अनेक नगर वासियों ने बधाई दिया।

ग्रिजली कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव एवं इसके निवारण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा उक्त विषय पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा की जनसंख्या वृद्धि राष्ट्र एवं समाज विकास के लिए अभिशाप है । हमें इस पर नियंत्रण हेतु जागरूक होने की आवश्यकता है अन्यथा आने वाली पीढ़ी के लिए घातक साबित होगा । भाषण प्रतियोगिता में प्रशिक्षु सतीश कुमार ने प्रथम, रोहित कुमार रौशन ने द्वितीय एवं ओशो अंशुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार पासवान, सौरभ शर्मा एवं मनीष कुमार सिंह ने निर्णायकमंडल की भूमिका में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी.इस एड. सत्र 2024- 26 के सभी प्रशिक्षु लक्ष्मी कुमारी,कुणाल कुमार, महादेव कुमार यादव, नेहा प्रिया, रवीना कुमारी, नंदनी कुमारी, दीप्ति कुमारी, शिम्पी कुमारी, मधु कुमारी, जुली कुमारी, अन्ना श्री, शिखा कुमारी, सिमरन कौर, संदीप कुमार दीपक कुमार, बिपिन सचदेव, बलराम कुमार, तमन्ना प्रवीण,है बुशरा अशरफ, कल्पना भारती, ज्योति कुमारी एवं अन्य सहित सभी सहायक प्राध्यापक डॉ गौतम कुमार, डॉ पूजा कुमारी, डॉ पवन कुमार, अवधेश कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, चंद्र प्रकाश, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

एक नजर

बिरसा मुंडा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में एक गिरफ्तार

सिल्ली : सिल्ली पिस्का मार्ग पर खापचाबेड़ा के समीप बिरसा मुंडा चौक में स्थापित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में एक युवक को मुरी ओपी पुलिस ने गिरफ्तार कर हिरासत लिया है एवं पूछ ताछ कर रही है। घटना के संबंध में मुरी ओपी पुलिस को बसारूली पंचायत के मुखिया मोदीडीह निवासी लालू राम उरांव की पुत्री रेशमा कुमारी जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार देर शाम वह बगल गांव से अपने मोबाइल फोन चार्ज वापस लौटने के क्रम में कोलवाडीह गांव के कई युवकों को बिरसा मुंडा के प्रतिमा के पास खड़े होकर आपस में बात करते हुए देखा था। उसी आधार पर मुरी ओपी पुलिस एक युवक विशाल महतो को गिरफ्तार कर पूछ ताछ कर रही है। ज्ञात हो कि प्रतिमा क्षतिग्रस्त की घटना सुनकर सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो भी गुरुवार को घटनास्थल पहुंचे एवं प्रशासन से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिए थे। मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है एवं जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

विवि परीक्षा केंद्र को बदले, अन्यथा किया जाएगा प्रतिवाद : अमन

सरिया : भाकपा माले का छात्र इकाई आईसा के प्रखंड सचिव अमन कुमार पांडेय तथा पूर्व छात्र संघ के संयुक्त सचिव कुश कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय के द्वारा सरिया कॉलेज का परीक्षा केंद्र बदलने के खिलाफ प्रतिवाद किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन अपने निर्णय को वापस ले अन्यथा मजबूरन विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही राहुल कुमार मंडल ने कहा की वर्षों से सरिया कॉलेज का सेंटर आदर्श कॉलेज राजधनवार रहा है लेकिन अचानक परीक्षा केंद्र को बदलना बड़े साजिश की ओर इशारा करता है। छात्र हित में विश्वविद्यालय परीक्षा केंद्र को आदर्श कॉलेज राजधनवार में ही रहने दे। विश्वविद्यालय के इस निर्णय से छात्र-छात्राओं को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। विनोबा भावे छात्र संघ के पूर्व सचिव सह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदर्श कुमार तर्वे विश्वविद्यालय प्रशासन से झारखंड कॉलेज डुमरी से परीक्षा केंद्र हटाने की मांग की है तथा बिरनी या राजधनवार के किसी कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की है।

72 गरीब महिलाओं के बीच भारत विकास परिषद ने किया छाता का वितरण

रामगढ़ : भारत विकास परिषद के सदस्यों ने शुक्रवार को रामगढ़ शहर के वार्ड नंबर 8 कुम्हार टोला में 72 गरीब महिलाओं के बीच छाता का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्या कुमारी ने और संचालन शंकर वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के सचिव मनमोहन सिंह लांबा शामिल हुए और अपने हाथों से महिलाओं के बीच बरसात से बचाव के लिए छाता का वितरण किया। इस मौके पर ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनमोल सिंह, सचिव मनमोहन सिंह लांबा, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू के सौजन्य से महिलाओं के बीच बरसात से बचाव के लिए छाता का वितरण किया गया है। इस मौके पर रेखा देवी, आरती देवी, मंजू देवी, गुड़िया देवी, शीला देवी, शोभा देवी, सरिता देवी, चिंता देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं। मनमोहन सिंह लांबा ने बताया कि 23 नवंबर को भारत विकास परिषद की ओर से सामूहिक विवाह कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

रामगढ़ सदर प्रखंड में जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति का हुआ गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : शुक्रवार को प्रखण्ड सभागार, रामगढ़ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति का गठन किया गया। जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति के सदस्य कौन कौन होंगे जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयंत जेरोम लकड़ा होंगे, जबकि प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रेखा कुमारी संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखण्ड प्रमुख, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिनिधि, थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, एनजीओ/सीएसओ प्रतिनिधि और संकुल स्तरीय संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। समिति जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने, और जेंडर समानता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। सलाहकार समिति जेंडर रिसोर्स सेंटर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और जेंडर समानता को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के सफल संचालन के लिए पंचायत स्तरीय समिति पर सभी विभागों के समन्वय हेतु समिति का गठन किया जाए जिसमे पंचायत के जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जेएसएलपीएस के कर्मचारी, डालसा के प्रतिनिधि, सखी मंडल के सदस्य शामिल रहेंगे और महिला हिंसा एवं अन्य समस्याओं के समाधान पर चर्चा करेंगे। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत जेरोम लकड़ा , प्रखंड प्रमुख करुणा देवी, जिला प्रबंधक (सामाजिक विकास) सौरभ प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रेखा कुमारी, थाना प्रभारी प्रतिनिधि , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रतिनिधि, क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर (प्रदान), जे एस एल पी एस के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर सिकन्दर कुमार महतो संकुल प्रतिनिधि बबीता देवी, सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित हुए।

डीसी ने घुटने पर बैठ सुनी दिव्यांग की बात 48 घंटे के भीतर मिलेगा ट्राई साइकिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आएं आमजनों की समस्याओं और शिकायतों की क्रमवार सुनवाई की गई। इस दौरान कई मामलों पर तत्परता से कार्रवाई का निर्देश दिया गया, वहीं कुछ को जांच उपरांत समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान आज जनता दरबार एक भावनात्मक क्षण का साक्षी भी बना, जब चास प्रखंड के कुरा क्षेत्र से पहुंचे दिव्यांग सुरेश पाण्डेय अपनी परेशानियों को लेकर उपायुक्त के समक्ष पहुंचे।जब दिव्यांग सुरेश जनता दरबार में पहुंचे और अपनी बात कहनी चाही, तो उपायुक्त कुर्सी छोड़कर स्वयं उनके पास पहुंचे और घुटनों पर बैठकर बड़े स्नेह और संवेदना से उनकी बातें सुनीं। यह दृश्य जनता दरबार में उपस्थित लोगों को भावुक कर गया। दिव्यांग सुरेश के मुताबिक वे लंबे समय से ई-ट्राई साइकिल हेतु प्रयासरत है, डीसी ने 48 घंटे के भीतर उनके समस्या के समाधान का आदेश दिया। वैसे जमीन, राशन, घरेलू हिंसा के मामले आये जिनके ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया जबकि कुछ मामलों को त्वरित गति से निष्पादन का डीसी ने निर्देश दिया।

आरपीएफ मुरी ने जन जागरण ऑपरेशन के तहत चलाया जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिल्ली/मुरी : शुक्रवार के दिन श्रावणी मेला को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट मुरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में ऑपरेशन जन जागरण के तहत यात्री जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य रेल यात्रा के दौरान, विशेष रूप से त्योहारों और भीड़भाड़ वाले मौसम में यात्री सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के उपाय के बारे में जन जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक पवन कुमार,बसंत मल्लिक,सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार, मंटू जयसवाल, संतोष कुमार, सेवइयां साथ में जीआरपी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक कलीमुल्लाह खान ने यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139, आपात स्थिति, संदिग्ध गतिविधियों, सहायता प्राप्त,चोरी एवं नशीले पदार्थों के सेवन,संदिग्ध वस्तुओं से उत्पन्न खतरे और सुरक्षित यात्रा व्यवहार,अलार्म चैन का दुरुपयोग एवं ट्रेनों में पथराव से होने वाले नुकसान एवं रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध के बारे में तथा इस तरह के कृत्यों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए समझाया गया जिसका यात्रियों ने भरपूर स्वागत किया। इस सत्र में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और दैनिकयात्रियों ने भाग लिया एवं आरपीएफ कर्मियों ने पूरी सक्रियता से उनका सहयोग किया।

माइग्रेशन नहीं मिलने से विद्यार्थियों को दाखिले में हो रही परेशानी, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

ईचागढ़ : ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र डिग्री कॉलेज, सिंहभूम कॉलेज, चांडिल इन दिनों स्नातक नामांकन प्रक्रिया को लेकर विवादों में है। दरअसल, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से पास हुए कई विद्यार्थियों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिलने के कारण स्नातक में दाखिला नहीं मिल पा रहा है। इससे छात्र-छात्राओं में भारी असंतोष है। शुक्रवार को इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोर्चा खोलते हुए कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दी। छात्र नेता सनातन गोराई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सरोज कुमार कैवर्त से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के मेरिट सूची में चयनित सभी छात्रों को बिना देरी के स्नातक में दाखिला दिया जाए, अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। सनातन गोराई ने कहा कि माइग्रेशन प्रमाणपत्र की औपचारिकताओं में विद्यार्थियों का भविष्य अटक रहा है, जबकि मेरिट में उनका चयन हो चुका है। परिषद ने प्रशासन से मांग की कि छात्रों को राहत देते हुए त्वरित समाधान निकाला जाए। इस मौके पर विशाल गोप, संजय महतो, सुरजीत कुमार, और मंगल कुमार आदि मौजूद थे।

तनवीर आलम ने की स्वास्थ्य मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

ईचागढ़ : कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, सरायकेला के पूर्व जिला सचिव तनवीर आलम ने शुक्रवार को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से उनके रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान तनवीर आलम ने मंत्री डॉ. अंसारी को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही, उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कांग्रेस नेता तनवीर आलम द्वारा उठाए गए विषयों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार राज्य के हर नागरिक तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि विभाग जनहित से जुड़े सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाएगा। इस अवसर पर साबिर अंसारी, एनामुल अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

खेल हमारे जीवन में सहभागिता, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है : बीएन साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट राधा गोविंद विश्वविद्यालय एवं छावनी परिषद फुटबॉल ग्राउंड में खेला गया। जिसमें लगातार दूसरे दिन भारी बारिश के बावजूद भी सभी टीमों का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। आज कुल 13 टीमों द्वारा मैच खेला गया। अंडर -19 में 5 मैच, अंडर-17 में 6 मैच और अंडर - 14 में 2 मैच खेला गया। इस मैच में अंडर -19 से विद्या भारती चिन्मया स्कूल, सेंट जॉन स्कूल रांची, डीबीएमएस हाई स्कूल कदमा, ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल पटना, अंडर- 17 में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल, काशीडीह हाई स्कूल, द त्रिभुवन स्कूल, रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल विजेता रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, सभी प्रमुख अधिकारीगण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार की वर्तमान सदस्य डॉ आशा लकड़ा, बृजकिशोर पासवान, पी के दास, कुशेश्वर, सिद्धार्थ शंकर चौधरी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कुलाधिपति बी एन साह ने पुष्पगुच्छ , प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर किया। डॉ आशा लकड़ा ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि खेल को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें, यही हमारी शुभकामना है। विजेता टीम के छात्र दिलीप कुमार ने मैच जीतने पर काफी गर्व महसूस किया और उन्होंने कहा कि राधा गोविंद विश्वविद्यालय की विधिव्यस्था बहुत ही अच्छी है और इतने भारी बारिश के बावजूद भी मैच जीतकर हमें बहुत खुशी हुई। कुलाधिपति बी एन साह ने अपने संबोधन में कहा खेल हमारे जीवन में सहभागिता, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न और आवश्यक हिस्सा है। मौके पर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, डॉ संजय सिंह,सभी विभागों के व्याख्यातगण, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सरिया कॉलेज का परीक्षा केंद्र बदलने की मांग, प्राचार्य को सौपा ज्ञापन

सरिया : सोमवार को सरिया कॉलेज सरिया का अचानक परीक्षा केंद्र बदले जाने पर सेमेस्टर 3 के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के परीक्षा नियंत्रक के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें परीक्षा केन्द्र नहीं बदलने की मांग की। जिसमें लिखा गया है कि सरिया कॉलेज से झारखंड कॉलेज डुमरी की दूरी काफी अधिक तथा इस रूट में सरिया से कोई नियमित गाड़ी भी नहीं चलती है जिसके कारण परीक्षार्थी को आने-जाने में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। नए परीक्षा केंद्र जाने के लिए परीक्षार्थी को रेलवे फाटक के जाम में घंटों फंसना होगा। वहीं इन दिनों ओवर ब्रिज का निर्माण होने के कारण जाम की समस्या काफी बढ़ गई है, वैसे स्थिति में विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र झारखंड कॉलेज डुमरी पहुंचने में काफी परेशानियां होगी । डुमरी में परीक्षा केंद्र बनाए जाने से विद्यार्थियों को कुलगो स्थित टोल टैक्स भी देना होगा। आवेदन के माध्यम से विद्यार्थियों ने परीक्षा केंद्र बिरनी या राज धनवार में बनाने की मांग की है। विश्वविद्यालय के इस निर्णय पर भाजपा वाले का छात्र इकाई आईसा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समेत कई छात्र संगठनों ने भी घोर विरोध किया है।

पतरातू अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार की गूंज मुख्य सचिव को भेजा गया शिकायत पत्र

भुरकुंडा : सामाजिक कार्यकर्ता विश्वरंजन सिन्हा ने पतरातू अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, चोरधरा के लपंगा में एनजीटी के रोक के बावजूद बालू का अवैध व्यापार होने एवं सरकारी राजस्व कर्मचारियों एवं सीआई के डिजिटल हस्ताक्षर अंचल कार्यालय से बाहर के गैर सरकारीकर्मी (निजी व्यक्ति) द्वारा उपयोग करने के मामले पर शुक्रवार को अलका तिवारी मुख्य सचिव झारखंड को शिकायत पत्र सौंपा। साथ ही मामले की स्वतंत्र जांच एजेंसी से करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। पत्र विश्वरंजन सिन्हा ने कहा है कि आगे जल्द हीं भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों से भी शिकायत की जाएगी। अंचल में जनता का काम लंबित है। गैर कनूनी तरीके से आवेदनों को रोका जाता है। नियमानुसार तय समय पर आवेदनों का निबटारा नहीं किया जाता है। जान बुझ कर जनता को परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि अंचल में जाती, आवासीय, आय, मोटेशन इत्यादि के आवेदन लंबे समय से लंबित हैं। एक हीं खाता संख्या की भूमि को कई लोगों के बीच बिक्री का भी अनुमान है। बिक्री हो चुकी भूमि ऑनलाइन दस्तावेजों में दिखती हीं नहीं। इसके लिए कौन दोषी है। जांच का विषय है। श्री सिन्हा कहा है कि भ्रष्टाचार को लेकर निरंतर आवाज बुलंद होता रहेगा। शिकायत ईमेल के माध्यम से एवं पत्राचार किया गया है। इसकी एक प्रति उपायुक्त रामगढ़ को भी प्रेषित की गई है।

कमला नेहरू इंटर कॉलेज में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

अनगड़ा : नामकोम टाटीसिलवे मिलन चौक सी आई टी कॉलेज स्थित कमला नेहरू इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में 2025 में इंटर कला वाणिज्य में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल थे।

सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल: हजारीबाग का जलवा, दोनों वर्गों में फाइनल में बनाई जगह

रामगढ़ : खेलो झारखण्ड के तहत जिला मैदान सिदो कान्हु में आयोजित तीन दिवसीय प्रमंडल स्तरीय 64वाँ सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को हजारीबाग जिला का दबदबा रहा अंडर 17 बालक और बालिका वर्ग में जबरजस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्ग में जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। अंडर 17 बालिक वर्ग के टीम ने मेजबान रामगढ़ के टीम को कांटे की टक्कर में 1--0 से व अंडर 17 बालिका वर्ग में रामगढ़ के टीम को 3-0 से पराजित कर सीधे फाइनल में अपनी जगह कर ली। जबकि अंडर 15 बालक वर्ग में एक तरफा मुकाबले में 4-1 से पराजित कर फाइनल में पहुंच गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, विशिष्ट अतिथि कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर का स्वागत आयोजक जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, एडीपीओ नलिनी रंजन व एपीओ कुमार राज ने पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने दोनों टीम से परिचय प्राप्त कर गेंद को किक मारकर खेल की शुभारंभ किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस भाग दौड़ भरी जीवन में तनाव रहित रहना है तो शिक्षा के साथ साथ खेल कूद में भी अपनी सहभागिता निभाए, खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। कहा कि शिक्षा हो या खेल उसमें अनुशासन बनाकर आगे बढ़ेंगे तो मंजिल पास आ जाएगी। कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। और राज्य स्तर पर प्रमंडल और जिला का नाम रौशन करने की बात कही। जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का मेजबानी रामगढ़ जिला में होना एक बड़ी बात है। आने वाले समय में राज्य स्तर की प्रतियोगिताए जिले में आयोजित की जाएगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0-8/2025-26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय:दिनांक **18/07/2025** को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **19/07/2025** को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **19/07/2025** को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :-

क्र0 स0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Construction of Toilet Block in Civil Court, Ramgarh	24,57,500/-	49,200/-	5,000/-	3 माह

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़

PR 357084 (Building)25-26*D

केंद्र के इरादे से मध्य और निम्न वर्ग में आशा का संचार

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चार स्लैब 5 प्रतिशत, '12 प्रतिशत', 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से 'दूसरे' की इस समय जमकर चर्चा हो रही है। इससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित इसी स्लैब से है। इसका कारण भी है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लैब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लैब में आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत के स्लैब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस स्लैब पर नए इरादे से बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाले स्लैब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लैब के दायरे में लाया जा सकता है। यदि इस स्लैब को विलोपित नहीं भी किया जाता तो सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को अन्य स्लैब में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। समूचे देश में कर की एकरूपता के लिए पहली जुलाई 2017 को जीएसटी को लागू किया गया था। अब तक जीएसटी काउंसिल की बैठकों में अनवरत सुधार व बदलाव किया जा रहा है। अगली बैठक होने से पहले ही 12 प्रतिशत के स्लैप में बदलाव की चर्चा को सकारात्मक माना जाना चाहिए।जीएसटी यानी एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय सामने आई थी। यह लागू हुई प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में। हालांकि आम नागरिकों की मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरे में नहीं लाया जा सका है। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने पक्ष-विपक्ष हल्ला तो बोलते हैं पर कभी इन पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने के सार्थक प्रयास नहीं करते। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाए और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। भारत में 12 प्रतिशत का स्लैब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरे में आती हैं। एक हजार रुपये से अधिक के कपड़े, जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद,सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैंड, बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल, स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरे में आती है। सीधी सी बात यह है कि यह वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो हैं नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरीदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत के स्लैब में बदलाव की चर्चा निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश है। आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12 प्रतिशत के स्लैब में अगर बदलाव करते हुए बड़े वर्ग को राहत दी जाती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था को राहत देने वाला, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने वाला और आम जन के हित का निर्णय होगा।

सूडोकु नवताल- 7488

★☆☆☆☆ सरल

8	5			3		6	1	
6	7		9		4		2	
2					1			4
	3	9			7			
	6	2		8		4	7	
			6			9	3	
3			5					7
	4		1		6		8	3
	8	5		7			9	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7487 का हल

6	3	7	2	1	5	4	8	9
9	8	4	3	7	6	5	2	1
2	5	1	9	4	8	7	3	6
3	6	8	5	9	7	1	4	2
7	2	9	4	8	1	6	5	3
4	1	5	6	3	2	8	9	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
8	4	2	1	6	3	9	7	5
1	9	3	7	5	4	2	6	8

हिंदुत्व से हटकर नैतिकता की राजनीति, भाजपा ने बदला बंगाल जीतने का मंत्र

संजय सक्सेना

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। इस बार तापमान बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है, जिसने अपनी परंपरागत रणनीति से हटकर एक नई सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश की है। अब भाजपा बंगाल में हिंदुत्व या राष्ट्रवाद की बजाय ह्यसांस्कृतिक पतनह्ल, ह्यमहिला सुरक्षाह्ल और ह्यशिक्षा व्यवस्था की गिरावटह्ल जैसे मुद्दों को केंद्र में लाकर ममता बनर्जी की सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। यह केवल एक चुनावी बदलाव नहीं है, बल्कि भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जो उसे बंगाल की सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने की दीर्घकालिक योजना को दर्शाती है। इसके लिए पार्टी ने संगठन में भी व्यापक फेरबदल किए हैं और एक ऐसे नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है जो बंगाली अस्मिता और सामाजिक चेतना की नब्ज को बेहतर तरीके से समझता है। समिक भट्टाचार्य की ताजपोशी सिर्फ एक पद की नियुक्ति नहीं बल्कि एक राजनीतिक संकेत है भाजपा अब बंगाल को दिल्ली की नजरों से नहीं, बल्कि कोलकाता की चेतना से देखेगी।

यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब पार्टी को पिछले चुनावों में बंगाल में अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भारी संसाधन झोंकने के बावजूद सत्ता से दूरी बनाए रखी। उस चुनाव में पार्टी ने ममता बनर्जी के खिलाफ जिस आक्रामक हिंदुत्व की रणनीति अपनाई, वह बंगाल की पारंपरिक बहुसांस्कृतिक चेतना से टकरा गई। नतीजा यह रहा कि भाजपा को कई सीटों पर अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। अब पार्टी ने उस गलती से सबक लेते हुए रणनीति में मूलभूत बदलाव किया है। इस बार न तो जय श्री राम के नारे प्राथमिकता में हैं और न ही नागरिकता संशोधन कानून को हवा दी जा रही है। अब भाजपा बंगाल के पतनशील समाज, शिक्षा की विफलता और महिलाओं की असुरक्षा को ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

इस नई रणनीति का सबसे स्पष्ट उदाहरण अमित मालवीय की ओर से जारी किए गए वे वीडियो हैं, जिनमें कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़े नेता कॉलेज परिसरों और यूनियन दफ्तरों का दुरुपयोग करते नजर आ रहे हैं। एक वायरल क्लिप में छात्र नेता को एक छात्रा से सिर की मालिश करवाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इन वीडियो की पुष्टि स्वतंत्र रूप से नहीं की जा सकी है, लेकिन भाजपा ने इन्हें राज्य की नैतिक और शैक्षणिक गिरावट के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया है। भाजपा का दावा है कि बंगाल जो कभी भारतीय पुनर्जागरण का केंद्र था, आज वहां की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। पार्टी का कहना है कि छात्रों को मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में उन्हें न सुरक्षित माहौल मिल रहा है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। यह भी कोई संयोग नहीं कि भाजपा अब महिला सुरक्षा को लेकर लगातार आक्रामक हो रही है। संदेशखली की घटना को भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाया है, जहां तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए। इसके अलावा आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या, कोलकाता लॉ कॉलेज में बलात्कार जैसी घटनाओं को भाजपा लगातार ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम, जिसकी अगुवाई मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सत्यपाल सिंह कर रहे हैं, ने लॉ कॉलेज मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल के छात्र संगठन के पास सत्ता का ऐसा संरक्षण है कि वे कॉलेज परिसरों में खुलेआम सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने इसके समर्थन में 50 से ज्यादा तस्वीरें जारी की हैं और दावा किया है कि ये तस्वीरें उस तंत्र का हिस्सा हैं जो राज्य के युवाओं को नैतिक रूप से भ्रष्ट कर रहा है।

शुभेंदु अधिकारी ने इस मुद्दे को एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप देने की कोशिश की है। उन्होंने ममता बनर्जी की 21 जुलाई को होने वाली शहीद दिवस रैली के दिन एक समानांतर 'कन्या सुरक्षा यात्रा' निकालने की घोषणा की है। यह यात्रा केवल एक रैली नहीं बल्कि भाजपा के लिए एक प्रतीक है एक ऐसा प्रतीक जो यह संदेश देता है कि भाजपा अब महिला सुरक्षा को केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन के रूप में देख रही है। भाजपा युवा मोर्चा ने इसके साथ ही ह्यउत्तर कन्या अभियानह्ल की भी घोषणा की है। भाजपा का दावा है कि ये दोनों कार्यक्रम सरकार की असंवेदनशीलता और तानाशाही के विरुद्ध आवाज उठाएंगे। हालांकि सिलीगुड़ी के पुलिस कमिश्नर ने इन रैलियों को रद्द करने का आदेश जारी किया है, जिसे भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोंटना बताया है और इसे जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच में चुनौती देने की तैयारी की जा रही है।

इस पूरे घटनाक्रम को देखें तो यह साफ हो जाता है कि भाजपा अब सिर्फ चुनाव जीतने की राजनीति नहीं कर रही, बल्कि वह बंगाल की सामाजिक चेतना को बदलने की कोशिश कर रही है। पार्टी अब वहां एक वैकल्पिक नैतिक विमर्श गढ़ रही है, जिसमें ममता सरकार को भ्रष्ट, नैतिक रूप से पतित और जनता से कटे हुए शासन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि वह न केवल विकल्प है, बल्कि वह सुधार की आवश्यकता है।

यह रणनीति इसलिए भी रोचक है क्योंकि अब भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से विपक्षी एकता की वकालत करने लगी है। समिक भट्टाचार्य ने हाल ही में एक बयान में कहा कि ममता बनर्जी को हराने के लिए भाजपा अकेले काफी नहीं है और कांग्रेस तथा वामपंथी दलों को भी इस लड़ाई में साथ आना चाहिए। यह बयान अपने आप में भाजपा की रणनीतिक यथार्थवादी सोच को दशार्ता है। बंगाल की राजनीति में जहां भाजपा खुद को लंबे समय तक बाहरी पार्टी के रूप में देखी जाती रही है, वहां वह अब खुद को स्थानीय संस्कृति, नैतिकता और सुरक्षा के प्रवक्ता के रूप में प्रस्तुत करना चाह रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस बदलाव को पूरी तरह अपना समर्थन दिया है। संघ के स्तर पर बिहार और बंगाल के लिए 'त्रिशूल फॉमूर्ला' तैयार किया गया है, जिसके तहत पार्टी को तीन मोर्चों पर मजबूत किया जा रहा है संगठनात्मक ढांचा, वैचारिक स्पष्टता और सामाजिक जुड़ाव। पार्टी के भीतर 'पार्टी फर्स्ट' मॉडल लागू किया गया है, जिससे गुटबाजी को खत्म कर संगठन को चुनाव के लिए तैयार किया जा सके। भाजपा अब बंगाल में केवल सत्ता की चाह नहीं रखती, वह वहां एक वैकल्पिक चेतना और सत्तातंत्र विकसित करने की ओर बढ़ रही है।भाजपा की इस नई रणनीति को लेकर ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस अभी सार्वजनिक रूप से भले ही तीखा पलटवार कर रही हो, लेकिन पार्टी के भीतर चिंतन जरूर चल रहा है कि भाजपा ने इस बार भावनात्मक और बौद्धिक दोनों मोर्चों पर हमला बोला है। आने वाले महीनों में यदि भाजपा इस नैरेटिव को स्थायी बना पाने में सफल होती है, तो यह बंगाल की राजनीति में सत्ता परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव साबित हो सकती है।

मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

ललित गर्ग

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?

भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि ह्यजो सरकार करे, उसका विरोध करोह्ल, चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मजाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है।

भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की जरूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा।

भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो। बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि उसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दशार्ता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता।

जल्द दिखेगा मोहन के जल गंगा संवर्धन अभियान का मप्र में असर

लोकेन्द्र सिंह

मध्य प्रदेश में बूंद-बूंद की सुरक्षा के लिए प्रारंभ हुआ 'जल गंगा संवर्धन अभियान' मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी पहल है। निकट भविष्य में इसके सुखद परिणाम आने की उम्मीद है। माना जाता है कि शुभ प्रसंग पर शुभ संकल्प के साथ जब कोई कार्य प्रारंभ किया जाता है, तब उसकी सफलता के लिए प्रकृति एवं ईश्वर भी सहयोग करते हैं। प्रदेश सरकार ने गुड़ी पड़वा (30 मार्च) से 30 जून तक प्रदेशस्तरीय 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चलाकर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। खुशी इस बात की है कि यह अभियान अब जनांदोलन में परिवर्तित हो गया है। सरकार को भी विश्वास नहीं रहा होगा कि जल संरक्षण जैसे मुद्दे को जनता का इतना अधिक समर्थन मिलेगा। यह कहने में अतिरेक नहीं है कि समाज ने इस अभियान को अपनी जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार कर लिया है।

'जल गंगा संवर्धन अभियान' से प्रेरित होकर प्रदेश में अनेक स्थानों पर जल स्रोतों को पुनर्जीवित और व्यवस्थिति किया गया है। वर्षा जल को एकत्र करने की रचनाएं बनाई गई हैं। इस अभियान को गति देने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाबों, अमृत सरोवरों और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी किया गया है। इस अभियान में 2 लाख 39 हजार जलदूतों का सक्रिय सहयोग मिला। इससे गांव-गांव, नगर-नगर और घर-घर सकारात्मक वातावरण बना। निःसंदेह, यदि यह जनजागरुकता स्थायी हो जाए तो जल गंगा संवर्धन अभियान की सबसे बड़ी सफलता होगी। अभियान को शुरू करते समय सरकार ने जो लक्ष्य तय किया था, उससे कहीं अधिक परिणाम धरातल पर प्राप्त हुआ है।

जल संरक्षण के लिए 38 हजार नए खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। खंडवा जिले में 254 करोड़ रुपये की लागत से एक लाख से अधिक कुओं को रिचार्ज किया गया। इसके लिए खंडवा को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इंदौर संभाग ने स्वच्छता और जल संरक्षण में नंबर-एक का स्थान हासिल किया है। ये दो प्रमुख उदाहरण हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। समूचे मध्य प्रदेश में 70 हजार कुओं, बावड़ियों, नदियों और तालाबों का संरक्षण किया गया। यह भविष्य में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले हैं।

ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित हैं। याद हो कि प्रधानमंत्री जल संरक्षण के लिए जनांदोलन चलाने का आह्वान कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत 'कैच द रेन' अभियान शुरू किया।खास बात यह है कि यादव इसी तर्ज पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को जनता के बीच ले गए हैं। यह प्रकृति, पर्यावरण एवं समाज के प्रति गहरी संवेदना का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 120वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को देश के लिए अत्यंत आवश्यक बताया था।

अकसर सरकारी अभियान विज्ञापनों एवं कागजों में दम तोड़ देते हैं या फिर उनकी सफलता सोशल मीडिया तक सीमित रह जाती है। मगर मोहन का यह आंदोलन अपने वांछित लक्ष्य से आगे निकल रहा है। मुख्यमंत्री का इस अभियान से जुड़ाव इतना गहरा है कि उन्होंने अभियान की देखरेख के लिए सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर पानी को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन विशेष रूप से नदियों के किनारे देशी प्रजातियों के पौधे रोप रहा है। इससे भू जलस्तर बढ़ रहा है और मिट्टी को नुकसान से बचाया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया गया है।

स्कूल और कॉलेजों में जल-संरक्षण पर जन-जागरण अभियान, रैलियां, निबंध प्रतियोगिताएं, जल संवाद और 'जल प्रहरी' जैसी गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग और मूल्यांकन प्रणाली की व्यवस्था की गई है। सभी गतिविधियों की जीआईएस ट्रैकिंग और इंपैक्ट वैल्यूएशन किया जा रहा है। सरकार ड्रोन से सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण क्षेत्र की मैपिंग और भू-जल पुनर्भरण तकनीकों का उपयोग कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। सरकार ने इन स्रोतों की सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया है। यकीनन, इस अभियान के दूरगामी परिणाम अच्छे होंगे। मानसून की बरसात शुरू हो चुकी है। अब इसके और अधिक प्रभावी परिणाम दिखेंगे। भू-जल स्तर में सुधार होगा, हरियाली बढ़ेगी और मिट्टी में नमी आएगी। इससे पूरे प्रदेश में जल संकट को दूर करने में सहायता मिलेगी।

(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हैं।)

दैनिक पंचांग

12 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	05.45 बजे से
चंद्र	मकर में	सिंह	08.02 बजे से
मंगल	सिंह में	कन्या	10.13 बजे से
बुध	कर्क में	तुला	12.24 बजे से
गुरु	मिथुन में	वृश्चिक	14.39 ब.से
शुक्र	वृष में	धनु	16.55 बजे से
शनि	मीन में	मकर	19.00 बजे से
राहु	कुंभ में	कुंभ	20.47 बजे से
केतु	सिंह में	मीन	22.19 बजे से
राहुकाल		मेष	23.50 बजे से
9.00 से 10.30 बजे तक		वृष	01.30 बजे से
		मिथुन	03.28 बजे से

शनिवार 2025 वर्ष का 193 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 06.36 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 19.32 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 14.01 बजे तदनन्तर गर 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 58' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872403 **जूलियन दिन** 2460868.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 16

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
काल	05.55 से 07.23 बजे तक	लाभ	05.37 से 07.10 बजे तक
शुभ	07.23 से 08.51 बजे तक	उद्वेग	07.10 से 08.42 बजे तक
रोग	08.51 से 10.19 बजे तक	शुभ	08.42 से 10.14 बजे तक
उद्वेग	10.19 से 11.46 बजे तक	अमृत	10.14 से 11.47 बजे तक
चर	11.46 से 01.14 बजे तक	चर	11.47 से 01.19 बजे तक
लाभ	01.14 से 02.42 बजे तक	रोग	01.19 से 02.51 बजे तक
अमृत	02.42 से 04.10 बजे तक	काल	02.51 से 04.23 बजे तक
काल	04.10 से 05.37 बजे तक	लाभ	04.23 से 05.56 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

पत्थर पर गिरकर युवक का सर फट कर बुरी तरह घायल

साहिबगंज: बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक के गिरने से सर फटकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मुगरा बुरुक टोला निवासी मराग कुडा सोरेन का 25 वर्ष पुत्र बड़ा दुर्गा सोरेन बीते रात्रि को 11:00 बजे भैंस को खेत में चराने को लेकर जा रहा था उसी दरमियान सामने से भैंसा ने उक्त युवक को दौड़ा दिया, भागने के दौरान पत्थर पर गिरकर सर फटकर बुरी तरह घायल होकर मूर्छित हो गया। वहीं अन्य भैंस चराने वाले ने घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उक्त घायल युवक का प्राथमिक इलाज किया। शुक्रवार की सुबह उक्त घायल युवक का गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया। जहां उक्त घायल युवक को टेंपो की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर अस्पताल में डॉक्टर की देखरेख में इलाज चल रहा।

सांप के काटने से महिला हुई मूर्छित

राजमहल: जामनगर पंचायत के रफतुल्ला टोला के अलीम शेख की पत्नी नरगिस बीबी 22 वर्षीया को जहरीले सांप ने काट लिया। घटना उस समय हुई जब नरगिस बीबी गुरुवार की शाम घर के पीछे चापानल से पानी भरने गई थी। इसी दौरान उसके दाहिने पैर में सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजन घबरा गए और शिक्षित ना होने के कारण पहले उसे इलाज के बजाय झाड़ फूंक करने ले गए। करीब 10 घंटे तक झाड़ फूंक का सहारा लिया गया, लेकिन जब हालत बिगड़ने लगी तो इलाज के लिए आनन-फानन में उसे राजमहल अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों की तत्परता से उसका इलाज कर जान बचाई जा सकी। यदि समय रहते इलाज के लिए अस्पताल लाया जाता, तो खतरा और कम हो सकता था।

उत्पाद विभाग ने किया पटमदा में संचालित वाइन शॉप का निरीक्षण

पटमदा : झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग के द्वारा झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा संचालित कटीन बाजार और बोड़ाम बाजार स्थित सरकारी विदेश शराब दुकानों का पदाधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग के द्वारा सरकारी शराब दुकानों में साल भर की बिक्री और बिक्री हो रहे विभिन्न ब्रांड की बिक्री /वर्तमान स्टॉक पंजी निरीक्षण किया गया। बिक्री उत्पाद का आकलन, कंपनी के द्वारा सरकारी दुकान को बिक्री के लिए दी जाने वाला संसाधन की जांच भी किया गया। उत्पाद विभाग के निरीक्षण टीम में उत्पाद निरीक्षक श्रीराम भगत, मैजिस्ट्रेट अजय मंडल, इंस्पेक्टर रामदेव पासवान, ऑडिटर बी एन रॉय, शामिल थे।

सऊदी अरब के बाजार में बिकेंगे पाकुड़ के आम्रपाली आम

पाकुड़ : ज़िले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तत्वावधान में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परिसर से 250 किलोग्राम आम्रपाली आम का निर्यात पाकुड़ एवं पाकुड़ जिला के हिरणपुर प्रखंड से सऊदी अरब के लिए उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा इस तरह के निर्यात निरन्तर जारी रखने हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति के अधिकारी एवं निर्यातकों को निर्देशित किए ताकि पाकुड़ जिलें के किसानो को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध हो सके और उनके उपजों का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके।

अपराध पर लगाम और सुरक्षा पुख्ता करने को लेकर एसपी ने थाना प्रभारियों संग की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : पुलिस लाइन स्थित नए भवन एसपी कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की। अपराध नियंत्रण गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने श्रावणी मेला को लेकर भीड़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने, बैकअप प्लान तैयार करने, पूजा समितियों सदस्यों की सूची तैयार करने, पूजा पंडाल के इर्दगिर्द नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर सदर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर कुमार तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, नगर प्रभाग इंस्पेक्टर राजीव रंजन, सहित जिले के सभी नगर प्रभाग इंस्पेक्टर व सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

बोरियो हाट पाड़ा में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटेगा, 24 दुकानदारों को नोटिस जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोरियो : अंचल क्षेत्र के बोरियो बाजार मौजा के हाट पाड़ा में जमाबंदी संख्या 412 व दाग संख्या 678 में अवैध अतिक्रमण को लेकर 24 लोगों के विरुद्ध दुकानों को खाली करने का आदेश अंचलाधिकारी ने दिया है। डीसी के आदेश पर यह कारवाई की गई है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार जिस दाग संख्या में अतिक्रमण किया गया है, वो सरकारी जमीन है, अब वहां सरकार बाजार या मंडी के लिए शेड निर्माण कार्य करवाने की योजना बनाई है। शेड निर्माण के बाद डाक बोली के माध्यम से पूरे हाट क्षेत्र का लेसी किया जाएगा, ताकि सरकारी राजस्व में वृद्धि हो सके। बता दें कि राज्य सरकार के सचिवालय से जारी पत्र के अनुसार 82,63,400 रूपए की प्राक्कलित राशि से राज्यभर के बाजार या हाट क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर शेड निर्माण कराए जाने का योजना है। इसी योजना के कारण बोरियो हाट पाड़ा में अतिक्रमण किए दुकानदारों के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि बोरियो हाट पाड़ा में कुछ वर्षों पहले भी कृषि विभाग द्वारा बाजार समिति बनाकर राजस्व वसूली किया जाता था। लेकिन उसके बाद यह समिति शिथिल हो गई जिस कारण राजस्व की वसूली नहीं हो रही थी। अब सरकार इस जमीन को दोबारा से राजस्व लाभ व आम लोगों के लिए उपयोग करना चाह रही है। शेड निर्माण को लेकर मछुवारा समाज के कुछ सदस्यों ने भी बोरियो बीडीओ नागेश्वर साव को लिखित आवेदन देकर नए सिरे से शेड निर्माण का मांग किया था, जिसके बाद बोरियो बीडीओ ने सम्बन्धित विभाग को यह आवेदन कारवाई हेतु अग्रसरित कर दिया था। जिसके कुछ दिनों बाद भवन निर्माण विभाग के इंजिनियर भी शेड निर्माण कार्य हेतु सर्वेक्षण के लिए पहुंचे थे।

बिना वर्दी छापेमारी से आहत भोला सिंह ने डीसी-एसपी से की न्याय की गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठे हैं। कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत गौरी, राकवन टोला निवासी भोला सिंह मुंडा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल, पुलिस अधीक्षक सरायकेला और उपायुक्त सरायकेला को शुक्रवार को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए कपाली ओपी पुलिस पर बिना वर्दी के जबरन घर में घुसकर छानबीन करने का आरोप लगाया है। भोला सिंह मुंडा के आवेदन के अनुसार, 10 जुलाई 2025 की शाम करीब 7 बजे पुलिस कर्मियों की एक टीम उनके कपाली ओपी क्षेत्र के गौरी, राकवन टोला स्थित घर आई और बिना किसी पूर्व सूचना व बिना वर्दी के घर की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि इससे पहले भी अप्रैल माह में इसी तरह की कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके, अब तक किसी प्रकार का आरोप स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया और न ही कोई कागजात दिखाया गया। भोला सिंह मुंडा ने अपने आवेदन में लिखा है कि उनके घर से कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ, फिर भी बार-बार की गई इस तरह की कार्रवाई से उनके पूरे परिवार को मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। उन्होंने खुद को एक शांतिप्रिय और कानून के अनुसार रहने वाला नागरिक बताते हुए कहा कि उनके विरुद्ध न तो कोई आपराधिक वाद न्यायालय में लंबित है और न ही कभी किसी तरह की आपराधिक गतिविधि में उनकी संलिप्तता रही है। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल, पुलिस अधीक्षक सरायकेला और उपायुक्त से मांग की है कि इस तरह की वेवजह और अपमानजनक कार्रवाई को रोका जाए और दोषी पुलिसकर्मियों पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है और क्या भोला सिंह मुंडा जैसे आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा।

नवनिर्मित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहेबगंज : जिला अंतर्गत पुलिस लाईन परिसर में नवनिर्मित पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह एवं केंद्रीय सचिव-सह-प्रवक्ता,झामुमो पंकज मिश्रा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीसी हेमंत सती ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय पुलिस प्रशासन के कामकाज को और अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सेवा में यह नया भवन मील का पत्थर साबित होगा। एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि नए कार्यालय भवन से पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य करने का वातावरण मिलेगा, जिससे कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में अधिक कुशलता आएगी। उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की और इसके सफल निर्माण के लिए सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद दिया। केंद्रीय झामुमो सचिव-सह-प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की सुरक्षा और प्रशासनिक मजबूती को लेकर निरंतर प्रयासरत है। यह भवन उसी का एक उदाहरण है।

बरहेट में शिवगादी धाम श्रावणी मेले का विधिवत उद्घाटन, श्रद्धालुओं में उमड़ा उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरहेट: शुक्रवार को शिवगादी धाम में मासव्यापी श्रावणी मेले का उद्घाटन के लिए पहुंचे साहेबगंज डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा का शिवगादी धाम में समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद अतिथियों को मंदिर के पंडा के द्वारा मंदिर सीढ़ी द्वार पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाया। जिसके बाद अतिथियों ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर मासव्यापी श्रावणी मेला का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सभी गाजेश्वर नाथ महादेव को नमन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिवगादी प्रबंध समिति के कार्यालय में प्रबंध समिति से मेले की तैयारी व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रुपक साह ने बताया आवागमन, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी जरुरी व्यवस्थाओं की जानकारी दिया। अतिथियों ने व्यवस्थाओं में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन प्रबंध समिति को दिए। वहीं एसपी ने सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के शिवलिंग पर सालों भर सुखाड़ के दिनों में भी पहाड़ से जल टपकता रहता है, जो काफी अद्भुत है और इसको लेकर झारखंड के अलावा बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा पश्चिम बंगाल, सहित अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिला में हवाई अड्डा बनने जा रहा है यहां रोपवे बनेगा गंगा नदी पर पुल लगभग बन ही गया है तो स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं की शिवगादी धाम का विकास और कितना होगा? उन्होंने कहा की 4 साल और इंतजार कीजिए, फिर देखिएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेम्ब्रम, बरहेट थाना प्रभारी, सुकांतो वर्धन सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक आयोजित

प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराएं : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पाकुड़ : ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि कक्षा-6 सत्र 2025- 2026 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएं। नामांकन प्रक्रिया में अनाथ एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, आदिम जनजाति, दिव्यांग और अनामांकित बालिकाएं को नामांकन हेतु विशेष जरूरतमंद बालिकाओं को प्राथमिकता दिए जाएं। साथ ही नामांकन हेतु प्राप्त सूची का एक बार पुनः समीक्षा करते हुए आपत्ति प्राप्त के अंतिम सूची दिनांक 17 जुलाई 2025 तक जिला कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि 20 जुलाई 2025 को अंतिम रूप से अनुमोदन दिया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, एडीपीओ पीयूष कुमार, एपीओ रघुवर तिवारी सहित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन सहित शिक्षा विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

स्थानांतरित सीएस को दी गई भावभीनी विदाई, नये का किया गया स्वागत

पाकुड़ : ज़िले में निवर्तमान सिविल सर्जन पाकुड़ मंटू कुमार टेकरीवाल के स्थानांतरण होने पर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण ने निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ मंटू को अंग वस्त्र, मोमेंट, बुके समेत अन्य उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही जिले में पदस्थापित हुए नए सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि सिविल सर्जन के कार्यकाल के दौरान कई चैलेंज आये लेकिन वे कभी विचलित नहीं हुए। जब-जब समस्या आयी सिविल सर्जन ने बड़े धैर्य के साथ कड़ा मुकाबला किया। उनका यह कर्तव्य सदा याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनके कठिन परिश्रम से जिला पाकुड़ स्वास्थ्य विभाग राज्य में नम्बर 01 पर रहा। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी सेवा में यह एक सतत प्रक्रिया है जो सबके साथ आता है। उपायुक्त ने उनके स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की मंगल कामना किया।

संक्षिप्त खबरें

जेएलकेएम का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न कल जयराम का जमशेदपुर आगमन

पटमदा : पटमदा प्रखंड स्तरीय जे एल के एम की बैठक ग्राम संसद भवन बिडरा में संपन्न हुई। बैठक में जानकारी देते हुए पार्टी के जुगसलाई विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विनोद स्वासी ने बताया कि जे एल के एम के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में चल रही जन मुद्दे और समस्या से रूबरू होंगे। वही खुकड़ाडीह शहीद के प्रतिमा पर पार्टी सुप्रीमो के द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। जन सभा आयोजित कर अन्य पार्टी के कार्यकर्ता जे एल के एम का दामन थामेंगे। बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के,सचिव मृत्युंजय महतो, जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो, फनी भुषण महतो,फूलचंद मुर्मू, शिव शंकर महतो, हरे कृष्ण, सुजीत, देव कुमार, बासुदेव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

डॉ. रामदेव पासवान ने 42वें सिविल सर्जन साहिबगंज के रूप में पदभार ग्रहण किया

साहिबगंज: जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन एवं पर्यवेक्षण की अहम जिम्मेदारी संभालते हुए डॉ. रामदेव पासवान ने आज जिले के 42वें सिविल सर्जन के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया से विधिवत रूप से कार्यभार प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के पश्चात डॉ. पासवान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जिले में प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुगमता से पहुँचाना एवं जन जागरूकता एवं जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, चिकित्सकीय सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को वे सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी, चिकित्सकगण, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। सभी ने विश्वास जताया कि डॉ. पासवान के नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को एक नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर घायल, पत्नी रेफर

साहिबगंज: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जे एन राय रोड निवासी स्वर्ग मृत्युंजय गोस्वामी का 52 वर्षीय पुत्र दिलीप गोस्वामी व दिलीप गोस्वामी की 42 वर्षीय पत्नी जूमपा देवी मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर से तारीख के लिए साहिबगंज न्यायालय जा रहा था। जहां रास्ते में सकरुगढ़ सड़क के पास सामने से आ रहे फोर व्हीलर से बचने के दौरान मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मुकेश कुमार ने दोनों घायल पति-पत्नी का प्राथमिक इलाज किया। वहीं डॉक्टर ने महिला जूमपा देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से उक्त महिला को हायर सेंटर ले गए।

तनवीर आलम की पहल से 200 केवीए एवं 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगा

बरहरवा: प्रखंड के अंधार कोठा आलिया मदरसा के सामने 100 केवीए का जल चुके ट्रांसफॉर्मर की जगह नया उच्च क्षमता वाले 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाकर एवं फरीदपुर में 100 केवीए नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई पर तनवीर आलम का आभार जताया। यह कार्यवाही ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के बाद शुरू हुई थी, जिसमें पुराने ट्रांसफॉर्मर की खराबी की शिकायत की गई थी। तनवीर आलम ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए, जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत लगातार बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति की उम्मीद है। बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज अब सामान्य हो गए हैं। इस मौके पर मो. मसकुर आलम, मो. बाबर, रफीक, शमीम अख्तर, सरफराज, गुड्डू, हनीफ, आताबुद्दीन, मसूद, इलियास, फेराज, सफाउल ग्रामीणों मे खुशी का माहौल देखा गया है।

सहिया के साथ मेडिकल संचालक द्वारा गाली गलौज करने का मामला सामने आया

साहिबगंज: सदर अस्पताल में एक मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा सहिया के साथ गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सहिया रसीदा खातून ने आशना मेडिकल के संचालक गुड्डू पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए बताया कि बीते पांच जुलाई को बरहेट के गर्भवती महिला भारती कुमारी का प्रसव होने वाला था। गर्भवती महिला के परिजन ऑपरेशन के लिए अपनी मर्जी से बाहर के किसी मेडिकल से दवा खरीदा है। इसपर आशना मेडिकल के संचालक ने कॉल करके गाली गलौज किया है। सहिया का आरोप है कि उक्त मेडिकल संचालक ने कहा कि उक्त मरीज को एडमिट से लेकर सारा काम हम कराए। जबकि दवा अन्य मेडिकल से खरीदी गई। इस बात को लेकर मेडिकल मालिक गाली गलौज किया है। जबकि इस मामले में सहिया का कोई योगदान नही है। इधर डीएस डॉ. सलखुचंद्र हासदा ने अगर इस मामले में शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कारवाई की जाएगी।
फोटो-सहिया रसीदा खातून

अलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

मुंबई, एजेंसी। टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी अलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। यह कंपनी पूरे भारत में स्मार्ट मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लागू करने और यूटिलिटी डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए यूटिलिटीज की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने पर फोकस करती है। कंपनी आईपीओ के जरिये इक्विटी शेयर कैपिटल ऑफर करके फंड जुटाने की प्लानिंग कर रही है। इस इश्यू में ?4,000 मिलियन (?400 करोड़) तक के नए इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और ?5 फेस वैल्यू वाले 7,500,000 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। 31 मार्च, 2025 तक 7.29 मिलियन एनर्जी मीटर प्रति वर्ष की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता के मामले में अलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड भारत की टॉप पांच एनर्जी मीटर सॉल्यूशंस प्रोवाइडर्स में से एक है (सोर्स- क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी रेवेन्यू ग्रोथ के मामले में भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कॉम्प्रिहेंसिव स्मार्ट एनर्जी मीटर सॉल्यूशंस प्रोवाइडर भी है, जिसने वित्त वर्ष 2023 से वित्त वर्ष 2025 तक 109.76त्न की ष्ट्रत्रक्र हासिल की है (सोर्स- क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी कम्युनिकेशन नेटवर्क और डेटा मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म सहित सपोर्टिंग टेक्नोलॉजीज के साथ-साथ स्मार्ट एनर्जी मीटर की एक रेंज का निर्माण और आपूर्ति करती है।

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने डेवेलपमेंट मैनेजमेंट में एक्ज़ीक्यूटिव एमबीए की घोषणा की

इंदौर, एजेंसी। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने डेवेलपमेंट मैनेजमेंट में एक्ज़ीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है। इसका पहला बैच जनवरी 2026 में विश्वविद्यालय के बेंगलुरु परिसर में आरंभ होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है। यह कार्यक्रम प्रबंधन शिक्षा की बढ़ती माँग को पूरा करता है जो लाभ और प्रदर्शन से आगे बढ़कर समाज की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर प्रबंधन शिक्षा की अपेक्षा करती है। पारंपरिक एमबीए कार्यक्रमों से अलग, यह पाठ्यक्रम पेशेवरों को सामाजिक परिवर्तन, सार्वजनिक हित और समावेशी विकास पर केंद्रित संस्थाओं में प्रभावशाली योगदान देने के लिए तैयार करता है। पाठ्यक्रम में वित्त, मानव संसाधन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, और संगठनात्मक संरचना जैसे मुख्य प्रबंधन विषयों के साथ-साथ विकास कार्य के व्यावहारिक पहलुओं का गहरा समावेश है।

मॉनसून में आयुर्वेद डाइट से कुदरती रूप से दमकती, सेहतमंद त्वचा पाएं : डॉ मधुमिता कृष्णन

नई दिल्ली, एजेंसी। मॉनसून में त्वचा बेजान हो जाती है और इसमें कोई ग?लो नहीं दिखता। लोग अक्सर बाहरी उपाय अपनाते हैं, जो थोड़ी देर राहत देते हैं, लेकिन बार-बार इस्तेमाल से दाने, काले धब्बे या खुजली हो सकती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन सलाह देती हैं कि त्वचा और पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाएं। वे कहती हैं कि स्वस्थ खाना खाएं और बादाम, हर्बल चाय और हल्दी जैसे प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें। आयुर्वेद के मुताबिक, सही खानपान शरीर के तीन दोषों-वात, पित्त और कफ-को संतुलित करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, क्योंकि अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी है। बादाम को डाइट में शामिल करें- बादाम वात दोष को संतुलित करने की क्षमता रखते हैं। यह मौसम के असंतुलन को ठीक करते हैं और शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे सभी ऊतकों को ऊर्जा और ताजगी मिलती है। आयुर्वेद की पारंपरिक तैयारियों में बादाम का महत्वपूर्ण स्थान है, जो पूरे भारत में लोग अपनाते हैं। त्वचा के स्वास्थ्य के लिए, डॉ. मधुमिता रोजाना नाश्ते में बादाम शामिल करने की सलाह देती हैं ताकि स्वस्थ, चमकदार त्वचा मिले।

इक्विटी फंड में पांच माह की गिरावट थमी निवेश 24% बढ़कर 23587 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। मजबूत खुदरा भागीदारी और निवेशक अधिक रिटर्न की तलाश में सोने और चांदी के फंडों की ओर निवेश का रुख कर रहे थे। इससे निफ्टी-50 जून में तीन फीसदी बढ़ गया। स्मॉलकैप व मिडकैप में क्रमशः 6.7त्न और 4त्न की वृद्धि हुई।

इक्विटी म्यूचुअल फंडों में पांच महीने से जारी गिरावट थम गई। जून में शुद्ध निवेश 24 प्रतिशत बढ़कर 23,587 करोड़ रुपये हो गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया यानी एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, लगातार 52वें महीने निवेश आया है।

म्यूचुअल फंड में जून में कुल 49,301 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो मई के 29,572 करोड़ रुपये की तुलना में 67 फीसदी ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी म्यूचुअल फंडों में मई में 19,013 करोड़ रुपये का निवेश आया था। शुद्ध निवेश दिसंबर में 41,156 करोड़ रुपये से घटकर जनवरी में 39,688 करोड़ रुपये, फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये, मार्च में 25,082 करोड़ रुपये और अप्रैल में 24,269 करोड़ रुपये रहा था। नवंबर में यह 35,943 करोड़ रुपये था। डेट फंडों में से जून में 1,711 करोड़ रुपये की निकासी हुई। मई में 15,908 करोड़ निकाले गए थे। अप्रैल में कुल 2.2 लाख करोड़ का निवेश आया था।

म्यूचुअल फंड में निवेशकों के निवेश का मूल्य(एयूएम) जून में रिकॉर्ड 74.4 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो मई में 72.2 लाख करोड़ था। इक्विटी फंडों में सबसे अधिक फ्लैक्सी कैप में 5,733 करोड़ का निवेश आया। इक्विटी-लिंक्ड बचत योजनाएं (ईएलएसएस) एकमात्र ऐसी श्रेणी रही जिसमें 556 करोड़ की निकासी हुई।

शॉर्ट ड्यूरेशन फंड्स में सबसे अधिक 10,276 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। मनी मार्केट फंड्स में 9,484 करोड़ का निवेश हुआ। डायनॉमिक बॉन्ड फंड्स में सबसे कम 44 करोड़ रुपये आए।

लिक्विड फंड से सबसे ज्यादा निकासी लिक्विड फंडों से जून में सबसे अधिक 25,196 करोड़ रुपये निकाले गए। मई में 40,205 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। ओवरनाइट फंडों से 8,154 करोड़ रुपये, मध्यम अवधि के फंडों से सबसे कम 60.98 करोड़ रुपये की निकासी हुई।

व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में रिकॉर्ड 27,269 करोड़ रुपये का निवेश आया। खातों की संख्या मई के 8.56 करोड़ से बढ़कर जून में 8.64 करोड़ हो गई। निवेशकों के निवेश का मूल्य मई की तुलना में 20.2 प्रतिशत बढ़कर 15.31 लाख करोड़ हो गया।

मजबूत खुदरा भागीदारी और निवेशक अधिक रिटर्न की तलाश में सोने और चांदी के फंडों की ओर निवेश का रुख कर रहे थे। इससे निफ्टी-50 जून में तीन फीसदी बढ़ गया। स्मॉलकैप व मिडकैप में क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारतीय स्टेट बैंक शेयरों की बिक्री कर 25000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में, रिपोर्ट्स में दावा

नई दिल्ली, एजेंसी। संपत्ति के लिहाज से देश का सबसे बड़ा ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक, अगले हफ्ते संस्थागत क्यूआईपी के जरिए निवेशकों को 25,000 करोड़ रुपये (2.9 अरब डॉलर) के शेयर बेचने की तैयारी कर रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। संपत्ति के लिहाज से देश का सबसे बड़ा ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक, अगले हफ्ते संस्थागत क्यूआईपी के जरिए निवेशकों को 25,000 करोड़ रुपये (2.9 अरब डॉलर) के शेयर बेचने की तैयारी कर रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार यह देश का अपनी तरह का सबसे बड़ा सौदा हो सकता है।

ब्लूमबर्ग की ओर से इकट्ठा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अगर योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाता है, तो यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी होगा। यह 2015 में कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से की गई 225.6 अरब रुपये की बिक्री से भी आगे निकल जाएगा। बैंक के बोर्ड ने मई में इस बिक्री को मंजूरी दी थी।

सूत्रों के अनुसार, योजनाएं अभी अंतिम रूप नहीं ले पाई हैं और इनमें बदलाव हो सकते हैं। इस मामले में एसबीआई की ओर से फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह बिक्री एसबीआई की ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने, अपनी बैलेंस शीट को मज़बूत करने और नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने की व्यापक योजनाओं का हिस्सा है।

ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी सख्त, विजय देवरकोंडा व प्रकाश राज समेत 29 अभिनेताओं-यूट्यूबर्स पर केस

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत तेलंगाना में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं के अलावा कुछ सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों और यूट्यूबर्स की भूमिका की जांच के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आइए इस बारे में जानें।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। तेलंगाना में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं के अलावा कुछ सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स व यूट्यूबर्स सहित दो दर्जन से अधिक लोगों भूमिका की पड़ताल के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि इन दुकानों पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि अर्जित करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच राज्य पुलिस प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है।

ईडी मामले में देवरकोंडा, दग्गुबाती, मांचू लक्ष्मी, राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, अनन्या नागल्ला, टीवी होस्ट श्रीमुखी के अलावा स्थानीय सोशल मीडिया प्रभावितों और यूट्यूबर्स सहित लगभग 29 हस्तियों पर मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इन हस्तियों पर सेलिब्रिटी या विज्ञापन शुल्क प्राप्त करने के बदले जंगली रम्मी, जीतविन, लोटस 365 आदि जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स का समर्थन करने का संदेह है।

सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ जाने-माने व्यक्तियों ने पहले कहा था कि उन्हें उनके द्वारा पेश किए गए ऐप्स और उत्पादों की सटीक कार्यप्रणाली की जानकारी नहीं थी और उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सट्टेबाजी जैसी किसी भी गलत गतिविधि या अवैध गतिविधि के लिए इन प्लेटफार्मों के साथ खुद को नहीं जोड़ा।

आईपीओ बाजार में हलचल, 70 कंपनियों का 1.60 लाख करोड़ जुटाने का प्लान; निवेशकों की जबरदस्त दिलचस्पी

नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल आईपीओ बाजार में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 70 कंपनियों ने सेबी में मसौदा जमा कर 1.60 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। मीशो, पाइन लैब्स जैसे बड़े ब्रांड्स शामिल हैं। वहीं क्रायोजनिक ओजीएस को 17.77 करोड़ के लक्ष्य पर 8,220 करोड़ की रिकॉर्ड बोली मिली है।

चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल 70 कंपनियों ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा जमा कराया है। जबकि जनवरी से कुल 120 कंपनियों ने मसौदा जमा कराया है। यह सभी मिलकर 1.60 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाएंगी। कंपनियों को मसौदा जमा कराने के एक साल के भीतर आईपीओ लाना होता है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी के मुताबिक, अप्रैल में 24 कंपनियों ने मसौदा जमा कराया। मई में 17, जून में 18 और जुलाई में 14 ने मसौदा जमा कराया। मीशो 4,250 करोड़, पाइन लैब 6,000 करोड़, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड 10,000 करोड़ और क्रेडिला 5,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। इस साल 26 कंपनियों ने बाजार से 48,234 करोड़ जुटाए हैं।

गुजरात की क्रायोजनिक ओजीएस के इश्यू में निवेशकों ने 8,220 करोड़ रुपये की बोली लगाई है जबकि कंपनी को केवल 17.77 करोड़ जुटाने थे।

भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में, फिर वाशिंगटन दौरे पर जाएगी टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के साथ टैरिफ पर एक और दौर की वार्ता के लिए भारतीय टीम जल्द ही वाशिंगटन का दौरा करेगी। सरकार से जुड़े एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उधर, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने और उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

अमेरिका के साथ टैरिफ पर एक और दौर की वार्ता के लिए भारतीय टीम जल्द ही वाशिंगटन का दौरा करेगी। सरकार से जुड़े एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उधर, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने और उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है।

अग्रवाल प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार भी हैं। इस समझौते के पहले चरण को इस साल की शरद ऋतु (सितंबर-अक्तूबर) तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पहले, दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश हो रही है। अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अब तक 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए हैं।

उन्होंने यहां निर्यात लॉजिस्टिक्स पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, अब हम प्रमुख बाजारों के साथ भी एकीकरण कर रहे हैं...हमने हाल ही में ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है, हम यूरोपीय संघ के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में हैं, हम अमेरिका के साथ भी समझौते पर बातचीत कर उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत चिली और पेरू सहित लैटिन अमेरिकी देशों के साथ व्यापार समझौतों पर भी बातचीत कर रहा है।

छोटे चाय उत्पादकों ने की एमएसपी जैसी व्यवस्था की मांग, कहा- हो मूल्य निर्धारण में सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी। छोटे चाय उत्पादकों ने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे व्यवस्था की मांग की है। वे पुरानी मूल्य प्राप्ति चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिससे उन्हें लागत से कम कीमत मिल रही है। उन्होंने इस मांग को लेकर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को एक पत्र लिखा है।

देश के छोटे चाय उत्पादकों ने निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्य निर्धारण तंत्र स्थापित करने की मांग की है। इससे उन्हें पत्तियों को बेचकर उचित मूल्य मिलेगा। यह छोटे उत्पादक देश के चाय उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं।

इस मांग को लेकर उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को एक पत्र लिखा। पत्र में भारतीय लघु चाय उत्पादक संघों के परिसंघ (सीआईएसटीए) ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत मूल्य संरक्षण योजना का सुझाव दिया है। इसमें कहा गया कि चाय बोर्ड को छोटे उत्पादकों और कारखानों के बीच समान मूल्य-साझाकरण अनुपात निर्धारित करने के लिए गहरा अध्ययन करना चाहिए।

सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि छोटे उत्पादकों को लगातार कम कीमत की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इससे इस क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उत्पादक देश के चाय उत्पादन में 52 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं, और उचित मूल्य प्राप्ति तंत्र होना चाहिए ताकि आजीविका बनी रहे।चक्रवर्ती ने कहा कि एसोसिएशन ने मई 2023 में ही वाणिज्य मंत्रालय को एक विस्तृत स्थिति पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें इस क्षेत्र के सामने आने वाली संरचनात्मक बाधाओं को रेखांकित किया गया है, जो पुरानी मूल्य प्राप्ति चुनौतियों से जूझ रहा है।

उन्होंने कहा कि न्यूनतम बेंचमार्क मूल्य की अवधारणा को कुल बिक्री मूल्य से जुड़ी एक नई पद्धति से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए। इससे उत्पादकों को उचित और लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा। सीआईएसटीए ने श्रीलंकाई मॉडल का समर्थन किया है। इसके तहत नीलामी औसत से अधिक अधिशेष आय को कारखानों और उत्पादकों के बीच समान रूप से बांटा जाता है।

छोटे उत्पादकों के लिए मूल्य संरक्षण योजना का प्रस्ताव करते हुए, इसमें कहा गया है कि वर्तमान में हरी पत्तियों की औसत कीमत 22 रुपये से 25 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच है। वहीं उत्पादन लागत 17 रुपये से 20 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच है। चक्रवर्ती ने कहा कि मामूली मार्जिन पर उत्पादकों को 5 रुपये प्रति किलोग्राम की उपज प्राप्त होती है। दूसरी ओर, एजेंट आमतौर पर 2 रुपये प्रति किलोग्राम लेते हैं। सीआईएसटीए ने कहा कि यह एक बड़ी बाधा है और उत्पादक सीधे कारखानों को बेचने में सक्षम होने चाहिए।

चार ट्रिलियन डॉलर की पहली कंपनी बनी एनवीडिया, टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित पहली बार्बी बाजार में आई

नई दिल्ली, एजेंसी। सिलिकॉन वैली की चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया बुधवार को दुनिया की पहली सार्वजनिक कंपनी बन गई, जिसका मूल्यांकन चार ट्रिलियन डॉलर से भी ज्यादा हो गया है। एनवीडिया ने यह उपलब्धि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण हासिल की है। इसकी खास चिप्स एआई तकनीक में बहुत काम आती हैं, और दुनियाभर में इनकी मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। प्रौद्योगिकी में ये बदलाव वैसे ही बड़े माने जा रहे हैं, जैसे एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स ने 18 साल पहले आईफोन लॉन्च करके दुनिया की टेक्नोलॉजी को बदल दिया था। इन बदलावों के चलते एआई क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एनवीडिया का मूल्य अब एप्पल से 900 बिलियन डॉलर अधिक है। एप्पल आईफोन की सफलता के बल पर 1, 2 और अंततः 3 ट्रिलियन डॉलर के मूल्यांकन वाली पहली सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी बनी थी।

मैटल ने अपनी एक नई बार्बी पेश की है, जो टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है। कंपनी का यह कदम अपनी गुड़ियाओं में विविधता और समावेश बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा है। मैटल ने मंगलवार को कहा कि इस गुड़िया को बनाने के लिए उसने ब्रेकथ्रू टी1डी- एक टाइप 1 डायबिटीज अनुसंधान और वकालत संगठन के साथ साझेदारी की है, जिसे पहले जुवेनाइल डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन या जेडीआरएफ के नाम से जाना जाता था। यह संगठन टाइप 1 डायबिटीज पर रिसर्च करता है और इस बीमारी से जूझ रहे लोगों की मदद करता है। इस सहयोग का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि गुड़िया का डिजाइन असली जिंदगी से मेल खाए और उस समुदाय की सही तस्वीर दिखाए। कैलिफोर्निया स्थित कंपनी ने बताया कि गुड़िया में ऐसे सहायक उपकरण लगाए गए हैं, जो टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए जरूरी होते हैं। जैसे- बांह पर कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनीटर (सीजीएम)- यह एक छोटा सा उपकरण है जो लगातार ब्लड शुगर लेवल को मापता है। इसके अलावा, कमर पर इंसुलिन पंप- ये शरीर को जरूरी मात्रा में इंसुलिन देता है। हाथ में एक मोबाइल फोन- इसमें एसा ऐप दिख रहा है जो डायबिटीज को मैनेज करने में मदद करता है। नीला पर्स- इसमें जरूरी और खाने-पीने की चीजें रखी जा सकती हैं। इस बार्बी का कपड़ा भी नीले रंग का है, जिस पर सफेद पोल्का डॉट्स बने हैं। नीला रंग डायबिटीज जागरूकता का प्रतीक है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने आय से अधिक संपत्ति रखने और रिश्वतखोरी से जुड़े एक मामले में धन शोधन निरोधक कानून के तहत मध्य प्रदेश के एक पूर्व ईपीएफओ अधिकारी और उनके परिवार की 50 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति अटैच की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अधिकारी श्यामलाल अखंड के खिलाफ मंगलवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया। ईडी ने दावा किया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में एक प्रवर्तन अधिकारी के रूप में, अखंड ने 2009 और 2019 के बीच जांच अवधि के दौरान अपनी ज्ञात वैध आय से अधिक अवैध रूप से संपत्ति जमा करने के लिए अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया।

ग्रैन्यूल्स ने अमेरिका में रक्तचाप कम करने वाली दवा की 33 हजार बोतलें वापस मंगाई- दवा कंपनी ग्रैन्यूल्स इंडिया विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिका में रक्तचाप कम करने वाली एक जेनेरिक दवा की 33 हजार से अधिक बोतलें वापस मंगा रही है। अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (एफडीए) ने ने अपनी हालिया प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि हैदराबाद स्थित दवा विनिर्माता कंपनी 100 और 500 गोलियों वाली मेटोप्रोलोल सक्सीनेट विस्तारित-रिलीज टैबलेट की 33,024 बोतलें वापस मंगा रही है। अमेरिका स्थित ग्रैन्यूल्स फार्मास्युटिकल्स इंक ने कहा कि वह विनिर्देशों में विफल रहने के कारण भारत में उत्पादित खेप को वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने कहा कि यह उत्पाद छठे महीने में स्थिरता अध्ययन में मानदंडों को पूरा करने में विफल रहा। ग्रैन्यूल्स ने 24 जून को राष्ट्रव्यापी श्रेणी-दो वापसी अभियान की शुरुआत की थी। यूएसएफडीए के अनुसार श्रेणी-दो वापसी अभियान तब शुरू किया जाता है, जब उल्लंघनकारी उत्पाद के उपयोग या संपर्क से अस्थायी या चिकित्सकीय रूप से प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।

कार्लाइल समेत दो पर चार लाख का जुर्माना- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने क्वेस्ट ग्लोबल सर्विसेज में हिस्सा लेने के लिए गलत तरीके से ग्रीन चैनल रूट का उपयोग करने के लिए कार्लाइल और बेक्क्रेस्ट पर 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला क्वेस्ट में 23.6 प्रतिशत हिस्सा लेने से जुड़ा हुआ है।

धोखाधड़ी से एटीएम से निकाली गई रकम, एसबीआई को देना पड़ा हर्जाना- एक व्यक्ति के एटीएम से धोखाधड़ी से रकम निकालने के मामले में 11 साल बाद भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई को हर्जाना देना पड़ा है। एसबीआई के इस ग्राहक के एटीएम से 4 जनवरी, 2014 को तीन बार में 22,000 रुपये की नकदी निकाली गई थी। ग्राहक का दिल्ली के एसबीआई में खाता था। फिर इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम से पैसे निकाले। इसके बाद उन्हें 22,000 रुपये निकासी के तीन संदेश आए। उन्होंने एसबीआई व आरबीआई बैंकिंग लोकपाल के पास शिकायत दर्ज कराई। सफलता नहीं मिलने पर दिल्ली उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। 25 अक्तूबर, 2017 को दिल्ली जिला उपभोक्ता आयोग ने एसबीआई को 4 जनवरी, 2014 से वसूली तक 10त्न सालाना ब्याज सहित 20,000 रुपये वापस करने का निर्देश दिया।

बिहार में कांवरियों को मिलेगी जर्मन टेंट सिटी की सुविधा

श्रावणी मेले की शुरूआत, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ से देवघर तक की कनेक्टिविटी

पटना। सावन महीने की शुरूआत आज यानी शुक्रवार से हो गई है। सावन में एक महीना श्रावणी मेला लगता है। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु कांवर लेकर देवघर यानी बाबाधाम जाते हैं। यह यात्रा बिहार के सुल्तानगंज से शुरू होती है। श्रद्धालु ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं। वहीं, सोनपुर के पहलेजा घाट से भी श्रद्धालु गंगाजल लेकर मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ तक कांवर लेकर जाते हैं। इस साल कांवरियों को लेकर बिहार सरकार की ओर से भी सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

अगर आप भी बिहार से अपनी यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं, तो दैनिक भास्कर के इस स्पेशल रिपोर्ट में पढ़िए, वह सभी जानकारी जो आपके कांवर यात्रा में मददगार साबित होगी। कांवरियों की सुविधा के लिए भागलपुर के सुल्तानगंज में 200 बेड की टेंट सिटी, मुंगेर के खैरा में 200 बेड और धोबई में 200 बेड की टेंट सिटी और बांका के अबरखा में 600 बेड की जर्मन हैंगर वाले टेंट सिटी का निर्माण किया गया है। इसके लिए फ्री बुकिंग है, जो की ऑन स्पॉट होगी। सभी टेंट सिटी में पेयजल, शौचालय, कांवर स्टैंड, साफ-सफाई, बिजली, दर्पण और पूरे मेला अवधि में नामित घाट, सुल्तानगंज, अबरखा, खैरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कांवरियों की सुविधाओं के लिए हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर 18003097677 जारी किया गया है। इस नंबर को डायल करके श्रद्धालु यात्रा से जुड़ी कोई भी समस्या बता सकते हैं।

इसके लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो 24 घंटे एक्टिव रहेगा। कांवर रूट पर निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मुंगेर के कच्ची कांवरिया पथ पर किसी भी तरह के वाहनों के प्रवेश पर रोक हैं।

वाहन कच्ची कांवरिया पथ से सटे सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग से जाएंगे। कांवरिया सुरक्षित स्थान देखकर कहीं भी सड़क को छोड़ अपना वाहन पार्किंग कर सकते हैं। वहीं, बैद्यनाथ मंदिर से 3 किलोमीटर दूर श्रद्धालुओं के निजी वाहनों की निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। देवघर के लिए बड़े शहरों से 3 तरफ से ट्रेन कनेक्टिविटी है। इसमें सबसे प्रमुख जसीडीह रेलवे स्टेशन है। वहीं, सुल्तानगंज से देवघर के बीच भी ट्रेनें चलती है। रेलवे की ओर से श्रावणी मेले के दौरान कई स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इसके अलावा बिहार और झारखंड के कई बड़े शहरों से देवघर के लिए सीधी बस की सुविधा है। इसमें भागलपुर, रांची, पटना, मुजफ्फरपुर, दुमका, गोंडा सहित कई और जगह से बसें आती है। वहीं, सावन महीने में सुलतानगंज बस स्टैंड से देवघर जाने के लिए हर 10 मिनट पर बस खुलती है, जो 4 घंटे में देवघर पहुंचा देती है। सुल्तानगंज घाट और अजगैबीनाथ में चेंजिंग रूम, सोलर लाईट और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की गई है। बांका के जिलेबिया, चिहुतजोर और सुईया में भोजन स्थल, फूड कियोस्क, ए.टी.एम/दुकान, स्वागत कक्ष, पर्यटक सूचना केन्द्र, हॉल और पुरुष/महिला शौचालय की सुविधा है। सुल्तानगंज के धांधी बेलारी, मुंगेर, बांका के लुल्हा, शिवलोक, सुईया, चिहुतजोर में बारिश से बचने के लिए रेन शेल्टर की सुविधा है। इसमें पुरुष/महिला शौचालय भी उपलब्ध है। बांका के टंकेश्वर के कैफेटेरिया में भोजन स्थल, पेंट्री, किचन स्थल और शौचालय उपलब्ध है। इनारावरण में सिटिंग शेल्टर बनाया गया है। सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर 34 पुलिस चेक-पॉइंट्स बनाए गए हैं, नियमित और सादी वर्दी में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। सुल्तानगंज में 312 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अजगैबीनाथ मंदिर परिसर और मुख्य प्रवेश द्वार पर हाई-रेजोल्यूशन नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं। सुल्तानगंज में अजगैबीनाथ घाट, कांवरिया पथ, नमामि गंगे घाट, बबलपुर मोड़ और नगर परिषद मैदान में अस्थाई थाना बनाए गए हैं। बांका में कांवरिया पथ के किनारे 2300 स्थायी बेंच और कांवर स्टैंड बनाए गए है। सावन में बाबा भोले नाथ की दर्शन के लिए मंदिर से पहले करीब 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगती है। यहां श्क्ष्ढ दर्शन जैसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। टेंट सिटी- पहलेजा में 500 लोग और फ्ल्र कॉलेज में 1000 लोगों की बैठने की क्षमता वाले जर्मन हैंगर टेंट सिटी का निर्माण किया गया है। वैशाली के गोरौल और बिठौली और मुजफ्फरपुर के तुर्की में 200 लोगों के बैठने की क्षमता वाली टेंट सिटी का निर्माण किया गया है। इसमें पंखे, कूलर, कुर्सियां, टेबल, और सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। गाड़ियों का रूट- शनिवार शाम से सोमवार के दोपहर तक पटना रूट पर बस और बड़े वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। महुआ होकर गाड़िया आएगी-जाएगी। पटना से मुजफ्फरपुर के लिए हर रोज करीब 25 बस हर आधे घंटे में खुलती है। मुजफ्फरपुर से सीधी बसें बिहार के विभिन्न शहरों में भी जाती है। इसमें समस्तीपुर, रोसरा, दरभंगा, पटना, सीतामढ़ी, हाजीपुर शामिल है। वहीं, झारखंड, कोलकाता जैसे दूसरे राज्यों के शहरों में भी मुजफ्फरपुर सीधी बस चलती है। श्रद्धालुओं के लिए कांवरिया पथ पर जगह-जगह ठहरने की सुविधा, जगह-जगह शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम, चिकित्सा शिविर, साफ सफाई की व्यवस्था की गई है। कांवरिया पथ पर बीच-बीच में 80 कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। श्रद्धालु की चिकित्सीय सहायता के लिए जगह-जगह 18 मेडिकल कैंप लगाए गए हैं। इसमें डॉक्टर, स्वास्थ कर्मी, दवा की व्यवस्था की गई है। आरडीएस कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बांस के कांवर स्टैंड भी बनाए गए हैं।

बिहार के 1.11 करोड़ लोगों के खाते में पेंशन की राशि ट्रांसफर

जानिए, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने क्या कहा...

पटना। बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारवासियों को बड़ा तोहफा दे दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि को एक करोड़ 11 लाख लोगों के खाते में ट्रांसफर कर दिया है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार निशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभुकों के खाते में आज 400 रुपये की जगह 1100 रुपये मिले। सीएम नीतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अणे मार्ग स्थित संवाद में 1227.27 करोड़ की राशि डीबीटी के जरिए हस्तांतरित कर दी। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में महीने के 10 तारीख को लोगों के खाते में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि ट्रांसफर कर दी जाए। आइए जानते हैं सीएम नीतीश कुमार ने क्या-क्या बातें कहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हर महीना की 10 तारीख को आपके खाते में 1100 रुपये चला जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने लालू राज की याद फिर से दिलाई। कहा कि 2005 से पहले क्या हुआ था? यह आपलोग सब जानते ही हैं।

पहले उनलोगों ने क्या काम किया था। आपको याद दिलाते हैं हमलोगों ने ही काम किया था। पहले महिला को कोई पूछता था। पिछली सरकार ने महिलाओं के क्या किया? वह तो आपलोग जानते ही हैं। लेकिन, हमलोग आए तो महिलाओं के लिए काफी काम किया। 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। नौकरी में भी 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। अब देखिए महिलाएं कितनी खुश हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आप सभी स्वस्थ एवं सुखी रहें और इसीलिए मैंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि आप सभी को आयुष्मान भारत कार्ड भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अस्वस्थता की स्थिति में आपको निःशुल्क उचित उपचार मिल सके। वृद्धजन, विधवा महिलाएं एवं दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका जीवन बेहतर करने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

बाबा गरीब नाथ के दर्शन को उमड़े भक्त

मुजफ्फरपुर। सावन माह की से विधिवत शुरूआत हो गई है। सावन के पहले सोमवार को उत्तर बिहार के सबसे बड़े शिव मंदिरों में शुमार बाबा गरीबनाथ धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ह्यबोल बमह्ण और ह्यहर हर महादेवह्ण के जयकारों के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की। सावन के पहले दिन बाबा गरीबनाथ के दर्शन और पूजन के लिए दूर-दराज से भक्तों का आना लगातार जारी है। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में आसपास के जिलों और अन्य राज्यों से भी कांवरिये पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु गंगा नदी से जल भरकर पहलेजा घाट से कांवर यात्रा शुरू करेंगे और पैदल चलते हुए बाबा गरीबनाथ धाम पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर समिति के प्रधान पुजारी एवं प्रशासक पंडित विनय पाठक ने बताया कि सावन माह में हर रविवार और सोमवार को विशेष अरघा से बाबा का जलाभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालु आज सीधे जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं बाबा के चरणों में समर्पित कर रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारी की है। मंदिर परिसर और आस-पास की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, लाइन में दर्शन की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन के सहयोग से कांवरियों के पड़ाव स्थल और यात्रा मार्ग पर भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

संक्षिप्त डायरी

मंच पर मंत्री जी दे रहे थे भाषण, नशे में धुत होकर पहुंच गया अफसर, शराबबंदी की खुली पोल

सुपौल। गुरुवार को नशे में धुत जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। मछुआरा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वे नशे की हालत में पहुंचे थे। कार्यक्रम में पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू, जिलाधिकारी सावन कुमार समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उसकी एक्टिविटी पर संदेह हुआ और जिलाधिकारी के आदेश से उसकी मेडिकल जांच करवाई गई। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि हुई और इन्हें मुकदमा दर्ज करते हवालात भेज दिया गया। पिछले साल भी ये नशे की हालत में गिरफ्तार किए गए थे। 09 मार्च 2024 को ये नेपाल से शराब पीकर आ रहे थे, इसी दौरान भीमनगर बॉर्डर के पास इसे शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में ये कोर्ट से जमानत पर छूटे। इसके बावजूद विभागीय कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हुई और वे अब तक पद पर बने रहे। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, ऐसे में एक वरिष्ठ पदाधिकारी का इस तरह से नियमों की खुलेआम अवहेलना करना न केवल सरकार की साख को धक्का पहुंचाता है, बल्कि विभागीय अनुशासन पर भी सवाल खड़े करता है। अब देखना है कि इस बार प्रशासन और विभागीय स्तर पर उनके खिलाफ क्या सख्त कदम उठाए जाते हैं।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए वेटरनरी कॉलेज के स्टूडेंट्स, सुरक्षा मांग रहे

पटना। बिहार वेटरनरी कॉलेज के छात्र अनिश्चितकालीन हड़ताल चले गए हैं। वह बिहार पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि हमलोग यहां पढ़ाई के लिए आए हैं। लेकिन, हमेशा असामाजिक तत्व परेशान करते रहते हैं। डराने के लिए गोलीबारी भी करते रहते हैं। दिनभर कांलेज के मैदान में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहा है। यह लोग यहां नशा करते हैं। हमलोगों के साथ अभद्रता करते हैं। स हमलोगों के साथ कई बार मारपीट करते रहते हैं। कई बार पुलिस से इसकी शिकायत की लेकिन कोई फायदा नहीं होता है। इसलिए आज से हमलोगों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि गुरुवार को हमारे कॉलेज के छात्र को हत्या की नीयत से गोली मार दी गई थी। घायल छात्र को आननफानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज हो रहा है। छात्र मीठापुर का रहने वाला मयंक कुमार है। वह मेडिकल के द्वितीय सेमेस्टर में पढ़ता है। मयंक के साथियों ने बताया कि दो चार दिन पहले कुछ लड़के आपस में क्रिकेट खेलने को लार एक दूसरे से झगड़ा किये थे। झगड़ा के बाद मामला शांत हो गया था। आज शाम में मयंक अपने दोस्तों के साथ वेटरनरी कॉलेज के ग्राउंड पर क्रिकेट खेल रहा था। तभी कुछ लड़के ग्राउंड में आये और कैंपस में घुसते ही फायरिंग करने लगे। अचानक फायरिंग होने से ग्राउंड में अफरातफरी का माहौल हो गया। क्रिकेट खेल रहे लडके इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान एक गोली मयंक के हाथ में लग गई। गोली लगते ही आननफानन में वहन से किसी तरह भागकर बाहर निकले और फिर डॉक्टर के पास आकर घटना की जानकारी अपने घर वालों को दी।

स्थानीय युवकों ने 5 राउंड फायरिंग, मारपीट भी की

पटना। वेटनरी कॉलेज परिसर में स्थानीय युवकों को क्रिकेट खेलने से मना करने पर बाइक से आए बदमाशों ने छात्र मयंक कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया। वेटनरी कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र मयंक के हाथ में एक गोली लगी। एक गोली सिर के बगल से गुजर गई। छात्रों ने उसे आईजीआईएमएस में भर्ती कराया। कॉलेज के छात्रों ने बताया कि स्थानीय युवकों को कहा गया था कि शाम 4 से 6 बजे तक हॉस्टल के छात्र किक्रेट खेलेंगे, पर वे लोग नहीं माने। दो दिन पहले भी इसी को लेकर विवाद हुआ था। इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई थी। गुरुवार की शाम आरवन 5 ओर एक बाइक से चार-पांच स्थानीय युवक आए। वहां मयंक और अन्य छात्र मौजूद थे। पहले उन लोगों ने छात्रों से गाली-गलौज की। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद 5 राउंड फायरिंग की। एक गोली मयंक के हाथ में लगी और दूसरी सिर के बगल से गुजर गई।

दरभंगा एम्स को लेकर आ गया नया अपडेट

दरभंगा। दरभंगा एम्स देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिथिला के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता का सबसे बड़ा उदाहरण है। जबतक इस धरती का अस्तित्व बना रहेगा, तब तक साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के साथ साथ नेपाल के चौदह जिले, सिक्किम जैसे पूर्वोत्तर के राज्यों के 15 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने दरभंगा एम्स के डॉयरेक्टर डॉ. माधवानंद कर सहित अन्य अधिकारियों के साथ एम्स के निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक किए जाने के बाद उपरोक्त बातें कही। सांसद ने दरभंगा स्थित एम्स डॉयरेक्टर के कार्यालय में एम्स निर्माण से जुड़ी सभी मुद्दों पर समीक्षा की। उन्होंने बताया कि दरभंगा एम्स के लिए

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के व्यक्तिगत अभिरुचि के कारण बिहार सरकार ने 183 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया है। जिसपर एम्स के लिए बाउंड्रीवाल के साथ-साथ सभी प्रकार के आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए यहां के डॉयरेक्टर के साथ आईआईटी रुड़की की डॉ. महुआ मुखर्जी, आईआईटी दिल्ली के डॉ. एनके झा, पटना एम्स के डॉ. सौरभ वार्ष्णेय सीनियर आर्किटेक डॉ. राजीव कन्नौजिया निर्माण कंपनी के सुभाष कुमार की टीम ने डिजाइन को फाइनल कर विभाग को सौंप दिया है। सांसद ने बताया कि 37.82 करोड़ की लागत से 5.3 किलोमीटर में एक मई को बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शुरू हुआ। जिसे 30 अप्रैल 2026 तक पूरा कर लिया जाना है तथा बरसात के बाद नवंबर-दिसंबर से 93 एकड़ में एम्स के मुख्य भवन सहित अन्य आधारभूत संरचना के अन्य निर्माण कार्यों को शुरू किया जाएगा।

कुख्यात इनामी बदमाश शादाब खान गिरफ्तार

चर्चित शेरघाटी कोर्ट परिसर में गोलीबारी की घटना में था शामिल

शेरघाटी (गया)। वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निदेर्शानुसार गया जिले में अपराध नियंत्रण हेतु जिला में कुख्यात अपराधकर्मियों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार चल रही विशेष छापामारी अभियान में 50 हजार का इनामी बदमाश शादाब खान उर्फ लल्लू खान की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। एएसपी शैलेंद्र सिंह शेरघाटी वन ने गुरुवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि झारखंड का रहने वाला कुख्यात के खिलाफ अलग अलग थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक प्राथमिकी दर्ज है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली कि उक्त कुख्यात देलहो होते हुए मदनपुर के रास्ते औरंगाबाद जाने वाला है।

वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सघन वाहन जांच लगाया गया जहां से एक बाइक पर सवार दो लोग पकड़े गए। हिरासत में लिए गए बदमाश की पहचान शादाब खान उर्फ लल्लू खान ग्राम पथरा, वजूददीन खान ग्राम जोलह बीघा दोनों थाना प्रतापपुर चतरा झारखंड के रूप में की गई है। उक्त पकड़ाए दोनों बदमाशों का तलाशी लिया गया तो तलाशी के क्रम में शादाब खान उर्फ लल्लू खान के पास से एक देशी पिस्टल, मैगजीन लगा हुआ जिसे अनलोड करने पर उसमें से छह जिंदा कारतूस , एक देशी कट्टा जिसे अनलोड करने पर उसमें से पांच जिंदा कारतूस एक वाई-फाई डिवाइस एवं एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ। वजुद्दीन खान के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत आमस में प्राथमिकी कराई गई है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 जुलाई 2024 को शेरघाटी कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े कुछ अपराधियों के द्वारा पेशी में आए कैदी फोटो खान को गोली मारने के उद्देश्य से फायरिंग की घटना की गई थी। कोर्ट परिसर की सुरक्षा में नियुक्त एवं उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा साहस एवं दृढ़ता का परिचय देते हुए तुरंत ही फायरिंग करने में शामिल 01 अपराधकर्मी को गिरफ्तार एवं 01 विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया था। शेष फरार चल रहे थे। इसके 29 अक्टूबर 2024 को चंदौती थाना अन्तर्गत इंग्लिश गांव के निकट कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। इलाज के क्रम में उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। जिसमें भी उक्त बदमाश की संलिप्तता है। इसके पूर्व में इस कांड के 06 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। छापेमारी सह सघन वाहन जांच में आमस थानाध्यक्ष, आमस थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं एसटीएफ गया के पुलिस पदाधिकारी कर्मी शामिल थे। उक्त बदमाशों के खिलाफ बिहार और झारखंड में 18 प्राथमिकी दर्ज हुई है।

कृष की चौथी किस्त में ऋतिक की तिहरी भूमिका, रेखा और प्रीति जिंटा भी होंगी हिस्सा

ऋतिक रोशन की मशहूर सुपरहीरो सीरीज कृष एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। कृष 4 अब तक की सबसे बड़ी, सबसे रोमांचक और भावनात्मक कहानी लेकर आ रही है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के बाद दो और बड़े नाम जुड़ने की जानकारी सामने आई है।

शानदार कलाकारों की वापसी

एक खबर के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा अपनी पुरानी भूमिका में लौट रही हैं, जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। साथ ही, रेखा और प्रीति जिंटा भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी। रेखा, जो कोई मिल गया और कृष में ऋतिक की मां की भूमिका निभा चुकी हैं, कहानी को जोड़े रखेंगी, जबकि प्रीति जिंटा की वापसी नए रंग लाएंगी। इस बार ऋतिक रोशन तीन अलग-अलग किरदार निभाएंगे। जो अतीत, वर्तमान और भविष्य से जुड़े होंगे। कहानी एक बड़े वैश्विक खतरे के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसमें कृष को अलग-अलग रूप लेने होंगे। कृष 4 में शानदार विज़ुअल इफेक्ट्स और जबरदस्त एक्शन होगा। साथ ही, यह फिल्म परिवार, प्यार और बलिदान की भावनाओं को भी छूएगी। वाईआरएफ स्टूडियो में प्री-विज़ुअलाइजेशन का काम शुरू हो चुका है, और यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर के वीएफएक्स से टक्कर लेगी। खास बात यह है कि ऋतिक रोशन पहली बार निर्देशन भी कर रहे हैं और स्क्रिप्ट को बेहतर बनाने के लिए आदित्य चोपड़ा की टीम के साथ काम कर रहे हैं।

क्या होगा खास?

प्री-प्रोडक्शन में चल रही कृष 4 सिर्फ एक सुपरहीरो फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। बेहतरीन कलाकार, नई कहानी और शानदार दृश्यों के साथ यह फिल्म भारतीय फंतासी और विज्ञान कथा सिनेमा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

रवि किशन की बेटी रीवा इन शर्तों पर कर सकती हैं भोजपुरी फिल्में

भोजपुरी एक्टर रवि किशन यूं तो तीन बेटियों और एक बेटे यानी 4 बच्चों के पिता हैं, लेकिन यहां बात करने जा रहे हैं उनकी बेटी रीवा के बारे में। भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके रवि किशन की बेटी रीवा किशन रियल लाइफ में काफी ग्लैमरस हैं और उन्होंने भी अपने पिता के नक्शे कदम पर आगे बढ़ते हुए फिल्मों में कदम बढ़ाने का फैसला लिया था।

ग्लैमर के मामले में सारे स्टार किड्स को टक्कर देती हैं रवि किशन की बेटी रीवा रवि किशन की बेटी रीवा ग्लैमर के मामले में किसी स्टार किड्स से कम नहीं। कई बार तो हॉलीवुड एक्ट्रेस को भी टक्कर देती हैं। रीवा सोशल पर काफी एक्टिव हैं। रीवा ने पिता और फिल्मों से प्रेरित होकर पहले ही एक्टिंग की दुनिया में आगे आने का फैसला ले लिया था। इसके लिए तैयारी भी शुरू की और नसीरुद्दीन शाह के एक्टिंग ड्रामा ग्रुप से एक साल की ट्रेनिंग ली।

सब कुश मंगल से डेब्यू

रीवा ने साल 2020 में सब कुश मंगल फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में अक्षय खन्ना के साथ रीवा के ऑपोजिट पद्मिनी कोल्हापुरे के बेटे प्रियांक शर्मा नजर आए थे। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चली भी नहीं। हालांकि इसके बाद रीवा किसी फिल्म में नहीं दिखीं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। रीवा ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्मों में एंट्री का प्लान उनका हमेशा से था। उन्होंने कहा था, मैं फिल्मों में काम शुरू करने से पहले दुनिया भर में ट्रैवल और एक्टिंग वर्कशॉप करना चाहती हूं। उन्होंने कहा था, मुझे अपने पिता की वजह से अधिक से अधिक तीन फ़िल्में मिलेंगी, लेकिन उसके बाद मुझमें कौन इन्वेस्ट करेगा? ये मेरा टैलेंट होगा जो मुझे यहां बरकरार रहने में मदद करेगा। रीवा ने बताया था कि पापा रवि किशन ने जब उनकी फिल्म का ट्रेलर देखा था तो उन्हें लगा था कि उनके अपने ही घर में ये बच्चा स्टार है। वहीं रीवा ने भोजपुरी फिल्मों में भी काम करने को लेकर बातें की थीं।

अगर अच्छी स्क्रिप्ट मिले

भोजपुरी फिल्मों में काम को लेकर रीवा ने कहा था कि अगर अच्छी स्क्रिप्ट मिले तो वो इस इंडस्ट्री में जरूर काम करेंगी। इसके अलावा भोजपुरी फिल्मों में काम करने की दूसरी शर्त ये रखी कि वो फिल्म डैड (रवि किशन) प्रड्यूस करें, क्योंकि उन्हें यकीन है कि पापा कुछ अमेजिंग लेकर आ सकते हैं।

रणवीर सिंह और प्रभास के बीच होगी बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत, शाहिद कपूर भी होंगे मैदान में

इस साल का दिसंबर फिल्मप्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है। कारण है एक नहीं, दो नहीं बल्कि बॉक्स ऑफिस पर तीन बड़ी फिल्मों का सीधा टकराव। रिपोर्ट्स की मानें तो रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर और प्रभास की द राजा साब अब 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यही नहीं, इन दोनों फिल्मों के साथ विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म भी उसी दिन रिलीज हो रही है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर महाभारत होना तय माना जा रहा है।

रणवीर और प्रभास की होगी भिड़ंत

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट की मानें तो रणवीर सिंह और प्रभास की टक्कर देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह के जन्मदिन यानी 6 जुलाई को जहां धुरंधर का टीजर रिलीज किया जाएगा, वहीं ये भी कन्फर्म कर दिया गया है कि फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य धर कर रहे हैं, जो इससे पहले उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक जैसी ब्लॉकबस्टर बना चुके हैं। फिल्म को लेकर बताया जा रहा है कि ये भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के शुरुआती दिनों और एक गुप्त ऑपरेशन से प्रेरित है, जिसमें पाकिस्तान में अबू कताल नाम के आतंकवादी की रहस्यमयी हत्या को दर्शाया जाएगा।

द राजा साब की रिलीज डेट भी 5 दिसंबर

वहीं दूसरी ओर, प्रभास की द राजा साब एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें उन्हें एक अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। फिल्म को बड़े पैमाने पर कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि दोनों फिल्मों में संजय दत्त भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

विशाल भारद्वाज की फिल्म भी आएगी



तीसरी फिल्म जो इस दिन रिलीज के लिए तैयार हो रही है, वो है विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म, जिसमें शाहिद कपूर, त्रिप्ती डिमरी, नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आएंगे। इसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। रणवीर की धुरंधर जहां थ्रिल, देशभक्ति और इंटेलिजेंस ऑपरेशन्स से भरपूर है, वहीं द राजा साब में हॉरर और कॉमेडी का अनोखा मेल दिखेगा। तीनों ही फिल्में अपने-अपने जनर में जबरदस्त दावेदार हैं, जिससे यह दिन बॉक्स ऑफिस इतिहास में खास दर्ज होने वाला है।

दर्शकों के लिए ये उत्साह से कम नहीं

बॉलीवुड के जानकारों का मानना है कि इस टकराव से सभी फिल्मों को एक-दूसरे की कमाई पर असर झेलना पड़ सकता है। लेकिन वहीं दर्शकों के लिए ये मौका किसी उत्सव से कम नहीं होगा—एक दिन में तीन जबरदस्त फिल्मों का रोमांच। अब देखना दिलचस्प होगा कि रणवीर, प्रभास और शाहिद में से किसकी फिल्म जीतती है दर्शकों का दिल और बॉक्स ऑफिस की जंग।

सीरीज 'स्पेशल ऑप्स 2' की रिलीज डेट बदली, जानें कब दे रही दस्तक?

हाल ही में अभिनेता केके मेनन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जानकारी दे रहे हैं कि तय तारीख पर सीरीज 'स्पेशल ऑप्स 2' का प्रीमियर नहीं होगा। अब इसकी रिलीज की तारीख बदल चुकी है। क्या है नई तारीख? और ये फैसला क्यों लिया गया है? इस बारे में भी केके मेनन ने जानकारी साझा की।
केके मेनन इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो में कहते हैं, 'अब 'स्पेशल ऑप्स 2' 11 जुलाई की बजाय 18 जुलाई को रिलीज होगा। कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं होती है, इसलिए हमें यह फैसला लेना पड़ा है। मगर दर्शकों को एक साथ ही सभी एपिसोड देखने को मिलेंगे।' यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। 'स्पेशल ऑप्स 2' में भी स्पेशल एजेंट हिम्मत सिंह अपनी टीम के साथ आतंकवादियों का मुकाबला करेगा। इस बार इंटरनेशनल लेवल का मिशन हिम्मत सिंह हैंडल करेगा। नीरज पांडे निर्देशित इस सीरीज में इस बार साउथ के पॉपुलर एक्टर प्रकाश राज भी नजर आएंगे। प्रकाश राज, केके मेनन के अलावा इस सीरीज में करण टैकर, फारुक अली भी नजर आएंगे। ये भी सीरीज में स्पेशल एजेंट्स के रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। सीरीज का दूसरा पार्ट लगभग पांच साल के बाद वापस आया है।

सानंद ने साझा किया विक्रांत मैसी और शनाया कपूर के साथ काम करने के अनुभव

भाबीजी घर पर हैं फेम अभिनेता सानंद वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। अभिनेता ने अपने किरदार के बारे में बताया कि इसे रचने में हेमा मालिनी के 'शोले' के किरदार बसंती से प्रेरणा मिली। इस फिल्म में सानंद का किरदार एक मजेदार और बातूनी ड्राइवर का है। सानंद ने अपने किरदार के बारे में बताया, अपकमिंग फिल्म में मेरे किरदार का नाम शौकी लाल है, जिसका नाम भी काफी मजेदार है। वह एक हंसमुख और बातूनी ड्राइवर है, जो बिल्कुल रुकता नहीं और लगातार बात करता है। यह किरदार 'शोले' की बसंती की याद दिलाता है, जो गाड़ी चलाते हुए लगातार बोलती थी, खूब बात करती थी। उन्होंने बताया कि शौकी लाल फिल्म की कहानी में कॉमेडी के साथ एनर्जी भी लाता है, फिल्म का एक खास हिस्सा है। सानंद ने शुरू में सोचा था कि उनका किरदार गुटखा चबाता हो, लेकिन सेट पर डायरेक्टर संतोष सिंह के सुझाव पर इसे हटा दिया गया। सानंद ने बताया, मेरा किरदार स्वाभाविक है, इसलिए ज्यादा तैयारी की जरूरत नहीं पड़ी। मैंने अपनी जिंदगी में कई बातूनी ड्राइवर देखे हैं और 'शोले' को 15 बार देखने के बाद बसंती मेरे लिए एक रेफरेंस बन गई। फिल्म के ड्राइविंग सीन्स उत्तराखंड की पहाड़ियों में खतरनाक मोड़ों पर शूट किए गए हैं। सानंद ने बताया, मैं 22 साल से गाड़ी चला रहा हूं, इसलिए यह मेरे लिए आसान और मजेदार था। सानंद ने को-एक्टर विक्रांत मैसी और शनाया कपूर के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने बताया, विक्रांत बहुत ही पेशेवर और गंभीर अभिनेता हैं। उनके साथ काम करना शानदार रहा। शनाया ने अपनी डेब्यू फिल्म में कमाल किया। एक इमोशनल सीन में वह कट के बाद भी रोती रहीं, जो उनकी मेहनत और समर्पण को दिखाता है। वह विनम्र हैं और उनमें स्टार किड वाला कोई रवैया भी नहीं है। 'आंखों की गुस्ताखियां' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'द आइज हैव इट' से प्रेरित है। फिल्म में शनाया एक थिएटर आर्टिस्ट और विक्रांत एक ब्लाइंड म्यूजिशियन की भूमिका में हैं। यह रोमांटिक ड्रामा 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मैं आज भी आमिर खान सर के टच में हूं



फिल्म तारे जमीन पर में डिस्लेक्सिया बीमारी से पीड़ित बच्चे ईशान नंदकिशोर अवस्थी का रोल निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले दर्शील सफारी अब बड़े हो गए हैं और अपनी नई वेब सीरीज गेमरलोग को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दर्शील ने अपने करियर, पढ़ाई और आमिर खान के बारे में ढेर सारी बातें कीं।

दर्शील, आपकी पहली फिल्म तारे ज़मीन पर अब से 18 साल पहले साल 2007 में आई थी। आप अपनी पहली फिल्म से लेकर इस फिल्म तक के सफर के बारे में बताइए।

मेरा पूरा सफर किसी रोलर-कोस्टर से कम नहीं है। मेरा यह सोचना था कि मैं सबसे अनुभवी निर्देशकों के साथ काम कर पाऊं। मुझे शुरू से ही एक झिझक सी होती थी कि मैं एक ट्रेन्ड ऐक्टर नहीं हूं जिसने ऐक्टिंग सीखी हो। तो मुझसे जो भी डायरेक्टर कहते थे, मैं कर लेता था। लेकिन जो चीज़ें ऐक्टिंग को बनाती हैं, चाहे भीतर के इमोशन्स हों या इम्प्रोवाइजेशन, वह नहीं आ पा रही थी। और चूंकि मैंने कई दिग्गज़ों जैसे आमिर खान, अतुल कुलकर्णी, रॉनित रॉय जैसों के साथ काम कर लिया था, तो मैं सोचता था कि मैं वहां तक कैसे पहुंचूंगा। फिर मैंने अपने बोर्ड एग्जाम खत्म होने के बाद ब्रेक लिया और थिएटर जॉइन किया। यह सिलसिला कोविड महामारी तक चला और मैंने लगभग हर राज्य में परफॉर्म किया। इस चीज ने मुझे बदल दिया और सिखाया कि एक ऐक्टर क्या होता है। लेकिन कोविड में सबकुछ अचानक थम सा गया। इस दौरान मुझे लगा कि अब वेब सीरीज से बड़े पर्दे पर वापसी की जा सकती है। मैंने फिर ऑडिशन दिया गेमरलोग के लिए और मुझे चुन लिया गया। मैं मानता हूं कि अगर आप किसी चीज के लिए तैयार हैं, तभी वह आपके पास आती है।

एक ऐसा बैट्समैन जो पहली ही बॉल पर सिक्स मार दे, (दर्शील की डेब्यू फिल्म तारे जमीन पर सुपरहिट रही थी), उसके लिए बाकी चीजों को चेजं करना कितना मुश्किल होता है?

उसके लिए आइडिया यही है कि आपको आउट नहीं होना है। अगर आउट होते हो तो आगे की इनिंग्स का भी देखना है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि गेंद ही आपकी रेंज में आ जाती है। अब जब मैंने नेट पर खूब प्रैक्टिस की है, तो फिर से यह मौका आया है।

तब फिल्म के बाद आमिर खान के टच में थे?

बिल्कुल, मैं तो अभी तक आमिर खान सर के टच में हूं। बीच में थिएटर के समय थोड़ा सा गैप आ गया था। अभी गेमरलोग के लिए मैंने उन्हें अप्रोच किया तो उन्होंने मुझे घर बुलाया। हमने उनको भी गेमरलोग का ट्रेलर दिखाया और उनको काफी पसंद आया। इससे हमें भी प्रोत्साहन मिला।

आपको फिल्म तारे ज़मीन पर से पहचान मिली थी। क्या इसे संयोग ही कहा जाए कि इस समय आमिर खान की फिल्म सितारे ज़मीन पर भी सिनेमाघरों में है और आपकी गेमरलोग भी रिलीज हुई है।

बिल्कुल, ये कुदरत का कोई करिश्मा या ऊपर से लिखी हुई कोई कहानी लगती है। क्योंकि ऐसा कुछ प्लान नहीं था। हमारे इस शो की मेहनत बहुत सालों से चल रही है और फिर इसी टाइम पर पता नहीं कैसे रिलीज़ हो गई। एक बात अच्छी है कि दोनों प्रोजेक्ट्स को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और मेहनत रंग लाई। मैं एक चीज़ हमेशा मानता हूं कि ऑडियंस सबसे महत्वपूर्ण है और कॉन्टेंट ही किंग है। और आज के समय में हमारी ऑडियंस बहुत स्मार्ट हो चुकी है। तो यह जो हमारा शो है गेमरलोग, यह एक गेमिंग के लेंस के द्वारा जिंदगी की कहानी बताती है। इसमें गेमरलोग एक टीम है जो एक ई-स्पोर्ट्स कॉम्पिटीशन जीतना चाहती है।

आप गेमरलोग में काम कर रहे हैं। क्या आपने पहले कभी गेमिंग की है? और कैसा लगा इस सीरीज में काम करके?

हम सभी ने बहुत मेहनत, लगन, प्यार और पैशन से यह प्रोजेक्ट बनाया है। सभी लोग गेमिंग से कहीं न कहीं जुड़े हुए हैं। नीता मैम (लेखक-प्रड्यूसर) उतना प्रफेशनली नहीं खेलतीं, लेकिन फिर भी उनका बहुत सपोर्ट रहा। फिर लोगों का इतना प्यार आना और पहले ही चार दिन में हम टॉप 5 में आ गए थे, तो वह भी एक बहुत हॉर्ट वॉर्मिंग फीलिंग है। मैं बस यही आशा करता हूं कि ऑडियंस जो हमें रिस्पॉन्स दे रही है, वह देती रहे। ताकि हम भी ऐसा काम करते रहें। इससे हमें भी बहुत प्रोत्साहन मिलता है।



लॉर्ड्स में जो रूट ने जड़ा शतक, राहुल द्रविड़ का ये रिकॉर्ड तोड़ा

मैनचेस्टर (एजेंसी)। लीड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस दौरान इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने आखिरकार अपने फेवरेट वेन्यू में ये इंतजार खत्म कर दिया। ऐतिहासिक लॉर्ड्स स्टेडियम में जो रूट ने टीम इंडिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में एक यादगार शतक जमा दिया। ये रूट के टेस्ट करियर का 37वां शतक है और इसके साथ ही वो महान भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्टीव स्मिथ से आगे निकल गए।

लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू हुए तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बैटिंग के लिए उतरे रूट 99 रन पर नाबाद लौटे थे। ऐसे में हर किसी की नजरें इस पर थीं कि क्या वो दूसरे दिन अपना शतक पूरा कर पाते हैं या नहीं। लेकिन रूट ने नर्वस नाइंटीज की बाधा को पार किया और ये मुकाम हासिल कर लिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान रूट ने दिन की पहली ही गेंद पर चौका जमाते हुए अपना शतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही वो सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बल्लेबाजों में 5वें नंबर पर पहुंच गए।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जो रूट को पहले सेशन में ही क्रीज पर उतरना पड़ा था। सिर्फ 44 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद रूट ने ऑली पोप के साथ मिलकर पारी को संभाला और टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। फिर उन्हें कप्तान बेन स्टोक्स का साथ मिला और दोनों ने दिन का खेल खत्म होने तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया। हालांकि, दूसरे दिन रूट का शतक होने के बाद वह अपना विकेट गंवा बैठे।

जो रूट के नाम सबसे ज्यादा रिकॉर्ड

रूट के नाम अब 37 शतक हो गए हैं। उन्होंने इस तरह पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा स्टार स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ दिया है। दोनों के नाम 36-36 शतक हैं। इस तरह सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस, रिकी पोंटिंग और कुमार संगाकारा के बाद रूट सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले 5वें बल्लेबाज बन गए हैं।

ऋषभ पंत डॉक्टरों की निगरानी में, लॉर्ड्स में चोट के बाद जुरेल को मिली विकेटकीपिंग

लंदन (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कहा कि भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान अपने बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए जिसके बाद वह चिकित्सकीय टीम की निगरानी में हैं।

BCCI ने एक बयान में कहा कि पंत पर चिकित्सकीय टीम की निगरानी है और उनकी जगह ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीसीसीआई ने कहा, 'टीम इंडिया के उप-कप्तान ऋषभ पंत के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लगी है। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है और वे चिकित्सकीय टीम की निगरानी में हैं। ऋषभ की अनुपस्थिति में ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग कर रहे हैं।'

चोट लगने के बाद मैदान में दिए गए उपचार के बाद भी पंत को कोई फायदा नहीं हुआ और वह मैदान से बाहर चले गए जिनकी जगह ध्रुव जुरेल को भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे। पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद को लेग साइड में रोकने के लिए डाइव लगाने के बाद पंत दर्द से कराह रहे थे।

पंत गेंद पर हाथ लगाने में कामयाब रहे लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा क्योंकि भारतीय सहयोगी स्टाफ पंत के हाथ का उपचार करने के लिए मैदान में थे। लेकिन खेल फिर से शुरू होने पर वह विकेटकीपिंग करने में असमर्थ हो गए। अंत में बुमराह का ओवर समाप्त होने के बाद पंत मैदान से बाहर चले गए और जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली।

अंपायर से भिड़ गए कप्तान शुभमन गिल, जमकर हुई बहस

लॉर्ड्स (एजेंसी)। लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल को गुस्से में देखा जा सकता है। पहले सेशन में गिल के साथ ही तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अंपायर्स पर भड़कते दिख रहे हैं। इस दौरान की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं।

दरअसल, इंग्लैंड की पारी के 91वें ओवर में हुई, जब भारत दूसरे दिन के पहले घंटे के खेल के दौरान बेन स्टोक्स, शतकवीर जो रूट और क्रिस वोक्स को आउट करने के बाद मैच पर हावी था। 91वें ओवर की कुछ गेंदों के बाद जब दूसरी नई गेंद 10.4 ओवर पुरानी थी, गिल ने गेंद के आकार को लेकर शिकायत की। अंपायर पॉल रीफेल ने अपनी जेब से रिंग निकाली और गेंद टेस्ट में पास नहीं हुई। इससे गेंद में बदलाव का संकेत मिले, क्योंकि चौथे अंपायर बॉल बॉक्स लेकर आया। अंपायरों ने एक गेंद चुनी और गिल तुरंत उससे नाखुश हो गए।

उन्होंने अंपायर शरफुद्दौला से तीखी बहस की। गिल पीछे हटने को तैयार नहीं थे और लगातार शिकायत करते रहे, लेकिन उन्हें अपनी फील्डिंग पोजीशन पर वापस जाने को कहा गया ताकि खेल फिर से शुरू हो सके। सिराज अंपायर के पास गए और गेंद को देखा, उसके बाद स्टंप माइक पर उन्हें ये कहते सुना गया, ये 10 ओवर पुरानी गेंद हैं? सचमुच?

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे मैच में भी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

लॉर्ड्स (एजेंसी)। लंदन (ईएमएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांचवें और अंतिम मैच को भी जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले ही ये सीरीज जीत ली है। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। भारतीय टीम इस सीरीज में 3-1 से आगे हैं। इस मैच को जीतने के साथ ही उसकी बढ़त 4-1 हो जाएगी। भारतीय टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने संघर्ष करते दिखे हैं। इस सीरी में अब तक स्पिनरों ने 22 विकेट लिए हैं। राधा यादव और श्री चरणी ने इस सीरीज में जबरस्त प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर केवल एक मैच जीती

मेजबान इंग्लैंड की महिला टीम के लिए स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना आसान नहीं रहेगा। बल्लेबाजी में भारत की स्मृति मंधाना ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं हालांकि कप्तान कहरमनप्रीत कौर अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं हैं।।

वहीं इंग्लैंड के लिए कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के बिन परेशानी बढ़ गयी है। ब्रंट फिट नहीं होने के कारण बाहर हो गयी हैं। इससे उसका संतुलन गड़बड़ा गया है। उसके बल्लेबाजों में सोफिया डंकले ही केवल रन बना रही हैं। सलामी बल्लेबाज़ डंकले और डैनी वायट-हॉज अच्छी शुरुआत नहीं दे पायी हैं। उसका मध्यक्रम भी लड़खड़ा गया है। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने छह विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है पर उसने अन्य गेंदबाज फिसल हैं

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

इंग्लैंडः टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

टॉस हारने में सबसे आगे है भारतीय टीम

लॉर्ड्स ।भारतीय क्रिकेट टीम टॉस हारने के मामले में शीर्ष पर पहुंच गयी है।इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में टॉस हारने के साथ ही भारतीय टीम के नाम ये अनचाहा रिकार्ड दर्ज हो गया है।भारतीय टीम अब तक लगातार 13 टॉस हारी है।वहीं वेस्ट इंडीज की टीम 12 बार टॉस हारी थी।इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीनों मैचों में टॉस हारे हैं।भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 2025 में आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान टॉस जीता था।भारत के नाम सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड है।भारत 31 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025 तक कुल 13 मैचों में टॉस हारा है।

आईसीसी नियम के अनुसार जुरेल नहीं कर सकेंगे ऋषभ की जगह पर बल्लेबाजी

लॉर्ड्स (।यहां इंग्लैंड के खिलाफ जारी तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले ही दिन भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की अंगुली में चोट लग गयी जिसके बाद उनकी जगह पर विकेकीपिंग करने के लिए ध्रुव जुरेल मैदान पर उतरे।ऋषभ के अब इस मैच मे विकेटकीपिंग करने की संभावना नहीं है। ऐसे में जुरेल ही विकेटकीपिंग संभालेंगे।जुरेल इस मैच में केवल विकेटकीपिंग ही करेंगे बल्लेबाजी नहीं कर पायेंगे। इसका कारण आईसीसी का एक नियम है।आईसीसी के इस नियम के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसका सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी ना तो गेंदबाजी कर सकता है और ना बल्लेबाजी या कप्तानी अंपायरों की सहमति से वह विकेट कीपिंज जरूर कर सकता है।नियमों में आगे कहा गया है, केवल एक नामित खिलाड़ी ही बल्लेबाजी कर सकता है और.ऐसा तब भी कर सकता है, जब पहले एक सबस्टीट्यूट प्लेयर ने उसके लिए काम किया हो।

रोहित शर्मा से छिन सकती है वनडे टीम की कप्तानी, इस खिलाड़ी का नाम आ रहा सामने

नई दिल्ली (एजेंसी)।टेस्ट के बाद अब शुभमन गिल भारत की वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान बनने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस पद पर रोहित शर्मा हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार गिल 2027 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे और निकट भविष्य में यह पद संभालेंगे।रोहित कब तक अपनी जगह बनाए रख पाएंगे, यह स्पष्ट नहीं है। अन्य रिपोर्टों का दावा है कि गिल अक्टूबर में भारत तीन मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। दिसंबर 2024 में जब रोहित ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट से खुद को अलग कर लिया था जो भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनका आखिरी कार्यकाल भी था।इस बात की अटकलें तेज हो गई थी।उन्होंने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का नेतृत्व किया और भारत के लिए वनडे और टेस्ट खेलने की अपनी इच्छा बनाए रखी (उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया)।हालांकि इंग्लैंड टेस्ट टीम की घोषणा होने से पहले ऐसी खबरें आईं कि बीसीसीआई चयनकर्ताओं ने रोहित को टेस्ट कप्तानी से हटाने का फैसला किया है।इसके तुरंत बाद, इस सीनियर स्टार ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी। रोहित वनडे विश्व कप जीतना चाहते हैं और उन्होंने इसका जिक्र भी किया था।ऐसे में जब विश्व कप 2027 में है तो रोहित फिट रहना चाहेंगे ताकि 2023 संस्करण के निराशाजनक प्रदर्शन को बदला जा सके, जहां भारत अहमदाबाद में फाइनल में हार गया था।वहीं उनके साथी विराट कोहली का भी यही लक्ष्य है जो टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। गिल ने टेस्ट से पहले वनडे में खुद को स्थापित किया, और 2023 और 2024 में सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड में उनकी कप्तानी प्रभावशाली रही है, जिसमें अच्छे रणनीतिक फैसले और साथियों के साथ खुला संवाद शामिल है।

दो देशों के लिए खेल चुके पीटर मूर ने संन्यास की घोषणा की, 35 की उम्र में क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आयरलैंड के बल्लेबाज पीटर मूर ने 35 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने करियर को अलविदा कहने से पहले 85 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। हरारे में जन्मे मूर ने आयरलैंड जाने से पहले जिम्बाब्वे के साथ अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया था। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इसी साल फरवरी में बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में खेला था।

नवंबर 2014 में, मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान मूर ने जिम्बाब्वे के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उन्होंने 2016 में क्रमशः न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ अपना टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उनके 49 वनडे, 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 8 टेस्ट मैच ज़म्बिाब्वे के लिए खेले। उन्होंने अक्टूबर 2022 में आयरलैंड के लिए खेलने के लिए अर्हता प्राप्त की, क्योंकि उनकी नानी की आयरिश विरासत के कारण उनके पास आयरिश पासपोर्ट था। उन्हें पहली बार मार्च-अप्रैल 2023 में बांग्लादेश और श्रीलंका के टेस्ट दौरों के लिए आयरलैंड की टीम में चुना गया था। इसके बाद उन्होंने आयरलैंड के लिए सात टेस्ट मैच खेले।

पीटर मूर ने कहा, 'मुझे अब भी लगता है कि शीर्ष स्तर पर मेरे अंदर तीन या चार साल का अच्छा क्रिकेट खेलने का मौका है। भले ही पिछले कुछ सालों में मैं जिम्बाब्वे के लिए कुछ विश्व कप से चूक गया हूं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मैं अगले विश्व कप में आयरलैंड के लिए खेल सकूंगा।' हालांकि मूर ने आयरलैंड के लिए कभी कोई वनडे या टी20 मैच नहीं खेला। वहां जाने के बाद उनका टेस्ट प्रदर्शन भी गिर गया, जिम्बाब्वे के लिए आठ टेस्ट मैचों में उनका औसत 35.53 रहा जिसमें 5 अर्धशतक शामिल थे, लेकिन आयरलैंड के लिए उनका औसत केवल 14.35 रहा जिसमें एक अर्धशतक शामिल था।

आयरलैंड के लिए उनका एकमात्र अर्धशतक जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत में आया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 85 मैचों में इस बल्लेबाज ने 22.91 की औसत से 11 अर्धशतकों के साथ 1925 रन बनाए। मूर दो अलग-अलग देशों के लिए टेस्ट मैच खेलने वाले 17 क्रिकेटरों में से एक के रूप में संन्यास लिया।

योगराज बोले गंभीर अच्छा काम कर रहे, सीरीज जीतेगी भारतीय टीम

चंडीगढ़ ।पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा है कि भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर अच्छा काम कर रहे हैं।इसलिए उनकी आलोचना न करें।योगराज के अनुसार गंभीर के मार्गदर्शन और शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम इस सीरीज में जरुर जीतेगी।दोनो ही टीमें अभी सीरीज में 1–1 से बराबरी पर हैं।अपने विवादास्पद बयानों के लिए चर्चाओं में रहने वाले योगराज ने कहा, भारतीय खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर अपना खेल सुधार रहे हैं।हमें हमेशा उनका समर्थन करना चाहिए।इसके अलावा गंभीर को लेकर भी नकारात्मक टिप्पणी नहीं करनी चाहिये क्योंकि वह अच्छा काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा, गंभीर, युवराज सिंह और राहुल द्रविड़ अब क्रिकेट को अपनी तरफ से दे रहे हैं क्योंकि क्रिकेट से उन्हें बहुत कुछ मिला है।अब अगर हमारी टीम सीरीज हारती भी है तो भी हमें उनका समर्थन करन चाहिए।योगराज ने उम्मीद जताई है कि टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में बेहतर करेगी।उन्होंने कहा, अगर आप हारते हैं तो आपको सफाई नहीं देना है; अगर आप जीतते हैं तब भी आपको कुछ समझाने की जरूरत नहीं है।हमें उम्मीद है कि हम शुभमन गिल की कप्तानी में सीरीज जीतेंगे।इससे पहले गंभीर का कोच के तौर पर रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को उनके कोच रहते पहले न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी ही धरती पर हार का सामना करना पड़ा है। वहीं अब इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की शुरुआत टीम रही है और टीम ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है।युवा कप्तान शुभमन गिल ने जिस आत्मविश्वास से कप्तानी की है उससे उनके बढ़े हुए मनोबल का अंदाजा होता है।

भारत को नीतीश को टीम में बनाए रखना चाहिए : अनिल कुंबले

लंदन।पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन दो विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने जियोस्टार से कहा, 'मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की।उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, 'नीतीश ने आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था तथा शतक लगाया था। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी भले ही उन्हें ज्यादा विकेट नहीं मिले थे। टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों को राहत देने और साझेदारी तोड़ने के लिए उनके जैसे गेंदबाज की जरूरत होती है।' इस दिग्गज लेग स्पिनर ने आगे कहा, 'उन्होंने एक स्पेल में लगभग 14 ओवर फेंके जिससे उनकी फिटनेस और गेंदबाजी पर नियंत्रण का पता चलता है।वह युवा हैं।अच्छे बल्लेबाज हैं और शतक लगा चुके हैं।वह अच्छे क्षेत्र रक्षक ही हैं।भारत को उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए और बदलाव करने के प्रलोभन से बचना चाहिए।'

विंबलडन 2025 : वर्बीक और सिनियाकोवा ने रचा इतिहास, जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

लंदन।चेक गणराज्य की कैटेरीना सिनियाकोवा और नीदरलैंड्स के सेम वर्बीक ने गुरुवार (स्थानीय समयानुसार) को विंबलडन 2025 का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम कर लिया।फाइनल मुकाबले में उन्होंने ब्रिटेन के जो सालिसबरी और ब्राज़ील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 7–6(3), 7–6(3) से हराया।सेंटर कोर्ट पर घरेलू खिलाड़ी सालिसबरी और उनकी जोड़ीदार स्टेफनी के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में चेक–डच जोड़ी ने संयम और आत्मविश्वास का परिचय दिया। दूसरे सेट में स्टेफनी को पैर में परेशानी भी नजर आई, जिसका असर उनकी मूवमेंट पर पड़ा।जीत का आखिरी बिंदु कैटेरीना सिनियाकोवा के ओवरहेड स्मैश के साथ आया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने खिताबी जीत का जश्न मनाया।यह दोनों की एक साथ पहली खिताबी जीत है।जहां सिनियाकोवा का यह पहला मिक्स्ड डबल्स ग्रैंड स्लैम खिताब है, वहीं 31 वर्षीय वर्बीक के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।खिताब जीतने के बाद 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने कहा, 'यह बहुत खास है।इस टूर्नामेंट में खेलकर और जीतकर बहुत मज़ा आया।यह एक शानदार अनुभव था।'

टेनिस खिलाड़ी बेटी को पिता ने मारी गोलियां, अकादमी चलाने से नाराज था, लोग कसते थे तंज

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम में एक पिता ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका राधिका यादव एक टेनिस खिलाड़ी थी। पिता दीपक यादव ने अपनी बेटी पर 5 गोलियां चलाई जिनमें से तीन उसे लगीं। पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला गुरुग्राम के सुशांत लोक फेज 2 का है।

पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी बेटी की हत्या इसलिए की क्योंकि वह अपनी बेटी द्वारा टेनिस अकादमी चलाने से नाराज था और लोग उस पर फब्तियां कसते थे कि वह उसकी कमाई पर गुजारा कर रहा है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि पिता अपनी पुत्री के इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने से पसेशान था। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक फोन आया था कि गोली लगने से घायल एक महिला को अस्पताल में मृत लाया गया है। पुलिस मृतक के घर गई और पाया कि वह एक टेनिस अकादमी चलाती थी और उसके पिता ने उसे गोली मार दी थी।

उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और प्रारंभिक जांच के दौरान उसने अपनी बेटी की हत्या करना कबूल कर लिया। शिकायत आरोपी के भाई ने दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि दीपक अपनी बेटी द्वारा टेनिस अकादमी चलाने से नाराज था और उसे अकादमी बंद करने के लिए मजबूर कर रहा था। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान दीपक ने बताया कि उसकी बेटी ने कंधे में चोट लगने के बाद एक अकादमी खोली थी। जब भी वह वजीराबाद स्थित अपने गांव जाता था, तो लोग उसकी बेटी की कमाई पर गुजारा करने के लिए उस पर ताने कसते थे जिससे उसकी गरिमा को ठेस पहुंचती थी।

दीपक ने बताया कि उसने अपनी बेटी से अकादमी बंद करने को कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया, जिससे वह नाराज हो गया। आज, उसने कथित तौर पर अपनी रिवॉल्वर निकाली और उसे गोली मार दी। आरोपी के भाई ने अपनी शिकायत में कहा, %सुबह करीब 10 बजे, मुझे एक तेज आवाज सुनाई दी और जब मैं पहली मंजिल पर गया, तो मैंने अपनी भतीजी (राधिका) को रसोई में और बंदूक को ड्राइंग रूम में पड़ा देखा। मैं और मेरा बेटा उसे एशिया मारिंगो अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' आरोपी के भाई ने कहा, 'मेरा भाई .32 बोर की रिवॉल्वर इस्तेमाल करता था, और वह उसी की थी।'

राधिका राष्ट्रीय स्तर की टेनिस खिलाड़ी थीं और उन्होंने कई प्रतियोगिताएं जीती थीं। 25 वर्षीय पीड़िता की गुरुग्राम सेक्टर-57 स्थित उसके घर में सुबह करीब 10 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसके पिता द्वारा इस्तेमाल की गई बंदूक जब्त कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

पटरी से उतरी मालगाड़ी, मुंबई-पुणे रेल यातायात हुआ बाधित

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई-पुणे रेलमार्ग के खंडाला घाट पर मंकी हिल के पास एक मालगाड़ी के डिब्बे के पहिए उतर जाने से मुंबई से पुणे जाने वाला रेल यातायात बाधित हो गया है। खबर है कि पुणे जाने वाली एक मालगाड़ी के सुरक्षा गार्ड के डिब्बे के पहिए उतर जाने से घाट पर पुणे की ओर जाने वाला यातायात रोक दिया गया है। इसके कारण चेन्नई एक्सप्रेस, जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस, दिल्ली जयपुर एक्सप्रेस ट्रेनें देरी से चल रही हैं। जबकि अन्य ट्रेनों को दूसरे रूट पर डायवर्ट किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा, कर्जत और पलसधरी मार्गों पर मुंबई से पुणे जाने वाली मेल, एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनें और मालगाड़ियां रोक दी गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्जत और लोनावला के बीच एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके कारण मुंबई से पुणे जाने वाला यातायात बाधित हो गया है। रेल प्रशासन ने जानकारी दी है कि यातायात को सामान्य करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। पटरी से उतरे ट्रेन के डिब्बे को जल्द ही पटरी पर लाया जाएगा और यातायात बहाल किया जाएगा। ज्ञात हो कि मुंबई-पुणे रेल मार्ग पर प्रतिदिन लाखों यात्री यात्रा करते हैं। कई लोग नियमित रूप से मुंबई से पुणे आते-जाते हैं। कई लोग काम के सिलसिले में प्रतिदिन इस मार्ग से यात्रा करते हैं। इसलिए, मुंबई-पुणे रेलमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

इंफाल (एजेंसी)। बांग्लादेश के दो नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने के आरोप में मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले से गिरफ्तार किया गया है। सीमा सुरक्षा बल और मेघालय पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। शिलांग के पास मावलाई बाईपास पर गुवाहाटी जा रही एक कार को रोका गया, जिसमें सवार सभी से पूछताछ की गई। पूछताछ में दो बांग्लादेशी नागरिक वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ पाए गए। इसके अलावा सीमा पार में उनकी मदद करने वाले दो और लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। चारों की गुवाहाटी जाने की योजना थी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस घटना से सीमा सुरक्षा में सतर्कता बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया है।

खूंटी में धंस गया पुल, अब जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे बच्चे

खूंटी (एजेंसी)। बारिश के कारण देश के कई राज्यों से पुल टूटने और कई सड़कें धंसने की खबर सामने आई। कुछ ऐसा ही हादसा हाल ही में झारखंड के रांची के पास खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर पेलौल गांव के पास बनई नदी पर बना पुल तेज बारिश में धंस गया था। पुल का एक पिलर झुकने से स्लैब करीब 20 फीट नीचे चला गया है, जिसके चलते लोगों को बांस की सीढ़ी लगानी पड़ी थी। लोग अब इस बांस की सीढी के सहारे चढ़कर पुल पार कर रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने के लिए जान जोखिम उठाना पड़ रहा हैं, क्योंकि स्कूल जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। अब इसका वीडियो वायरल हो गया है। बता दें पिछले दिनों बनई नदी पर बना ये पुल तेज बारिश के कारण धंस गया था। इस ब्रिज के टूटने से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया। स्कूल प्रबंधन ने बसें बंद कर दी, जिसके कारण बच्चों को टूटे पुल से जाना पड़ता है। बताया जा रहा है कि बारिश के बावजूद भी बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बच्चों के माता-पिता अपने निजी वाहन से बच्चों को धंसे पुल तक लाते हैं और यहां से बच्चों को 20 फीट की बांस की सीढी के सहारे नीचे उतारा जाता है। ऐसा रोज होता है। बारिश के कारण सीढ़ी बहुत फिसलन भरी और खतरनाक हो चुकी है। कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी पीठ पर लादकर सीढ़ी से ऊपर चढ़ते हैं और नीचे उतरते हैं। बांस की सीढ़ी के सहारे पुल पार करना आसान नहीं है। इसमें जान जाने का खतरा है।

स्टंटबाजी करते समय कार 300 फीट खाई में गिरी, बच गई युवक की जान

मुंबई (एजेंसी)। स्टंटबाजी के मामले आए दिन सुनने और देखने को मिल रहे हैं। अब ऐसा ही स्टंटबाजी का मामला महाराष्ट्र के गुजरवाडी इलाके में स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल टेबल पॉइंट का है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। जहां एक युवक कार से स्टंट करते नजर आ रहा है और स्टंट के दौरान युवक की कार का बैलेंस बिगड़ जाता है और कार करीब 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही आस-पास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और गहरी खाई में गिरी कार से युवक को निकलने की कोशिश करने लगी। काफी देर की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि टेबल पॉइंट पर कोई सुरक्षा रेलिंग या सुरक्षा के इंतजाम नहीं है, जिसके चलते आए दिन इस तरह के हादसे होते हैं। पहले भी इस क्षेत्र में कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। बता दें टेबल पॉइंट सतारा जिले का एक लोकप्रिय टूरिस्ट प्लेस है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। यह जगह खासकर के युवाओं और टूरिस्ट के बीच लोकप्रिय है, जो ज्यादातर यहां पर रील्स बनाने आते हैं, लेकिन इस जगह पर सुरक्षा सुविधाओं की कमी है, जिसके चलते आए दिन घटनाएं होती हैं।

मॉनसून सत्र छोड़कर दिल्ली पहुंचे शिंदे, अमित शाह से की मुलाकात

-कांग्रेस ने कहा- कैबिनेट में गैंगवार से बचने दिल्ली दरबार में गए गुहार लगाने

नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू हो गया है और इस बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे उसे छोड़कर दिल्ली पहुंच गए। वह बुधवार को दिल्ली आए और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके अलावा उनकी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की खबरें सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चर्चा यह है कि आखिर एकनाथ शिंदे दिल्ली जाकर बड़े नेताओं से क्यों मिले हैं। कांग्रेस ने इसे महायुति में टकराव से जोड़ा है और उसका कहना है कि कैबिनेट में गैंगवार चल रहा है। इससे बचने के लिए ही वह दिल्ली दरबार में गुहार लगाने पहुंचे।

कांग्रेस विधायक नाना पटोले ने कहा कि एकनाथ शिंदे राज्य कैबिनेट में चल रही गैंगवार से बचने दिल्ली गए हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी इस यात्रा को अहम मान रहे हैं क्योंकि उद्धव सेना और राज ठाकरे की मनसे के बीच एकता स्थापित हो रही है और दोनों ने मराठी भाषा के स्वाभिमान के नाम पर साझा रैली की है। ऐसी स्थिति में मराठा के नाम पर राजनीति करने वाली एकनाथ शिंदे की शिवसेना को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि इस पर मंत्रणा के लिए एकनाथ शिंदे दिल्ली आए थे।

चर्चाएं हो रही हैं कि राज्य में होने वाले आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में ठाकरे बंधु एक साथ आ सकते हैं। इससे चुनावी मूड में बीजेपी भी सतर्क है। बताया जा रहा है कि बीजेपी ने एक आंतरिक सर्वेक्षण कराया है कि अगर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक साथ आते हैं तो महाराष्ट्र में एनडीए को कितना नुकसान होगा। समझा जाता है कि अमित शाह और शिंदे के बीच इस मामले पर बात हुई है। इसके अलावा शिंदे ने सरकार को लेकर भी अपनी कुछ चिंताएं जताई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी की तरफ से भी कुछ कहा नहीं गया है।

यह भी चर्चा है कि यदि ठाकरे बंधुओं को चैलेंज दिया गया तो मराठी वोटर्स का रिएक्शन क्या होगा। शिंदे की पार्टी भी इसे लेकर चिंतित है। यही वजह है कि मनसे की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन में एकनाथ शिंदे सेना के नेता प्रताप सरनाइक पहुंचे थे। यही नहीं उन्होंने मनसे के लोगों की गिरफ्तारी पर भी ऐतराज जताया था।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता की हत्या, पहले गोली मारी फिर धारदार हथियार से किया हमला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल से आए दिन हिंसा और आगजनी की खबरें आ रहीं हैं। गुरुवार देर रात यहां एक टीएमसी नेता की बेहरमी से हत्या कर दी गई। दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता रज्जाक खान की बेरहमी से हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने रज्जाक खान पर पहले गोली चलाई और फिर धारदार हथियार से हमला कर उनकी जान ले ली। इस घटना ने इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि खान पर हमला उस समय हुआ जब वह सिरिस्ताला के पास अपने घर लौट रहे थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, खान पर भांगर बाजार से मारीचा लौटते समय एक नहर के पास घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने पहले उन पर गोली चलाई और फिर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। काशीपुर पुलिस स्टेशन को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। कोलकाता पुलिस के बयान के अनुसार, कल रात करीब 9-45 बजे, चक मारीचा गांव, चाल्टाबेरिया ग्राम पंचायत के निवासी राज्जाक खान पर उत्तर काशीपुर थाना क्षेत्र के सिरिस्ताला के पास कुछ लोगों ने हमला किया, जब वह घर लौट रहे थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। कैनिंग पूर्व के विधायक सौकत मोल्ला ने दावा किया कि इस हमले के पीछे आईएसएफ समर्थित असामाजिक तत्वों का हाथ है और उन्होंने तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की।

महाराष्ट्र में एनडीए सरकार के होते हिंदुओं का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता

-मंत्री नितेश राणे ने राज ठाकरे को भी दिया चैलेंज

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा है कि महाराष्ट्र में एनडीए सरकार होते हुए हिंदुओं को कोई नहीं डरा सकता। हम हिंदुओं के चौकीदार हैं। हम भी यहां खड़े हुए हैं। राणे ने शुक्रवार को मुंबई के बोरीवली में एक परियोजना का भूमिपूजन करने के बाद कहा की हमारी सरकार रहेगी, तभी देवताओं की रक्षा होगी। मुंबई का डीएनए हिंदू है और अब नगर निगम में सिर्फ भगवा झंडा ही रहेगा।

उन्होंने कहा कि मैं हिंदुओं के वोट से विधायक बना हूं। अगर मैं हिंदुओं की बात नहीं करूंगा तो किसकी करूंगा? मालवणी जाकर देखो, पहले वो कुछ दे भाऊ कहेंगे, फिर वही लोग तुम्हें बाप बनाने की कोशिश करेंगे। ये सांप हैं। बाद में मीडिया से बात करते हुए नितेश राणे ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे चैलेंज किया। मीरा रोड में राज ठाकरे की सभा पर राणे ने कहा कि सभी मदरसों से उर्दू हटाकर वहां मराठी अनिवार्य करो, तभी हमें यकीन होगा कि आपको महाराष्ट्र और मराठी से सच्चा प्यार है। सिर्फ दिखावटी मराठी बोलकर ढोंग करने की कोशिश मत करो, सबको सब समझ में आता है। राणे ने यह भी कहा कि जो मुस्लिम भाई राज ठाकरे की सभा में आए, अगर वाकई मराठी से प्रेम है तो अजान मराठी में शुरू करें। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे पर नितेश राणे ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राउत और ठाकरे एक होकर लड़ने का नाटक कर रहे हैं, लेकिन जनता मातोश्री की नहीं और कलानगर की नहीं, हमारे साथ है। महाराष्ट्र की जनता ने हमें 10 महीने पहले वोट दिया है। हमें पाकिस्तान की जनता ने नहीं चुना।

बेंगलुरु नगर पालिका रोज आवारा कुत्तों को तीन लाख का खिलाएगी चिकन-चावल

-बीबीएमपी का उद्देश्य कुत्तों के आक्रामक व्यवहार पर काबू पाना

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक सरकार टैक्सपेयर्स के पैसों से कुत्तों को चिकन चावल खिलाने की तैयारी कर रही है। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने करीब 2.9 करोड़ रुपए की अभूतपूर्व पहल शुरू करने जा रही है। इसमें आवारा कुत्तों के लिए रोज भोजन योजना शुरू की जाएगी। बीबीएमपी का उद्देश्य कुत्तों के आक्रामक व्यवहार पर काबू पाना और जन सुरक्षा को मजबूत करना है। इस पहल की शुरुआत बेंगलुरु शहर के आठ क्षेत्रों में 5,000 आवारा कुत्तों को खिलाने से शुरू होगी। नगर निगम ने बताया कि प्रतिदिन 367 ग्राम का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नगर निगम ने बताया कि कुत्तों को कैलोरी संतुलित खाना खिलाया जाएगा, जो एक सामान्य 15 किलोग्राम के कुत्ते की पोषण संबंधी जरुरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया है। 22.42 रुपए की थाली में 150 ग्राम चिकन, 100 ग्राम चावल, 100 ग्राम सब्जियां, 10 ग्राम तेल है। इससे 465-750 किलो कैलोरी ऊर्जा मिलेगी। नगर निगम ने बताया कि बेंगलुरु में करीब 2.8 लाख आवारा कुत्ते हैं। बीबीएमपी प्रत्येक क्षेत्र में 400 से 500 कुत्तों को खिलाने के लिए वेंडर्स को शामिल करेगा, जो हरेक क्षेत्र में 100 से 125 जगहों पर खाना उपलब्ध करेंगे।

रिपोर्ट में बीबीएमपी के एक अधिकारी ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत में किसी नगर निकाय ने आवारा पशुओं को सामूहिक भोजन देने की योजना बनाई गई है। यह सिर्फ एक कल्याणकारी कदम नहीं है- यह एक सुरक्षा पहल है। सरकार की इस कदम पर लोगों ने अपनी-अपनी राय दी। एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट ने इस योजना की तारीफ की है। वहीं, आलोचकों ने कुत्तों की नसबंदी करके उनकी आबादी पर लगाम लगाने के बजाय, उनके खाने-पीने के लिए करोड़ों रुपए के सरकारी धन के आवंटन की समझदारी पर सवाल उठाए हैं।

बेंगलुरु के जयनगर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि पिछले हफ्ते ही मेरे बुजुर्ग पिता के पीछे आवारा कुत्ते पड़ गए थे वह किसी तरह बचकर घर आए। चिकन राइस पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बजाय, बीबीएमपी को पहले कुत्तों की नसबंदी और उनकी आबादी नियंत्रित करने पर ध्यान देना चाहिए। खाना खिलाना कोई समाधान नहीं है। हुलीमावु के रहने वाले एक शख्स ने तर्क दिया कि यह एक स्वागत योग्य कदम है।



हममें से कई लोग पहले से ही अपने पैसों से आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं। बीबीएमपी मदद के लिए आगे आ रहा है, तो इससे बदलाव आएगा। बशर्ते यह काम जिम्मेदारी से और भ्रष्टाचार के बिना किया जाए।

पहले हरियाणा अब हिमाचल प्रदेश में भूकंप से हिली धरती

शिमला (एजेंसी)। हरियाणा के बाद अब हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश के बीच भूकम्प के झटके लगे हैं। पर्वतीय जिला चम्बा में शुक्रवार सुबह भूकम्प के हल्के झटकों से धरती हिली। भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 रही। ये झटके सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर कुछ सेकंड तक रहे। इसका असर चम्बा जिला व आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। बता दें कि हिमाचल प्रदेश भूकम्प की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन 4 व 5 में शामिल है। यहां कई वर्षों से भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए जाते रहे हैं। वर्ष 1905 में कांगड़ा व चम्बा जिलों में आये विनाशकारी भूकंप से 10 हज़ार से अधिक लोग मारे गए थे।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकम्प का केंद्र चम्बा में 32.36 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.18 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों के कारण किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भूकम्प की तीव्रता कम होने की वजह से चम्बा जिला व साथ लगते क्षेत्रों में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। इससे पहले भी चम्बा जिला में कई बार कम तीव्रता के भूकम्प के झटके लग चुके हैं। हालांकि किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था। हिमाचल प्रदेश में पिछले कई सालों से भूकम्प के झटके लग रहे हैं। भूकंप का लगातार आना लोगों को दहशत में डाल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आगामी 16 जुलाई तक राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। राजधानी शिमला सहित अन्य इलाकों में आज बादल छाए हैं, हालांकि बीती रात बारिश हुई।

केरल में खड़ा ब्रिटिश एफ-35 विमान, अगले हफ्ते भरेगा उड़ान!

-ब्रिटिश इंजीनियरों की टीम हाइड्रोलिक खराबी को ठीक करने में जुटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले 27 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फंसा ब्रिटेन का एफ-35बी लड़ाकू विमान अगले हफ्ते वापस जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले सप्ताह तक इसकी मरम्मत पूरी हो सकती है। एक भारतीय अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश इंजीनियरों की एक टीम हाइड्रोलिक खराबी को ठीक कर रही है। उम्मीद है कि कुछ दिनों में विमान उड़ान भर सकेगा।

बता दें केरल में फंसा ब्रिटेन का यह फाइटर जेट पांचवीं पीढ़ी का विमान है। इसकी कीमत 115 मिलियन यूएसडी से भी ज्यादा है। 14 जून से यह विमान केरल के एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। खराब मौसम और कम ईंधन के कारण इसे रॉयल नेवी के विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स से हटा दिया गया था। यह फाइटर प्लेन अरब सागर के ऊपर एक अभ्यास कर रहा था, तभी उसे केरल में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी।

फाइट जेट के अचानक रुकने से कई तरह के मीम और मजाक बनने लगे थे। केरल के पर्यटन विभाग ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी थी। एक एआई-जनरेटेड पोस्ट में विमान नारियल के पेड़ों से घिरा हुआ दिखाया गया था। इस मीम में लिखा था कि केरल एक शानदार जगह है, मैं यहां से जाना नहीं चाहता। राज्य के पर्यटन विभाग के प्रमुख ने कहा था कि यह ब्रिटेन के लोगों को धन्यवाद कहने का एक तरीका था। दरअसल, केरल में सबसे ज्यादा ब्रिटिश पर्यटक ही आते हैं। एक और कार्टून में विमान को स्थानीय स्नैक्स खाते हुए दिखाया गया था।

शुरुआत में फाइटर जेट को एयरपोर्ट के बे 4 पर खड़ा किया गया था। सीआईएसएफ के जवान इसकी रखवाली कर रहे थे। कई हफ्तों तक बारिश में भीगने के बाद इसे 6 जुलाई को हैंगर में खड़ा किया गया। इस बीच ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के विशेषज्ञ एयरबस ए400एम एटलस विमान से केरल पहुंचे।

उदयपुर फाइल्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज कांवड़ यात्रा तक रोकने की मांग वाली याचिका को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद फिल्म की रिलीज से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई से इंकार कर याचिका को खारिज कर दिया।

दरअसल उदयपुर फाइल्स फिल्म शुक्रवार को ही रिलीज होनी थी। यह कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित है। 28 जून, 2022 को उदयपुर में मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने मिलकर दर्जी कन्हैयालाल का गला रेत दिया था। इस हत्याकांड के बाद पूरे देश में आक्रोश देखा गया था।

हालांकि इस फिल्म की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अस्थायी रूप से रोक लगाई। यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक केंद्र फिल्म को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका पर निर्णय नहीं ले लेती।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ मामले में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में एक याचिका जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने भी दायर की थी। उन्होंने फिल्म को मिले सीबीएफसी (केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड) प्रमाणन को रद्द करने की मांग की थी। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फिल्म पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह निर्माता को सुनवाई का मौका देकर एक सप्ताह के भीतर पुनर्विचार याचिकाओं पर निर्णय ले। यदि याचिका में अंतरिम राहत की मांग की गई हो, तब उस पर भी विचार कर निर्णय लिया जाए।

छांगुर बाबा को मुस्लिम देशों से हुई 500 करोड़ की फंडिंग... हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण करने के लिए

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) ने शुक्रवार को सनसनीखेज खुलासा किया है। एटीएस ने बताया कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को बीते तीन सालों में करीब 500 करोड़ का विदेशी फंड प्राप्त हुआ। इसमें से 200 करोड़ की रकम आधिकारिक बैंकिंग माध्यमों से भारत पहुंची, जबकि 300 करोड़ अवैध हवाला चैनलों के माध्यम से नेपाल से भारत लाए गए। ये पैसे मुस्लिम देशों से आया। भारत में धर्मांतरण करवाने के इरादे से ये पैसे छांगुर बाबा को भेजा गया।

एटीएस की जांच में सामने आया है कि काठमांडू, नवलपरासी, रूपनदेही और बांके जैसे सीमावर्ती जिलों में 100 से अधिक बैंक खाते खुले, जिसमें पैसे जमा किए गए। ये फंड पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्की जैसे मुस्लिम बहुल देशों से आए थे। इन खातों से पैसा नेपाल में स्थानीय एजेंटों के माध्यम से भारत पहुंचाया गया। एजेंट इसके एवज में 4-5 प्रतिशत कमीशन लेते थे। कई बार पैसे कैश डिपॉजिट मशीन के जरिए जमा किए गए।

नेपाल से भारत आने के बाद फंड को बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर जैसे जिलों में स्थानीय मनी एक्सचेंजर्स के माध्यम से भारतीय रुपये में बदल दिया जाता था। बिहार के मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्णिया, किशनगंज, चंपारण और सुपौल जिलों के एजेंट भी अवैध फंडिंग नेटवर्क में शामिल पाए गए हैं।

एटीएस के अनुसार, सबसे अधिक विदेशी फंडिंग अयोध्या जिले में पहुंची, जहां कथित तौर पर हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण हुआ। छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों से जुड़े 40 बैंक खातों की जांच शुरू हो चुकी है।

जांच के दौरान नवीन रोहरा के छह बैंक खातों में 34.22 करोड़ और नसरीन के खातों में 13.90 करोड़ मिलने की पुष्टि हुई है। एटीएस ने पिछले 10 वर्षों के आयकर रिकॉर्ड भी मांगे हैं। यह भी शक जताया जा रहा है कि छांगुर बाबा के दुबई, शारजाह या यूएई में भी बैंक खाते हो सकते हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

वहीं बलरामपुर स्थित छांगुर बाबा का 5 करोड़ की लागत से बना बंगला जमीनदोंज कर दिया गया है। यह बंगला सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बना हुआ था। 40 कमरों वाले महलनुमा मकान में मार्बल का सुरक्षा गेट, विदेशी फर्नीचर, सीसीटीवी कमांड रूम और आधुनिक सुविधाएं थीं। बंगले को गिराने के लिए 10 बुलडोजर तैनात किए गए और तीन दिन की कार्रवाई में यह जमींदोज किया गया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**